শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 261 | गुवाहाटी | बुधवार, 19 अप्रैल, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

डिमापुर से दो अपहृत व्यापारी सकुशल बरामद, अपहर्ता फरार पेज 3
रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच नाटो देशों के साथ फ्रांस में भारत कर रहा हवाई युद्धाभ्यास पेज 4
उप्र के कलंक को हमारी सरकार ने मिटाया : आदित्यनाथ पेज 5
डिब्रूगढ़ जेल में बंद अमृतपाल के साथियों से मिल सकेंगे उनके परिजन, कोर्ट ने दी मंजूरी पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344

सुप्रभात

दुर्जनों के साथ भलाई करना सज्जनों के साथ बुराई करने के समान है।

– **सादी**

मणिपुर में सीएम के खिलाफ बगावत, दो का इस्तीफा

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से उनके ही पार्टी के कार्यकर्ता नजर आ रहे है। जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में उनकी कार्यशैली को लेकर लगातार अंसोतष की आवाज उठ रही है, कई कार्यकर्ता उनके रवैये को लेकर नाराजगी जता चुके है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पिछले पांच दिनों में भाजपा के दो विधायक थोकचोम राधेश्याम और करम श्याम ने इस्तीफा दे दिया है। उनका कहना है कि उनकों उनके पद से जुड़ा काम नहीं दिया जा रहा है। वहीं पार्टी सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार भाजपा के कुछ विधायक पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से मिलने दिल्ली पहुंचा हैं। जानकारी के अनुसार ये सभी सीएम से नाराज है। ये सभी विधायक नेतृत्व में बड़ा फेरबदल चाहते हैं और मंत्रिमंडल में भी फेरबदल की मांग कर रहे हैं। वहीं आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पूर्व आईपीएस अधिकारी राधेश्याम ने हाल में ही 14 अप्रैल को सीएम के सलाहकार पद से इस्तीफा दे दिया है, जबकि विधायक करम श्याम ने मणिपुर पर्यटन निगम के प्रमुख पद से दिया इस्तीफा दे दिया है। ये दोनों सीएम सिंह के नेतृत्व वाली पिछली सरकार में मंत्री थे। वहीं इस मामले भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष चिदानंद सिंह ने कहा कि हमें इस मामले की अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है कि कितने दिल्ली गए है। या वहां जाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्टों के अनुसार 10 से 12 भाजपा विधायक अभी दिल्ली में हैं। लेकिन मेरी जानकारी के अनुसार उनमें से कई विधायक इंफाल में हैं। बेशक कुछ विधायक दिल्ली में हैं, लेकिन वो केंद्रीय नेतृत्व से पार्टी के संदर्भ में बात करने गए थे। आपको बता दें पिछले साल मार्च में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 60 सीटों में से 32 सीटें जीते थी। जिसके बाद एन बीरेन सिंह को दूसरी बार सीएम की जिम्मेदारी मिली थी।

कामाख्या कॉरिडोर की रूपरेखा काशी विश्वनाथ और महाकाल की तरह ही : मुख्यमंत्री



गुवाहाटी, 18 अप्रैल (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और मध्य प्रदेश के महाकाल कॉरिडोर की तर्ज पर असम की राजधानी गुवाहाटी स्थित मां कामाख्या कॉरिडोर बनाए जाने की असम सरकार ने रूपरेखा तैयार कर ली है। इसकी जानकारी आज (मंगलवार को) मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल नेटवर्किंग साइट ट्वीटर पर एक वीडियो ट्वीट कर दी है। शक्तिपीठ मां कामाख्या धाम की प्रसिद्धी सिर्फ असम ही नहीं, बल्कि पूरे देश एवं विश्व में फैली हुई है। लाखों की संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालु यहां अपनी मनोकामना पूरा होने की चाहत से पूजा-अर्चना *-शेष पृष्ठ दो पर*

अरुणाचल से असम के 13 युवकों को निकाला

गुवाहाटी। नौकरी के लिए अरुणाचल प्रदेश गए असम के 13 युवकों को अरुणाचल पुलिस ने कथित तौर पर बाहर निकाल दिया था। युवाओं को चांगलांग जिले में ओआईएल के तहत अग्निशमन सेवाओं में काम करने के लिए भर्ती किया गया था। हालांकि, उन्हें बिना किसी स्पष्ट कारण के राज्य से बाहर कर दिया गया था। असम के तिनसुकिया जिले के काकोपाथर में इस घटना का विरोध शुरू हो गया है। कथित बेदखली के विरोध में विरोध दलों और विभिन्न संगठनों ने दिराक गेट पर सड़क जाम कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, टीम ने अपना सामान पीछे छोड़ दिया और अपनी जान के डर से भाग गई। युवकों के परिजनों ने उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता और आशंका जताई है।

असम-अरुणाचल सीमा विवाद का निपटारा अमित शाह की मौजूदगी में जल्द

गुवाहाटी। असम और अरुणाचल प्रदेश में लंबे समय से चल रहा विवाद अब सुलझते दिख रहा है। खबर है कि दोनों ही राज्यों की सरकारों के बीच इस महीने एक सहमति पत्र पर साइन किया जा सकता है। इस बात की जानकारी मंत्री अतुल बोरा के द्वारा दी गई है। मंत्री अतुल बोरा ने बताया कि असम ने अपनी ओर से एमओयू के मसौदे को अंतिम रूप दे दिया है और इसे मंजूरी के लिए पड़ोसी राज्य को भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एमओयू के मसौदे पर गहन चर्चा की गई और इसे अंतिम रूप दिया गया। अब इसकी कॉपी अरुणाचल प्रदेश की सरकार के साथ साझा की जाएगी और अगर वे सहमत हैं, तो हम उम्मीद करते हैं कि इस पर इस महीने में हस्ताक्षर हो जाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में दोनों राज्यों द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर *-शेष पृष्ठ दो पर*

न्यूज गैलरी

सूडान मामले में कर्नाटक के 31 आदिवासी फंसे

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार, विदेश मंत्रालय और कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई से तत्काल हस्तक्षेप करने और गृहयुद्ध से परेशान सूडान में फंसे हक्की पिक्की जनजाति के कर्नाटक के 31 लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। कर्नाटक के हक्की पिक्की जनजाति जिसके 31 लोग हिंसा प्रभावित सूडान में फंसे हुए हैं वो कर्नाटक के एक आदिवासी समूह से है। बताया जा रहा है कि पिछले *-शेष पृष्ठ दो पर*

एनएससीएन (के-वाईए) का शीर्ष कैडर गिरफ्तार

इटानगर (हि.स.)। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड, खापलांग-युंग आंग (एनएससीएन, के-वाईए) के एक शीर्ष कैडर को अरुणाचल प्रदेश के लोंगडिंग जिले से गिरफ्तार किया गया है। विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस के साथ सुरक्षा बल असम राइफल्स की एक संयुक्त सशस्त्र टीम ने प्रतिबंधित उग्रवादी समूह एनएससीएन के-वाईए के एक शीर्ष कैडर को लोंगडिंग जिला के एक *-शेष पृष्ठ दो पर*

अखिल गोगोई को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से असम के निर्दलीय विधायक अखिल गोगोई को राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने सीएए विरोधी प्रदर्शनों के संबंध में निचली अदालत द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार सुनवाई पूरी होने तक विधायक अखिल गोगोई को जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सीएए विरोधी प्रदर्शनों और माओवादियों से संदिग्ध संबंधों से जुड़े एक मामले में असम के निर्दलीय विधायक अखिल गोगोई को मंगलवार को जमानत दे दी। हालांकि, *-शेष पृष्ठ दो पर*

अंगकिता दत्ता ने श्रीनिवास पर सेक्सिज्म का आरोप लगाया

गुवाहाटी। इंडियन यूथ कांग्रेस की असम यूनिट की प्रमुख अंगकिता दत्ता ने इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवाईसी) के चीफ श्रीनिवास बीवी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दत्ता ने श्रीनिवास पर सेक्सिज्म और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। अंगकिता, अंजन दत्ता की बेटी हैं। वो तरुण गोगोई की सरकार में मंत्री थे। इसके साथ ही वो पार्टी प्रमुख भी रहे। दत्ता ने कई ट्वीट्स कर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनकी शिकायतों के बाद भी राहुल और प्रियंका ने श्रीनिवास पर कोई एक्शन नहीं लिया। इस मामले में कोई जांच समिति भी नहीं बनाई गई। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि श्रीनिवास ने लगातार मेरा उत्पीड़न किया और मेरे जेंडर के आधार पर मुझसे भेदभाव किया। मेरे संस्कार और शिक्षा अब मुझे इसकी इजाजत नहीं देते हैं। राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी के सामने कई बार इस मामले को उठाया गया, लेकिन इसे अनसुना कर दिया गया। वो कहती हैं कि श्रीनिवास को लगता है कि वो ताकतवर है। बड़े नेताओं का आशीर्वाद उसके ऊपर है, इसलिए वो संगठन में महिलाओं का उत्पीड़न कर सकता है, उन्हें परेशान कर सकता है और नीचा दिखा सकता है। उनका कहना है कि मैं एक महिला नेता हूं। अगर मैं ऐसे उत्पीड़न से गुजरती हूं तो कैसे महिलाओं को कांग्रेस से जुड़ने के लिए प्रेरित कर सकती हूं। उन्होंने ये भी बताया कि राहुल गांधी ने उनकी कितनी श्रद्धा है। वो भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जम्मू भी गईं। इस दौरान उन्होंने राहुल से श्रीनिवास को लेकर शिकायत की। उनके लिए जिस तरह की *-शेष पृष्ठ दो पर*

कटारिया ने कई केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

नई दिल्ली/गुवाहाटी (हि.स.)। असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने आज (मंगलवार) राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में कई केंद्रीय मंत्रियों और लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर असम के ताजा हालात को लेकर चर्चा की। राजभवन के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय युवा मामले, खेल मंत्री और सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, केंद्रीय श्रम और रोजगार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री, भूपेंद्र यादव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य के विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

घर से अचानक लापता हो गए मुकुल रॉय

कोलकाता (हि.स.)। पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित नेता मुकुल रॉय अचानक घर से लापता हो गए हैं। वह कई दिनों से बीमार हैं और कई चीजें भूल जा रहे हैं। उनके बेटे और पूर्व विधायक शुभ्रांशु रॉय ने इस संबंध में पुलिस से संपर्क साधा है। उन्होंने बताया है कि सोमवार से सॉल्टलेक स्थित घर से वह लापता हुए हैं। सुधांशु रॉय ने उत्तर 24 परगना के अपने आवासीय क्षेत्र बीजपुर थाने में एक गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके साथ ही उन्होंने एयरपोर्ट थाने में भी इसी शिकायत की प्रति जमा दी है। सुधांशु ने दावा किया है कि दो लोग आए और मुकुल को अपने साथ ले गए हैं। उसके बाद से पिता की कोई खबर नहीं मिल रही। इधर एक फ्लाइट टिकट सामने आया है जिसमें मुकुल रॉय का नाम है। पता चला है कि कृष्णानगर उत्तर से भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज करने के बाद ममता बनर्जी की उपस्थिति में तृणमूल में वापसी करने वाले मुकुल सोमवार रात दिल्ली गए हैं। किस वजह से उन्होंने दिल्ली की यात्रा की है इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। उनके फोन पर भी संपर्क नहीं हो पा रहा है, न ही उनके बेटे से किसी तरह की कोई बात हो पाई है। बताया जा रहा है कि वह अपनी मर्जी से दिल्ली गए हैं। राजनीतिक हलकों में इस बात की भी चर्चा है कि शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में उनके बेटे का नाम सामने आने के बाद वे बेचैन थे और संभवत: उसी के चलते वे दिल्ली गए हैं। आशंका यह भी जताई जा रही है कि *-शेष पृष्ठ दो पर*

अतीक के वकील के घर नहीं, पड़ोसी पर बम हमला

प्रयागराज। प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद दोनों से जुड़ी तमाम तरह की बातें मीडिया में आग की तरह फैली हुई हैं। इसी क्रम में मंगलवार को एक घटना ऐसी घटी, जिसमें अतीक अहमद और उसके वकील का नाम जोड़ दिया गया। बताया गया कि अतीक अहमद के वकील दयाशंकर मिश्र के घर के बाहर बम से हमला हो गया, लेकिन जब मामले की जांच की गई तो सच्चाई सामने आई। दरअसल, प्रयागराज के कटरा में गोबर गली में अतीक अहमद के वकील दयाशंकर मिश्रा के मकान के बाहर मंगलवार दोपहर बम धमाके हुए। दो अज्ञात लोगों ने वकील के *-शेष पृष्ठ दो पर*

मेरे बैग में बम है... बोलकर दिल्ली एयरपोर्ट पर मचाई हड़कंप

नई दिल्ली। दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे से प्रस्थान करने वाला एक व्यक्ति सुरक्षा जांच के दौरान इतना उत्तेजित हो गया कि उसने एयरलाइन के कर्मचारियों को सूचित किया कि उसके बैग में बम है। यह घटना 11 अप्रैल को हुई थी जब शिव के रूप में पहचाने जाने वाले व्यक्ति को पश्चिम बंगाल के बागडोगरा के लिए गो फर्स्ट फ्लाइट (जी8-157) लेनी थी। एयरलाइन कर्मचारियों द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत के अनुसार, जब उन्होंने जांच के लिए अपना बैग खोलने के लिए कहा गया, तो शिव उत्तेजित हो गए और उन्हें बताया कि उनके बैग के अंदर बम है। एफआईआर में कहा गया है कि एयरलाइन स्टाफ ने यात्री से विनम्रता से पूछा कि क्या वह कोई प्रतिबंधित सामान ले जा रहा है, लेकिन वह और भी उत्तेजित हो गया और दावा किया कि *-शेष पृष्ठ दो पर*

पयर्टन, शिक्षा, अध्यात्म में उत्तराखंड और स्विटजरलैंड एक दूसरे का करेंगे सहयोग

देहरादून (हि.स.)। पर्यटन, शिक्षा और साहसिक पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्विटजरलैंड के दल ने देवभूमि में आने पर सहयोग देने की बात कही है। स्विटजरलैंड ने भी उत्तराखंड से अध्यात्म के क्षेत्र में कार्य करने पर जोर दिया है। इससे स्विटजरलैंड और उत्तराखंड का हुनर एक दूसरे से साझा किया जा सकता है। मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री *-शेष पृष्ठ दो पर*

नक्सलियों का कांग्रेसी विधायक के काफिले पर हमला

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले की बीजापुर विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक ने अपने काफिले पर गोलीबारी किए जाने का दावा किया है। हालांकि पुलिस ने घटना की पुष्टि नहीं की है। बीजापुर से कांग्रेस के विधायक विक्रम शाह मंडावी ने मंगलवार को दावा किया कि जिले के गंगालूर क्षेत्र से वापसी के दौरान गंगालूर-पदेड़ा मार्ग पर उनके काफिले पर हमला किया गया। विधायक ने दावा किया है कि सभा करने के लिए हम लोग गंगालूर गए थे। वापसी में काफिले में शामिल गाड़ियों पर गोलियां चलीं। जिला पंचायत सदस्य पार्वती कश्यप के वाहन में गोली लगी, जिससे उसका टायर *-शेष पृष्ठ दो पर*

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

बाढ़ आपदा से निपटने के लिए 27 को सोनापुर में मॉक ड्रिल

गुवाहाटी (हिंस)। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने आगामी मानसून में संभावित आपदाओं से निपटने के लिए बाढ़ प्रबंधन में शामिल विभागों की तैयारियों की जांच करने के उद्देश्य से असम के आठ जिलों में अभ्यास यानी मॉक ड्रिल का आयोजन किया। यह अभ्यास कामरूप (मेट्रो) जिला के बाढ़ प्रभावित प्रवण सोनापुर राजस्व सर्कल में आयोजित किया जाएगा। कामरूप (मेट्रो) जिला उपायुक्त कार्यालय के बैठक कक्ष में 25 से 27 अप्रैल तक बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए आज एक बैठक आयोजित की गई। अतिरिक्त उपायुक्त और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विक्रम छेत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के जिला परियोजना प्रबंधक कौस्तव तालुकदार ने विस्तृत विवरण दिया कि मॉक ड्रिल के तहत किस दिन क्या कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण 25 अप्रैल को बाढ़ प्रबंधन के प्रभारी विभागों के नोडल अधिकारियों को सभी सुझाव देगा। 26 अप्रैल को समग्र योजना के बाद 27 अप्रैल को बाढ़ प्रबंधन की मॉक ड्रिल की जाएगी।

GOVERNMENT OF ASSAM
DEPUTY COMMISSIONER'S OFFICE
KAMRUP (METROPOLITAN)
CONFERENCE HALL

इसके लिए सोनापुर राजस्व सर्किल के एक गांव में बाढ़ आने को देखते हुए बाढ़ के दौरान किए जाने वाले कार्यों के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ आपातकालीन संपर्क स्थापित कर वहां के निवासियों को बचाने, उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाने, बीमारों को अस्पताल पहुंचाने, जहां बीमार व्यक्तियों को तैयार रखा जाता है, राहत शिविर स्थापित करने और बाढ़ राहत वितरित करने आदि का अभ्यास किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में विभागों को निश्चित अवधि के दौरान यथासंभव अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का अतिरिक्त उपायुक्त विक्रम छेत्री ने आह्वान किया। बैठक में मुख्य रूप से सोनापुर के राजस्व चक्र अधिकारी गोपाल शर्मा, शिक्षा, कृषि, सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य, एनडीआरएफ, खाद्य, गैर-सैन्य आपूर्ति और कृषि, पशुपालन और पशु चिकित्सा मामलों ने भाग लिया।

बोलने के अधिकार को लेकर ट्विटर सख्त

नई दिल्ली। सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर (ट्विटर) नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ा कदम उठाएगी। उसने कहा कि वह *बोलने के अधिकार* की अनुमति तो देगी लेकिन नियम का पालन नहीं होने पर *पहुंच की स्वतंत्रता* की अनुमति नहीं देगी। ट्विटर ने अपनी नीतियां संशोधित करते हुए कहा कि वह उसके नियमों का उल्लंघन करने वाले ट्वीट्स की पहुंच को सीमित कर देगी। ट्विटर घृणा फैलाने वाले ट्वीट्स मिलने पर पहले तो उनकी मौजूदगी को सीमित करेगी और फिर बाद में उसपर अन्य प्रतिबंध लगाए जाएंगे। सोशल मीडिया कंपनी ने कहा कि ट्विटर उपयोग करने वालों को अपने विचार प्रतिबंध की चिंता किए बिना जाहिर करने का अधिकार है। कंपनी ने कहा कि हम यह भी मानते हैं कि हमारे मंच पर यूजर्स को हमारे नियमों का उल्लंघन करने वाली सामग्री से सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। ये मान्यताएं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की नींव हैं, पहुंच की स्वतंत्रता की नहीं। जहां उपयुक्त हो, हमारी नीतियों का उल्लंघन करने वाले ट्वीट्स की पहुंच को प्रतिबंधित कर उसकी पहुंच घटाकर उसे कम खोजने योग्य बना दिया जाए।

केंद्र का फैसला– एसएससी, एमटीएस परीक्षा अब क्षेत्रीय भाषाओं में भी होगी आयोजित

नई दिल्ली (हि.स.)। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने कर्मचारी चयन आयोग मल्टीटास्किंग स्टाफ (एसएससी एमटीएस) परीक्षा और सीएचएसएलई परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित करने को मंजूरी दी है। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में पहली एमटीएस 2022 परीक्षा 2 मई, 2023 से आयोजित की जाएगी। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है। इससे सुनिश्चित होगा कि सभी को नौकरी के लिए आवेदन करने का समान अवसर मिले और भाषा की बाधा के कारण कोई भी वंचित या नुकसान में न रहे। सरकार के अनुसार प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी के अलावा असमिया, बंगाली, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, ओड़िया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी में तैयार किया जाएगा। इस निर्णय के परिणामस्वरूप लाखों उम्मीदवार अपनी मातृभाषा व क्षेत्रीय भाषा में परीक्षा में भाग लेंगे और उनकी चयन संभावनाओं में सुधार होगा।

टैंकर हादसे में तीन झुलसे

चित्तौड़गढ़ (हिंस)। चित्तौड़गढ़ शहर के निकट ओछड़ी टोल नाके से आगे स्थित एक ढाबे पर सोमवार रात को पेट्रोलियम पदार्थ से भरे टैंकर में विस्फोट के बाद आग लग गई। इस हादसे में तीन लोग झुलसे है। झुलसे हुए लोगों को फिलहाल उपचार के लिए चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय पर स्थित श्री सांवलियाजी राजकीय सामान्य चिकित्सालय लाया गया है। प्रारंभिक रूप से ढाबे पर एक टैंकर से पेट्रोलियम पदार्थ चोरी करने के दौरान हादसा होने की आशंका जताई है। इस मामले में पुलिस अनुसंधान में जुटी है। जानकारी में सामने आया है कि चित्तौड़गढ़ शहर से निंबाहेड़ा मार्ग पर ओछड़ी टोल नाके से आगे एक ढाबा है। यहां पर सोमवार शाम करीब 7.30 बजे यहां हादसा हो गया। यहां ढाबे पर खड़े पेट्रोलियम पदार्थ से भरे टैंकर में आग लग गई। तेज विस्फोट हुआ और आग की ऊंची लपटें निकलने लगी। ढाबे पर मौजूद तथा टैंकर का स्टाफ इसकी चपेट में आ गया। टैंकर के आस-पास मौजूद लोग बुरी तरह से झुलस गए। झुलसे लोगों को उपचार के लिए चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय स्थित श्री सांवलियाजी राजकीय सामान्य चिकित्सालय लाया गया। वहीं चित्तौड़गढ़ नगर परिषद सहित उद्योगों की दमकल मौके पर पहुंची है। काफी मशक्कत के बाद भी आग पर काबू पाया जा सका। इस हादसे में 3 लोग झुलसे हैं, जिन्हें उदयपुर रेफर कर दिया है। आशंका है कि ढाबे पर टैंकर से पेट्रोलियम पदार्थ चोरी करने के दौरान यह हादसा हुआ हो। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही कारणों का खुलासा होगा। चित्तौड़गढ़ पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पुलिस उप अधीक्षक और जाप्ता मौके पर पहुंचा है। हादसे में तीन जने झुलसे है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। मंगलवार सुबह एफएसएल टीम से हादसे के कारणों की जांच कराई जाएगी। झुलसने वालों में टैंकर का चालक व खलासी भी शामिल है।

कोरोना : बीकानेर में चार की मौत

बीकानेर (हिंस)। जिले में दो और कोरोना पॉजीटिव मरीजों की मृत्यु हुई है। वाल्मीकि बस्ती निवासी 43 वर्षीय कोरोना पॉजीटिव व्यक्ति की मृत्यु हो गई जो ब्रेन हेमरेज के उपचार के लिए पीबीएम अस्पताल में भर्ती था। इसके अतिरिक्त पीबीएम अस्पताल में नोखा निवासी छियासी वर्षीय पॉजीटिव बुजुर्ग की भी मृत्यु हो गई जिसे पहले से सांस की तकलीफ थी। इसी के साथ सप्ताह भर में बीकानेर जिले के निवासी चार कोरोना पॉजीटिव व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है।

राज्यपाल ने *एकता एवं श्रद्धांजलि अभियान* बाइक रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना

इटानगर (हिंस)। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केटी पारनाइक ने आज राजभवन से सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा आयोजित *एकता एवं श्रद्धांजलि अभियान* नामक बाइक रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। बीआरओ द्वारा रैली का आयोजन राष्ट्र निर्माण में बीआरओ कर्मयोगियों के बलिदान और योगदान को याद करने और बीआरओ के 64वें स्थापना दिवस को चिह्नित करने के लिए किया गया है। राज्यपाल ने बीआरओ को उसके 64वें स्थापना दिवस पर बधाई दी और विशेष अवसर पर बीआरओ के कर्मयोगियों को बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह अवसर संगठन के लिए नई दृढ़ता और मिशन उन्मुखीकरण की शुरूआत करेगा और परियोजना कर्मियों के जोश और उत्साह को बढ़ाएगा। 3000 किमी 30 दिनों की बाइक रैली के आयोजन के लिए बीआरओ की सराहना करते हुए, राज्यपाल ने कहा कि यह संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और भारत की भावना और विविधता में एकता को बढ़ावा देता है और *आजादी का अमृत महोत्सव* की भावना को प्रतिध्वनित करता है। राइडर्स की सराहना करते हुए, राज्यपाल ने उन्हें रैली के दौरान युवाओं के लिए सार्वजनिक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करने की सलाह दी तथा भारतीय सेना के प्रमुख सड़क निर्माण संगठन की उत्कृष्ट उपलब्धि पर प्रकाश डाला। उन्होंने बीआरओ और भारतीय सेना की 15 सदस्यीय बाइकर्स की टीम को युवाओं को संगठन और भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने की भी सलाह दी। राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश में लोगों और स्थानों के लिए आवश्यक सड़क संपर्क प्रदान करने में योगदान के लिए बीआरओ की सराहना की।

No. TE[EX] Admn-2/2023/ Dated Guwahati, the_______

EDUCATIONAL NOTICE

FOR POLYTECHNIC ADMISSION TEST [PAT]-2023

It is brought to the notice to all concerned that the Polytechnic Admission Test [PAT]-2023 will be held on 18th June, 2023 from 10.00 a.m. to 12.00 noon.

The final date of issue of Admit Card will be declared later on.

The candidates are instructed to visit the website : dte.assam.gov.in for any further notification.

Director of Technical Education, Assam,
Kahilipara, Guwahati-19.

-- Janasanyog /D/720/ 23

अवैध प्लाटिंग पर निगम दस्ते ने की तोड़-फोड़

फरीदाबाद (हिंस)। एनआईटी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डबुआ-पाली रोड पर अवैध रूप से हो रही प्लाटिंग को मंगलवार को नगर निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने पीले पंजे की सहायता से तोड़ दिया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा। पुलिस बल को देखते ही प्लाटिंग करने वाले लोग मौके से फरार नजर आए। निगम अधिकारियों का कहना है कि उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई जाएगी। दरअसल निगम को सूचना मिली थी कि डबुआ-पाली रोड पर कुछ कालोनाइजर बिना नगर निगम की परमिशन अवैध कालोनी काटकर लोगों को प्लाट बेच रहे है, जब निगम अधिकारी ने इसकी जांच तो पाया कि यह अवैध कार्य चल रहा था, जिसके तहत आज तोड़फोड़ अधिकारी विकास की अगुवाई ने जेसीबी की मदद से यहां बने निर्माणों को ढहा दिया गया। निगम अधिकारी ने बताया कि यहां अवैध रूप से कार्य किया जा रहा था, फिलहाल ये लोग कौन थे, इसके बारे में पता चलाया जा रहा है, ताकि उन पर कार्रवाई की जा सके। निगम अधिकारियों ने लोगों से आह्वान किया कि वह कहीं भी प्लाट खरीदते समय यह ध्यान रखते कि वह कालोनी वैध है या अवैध ताकि उनकी खून पसीने की कमाई बर्बाद न हो।

पृष्ठ एक का शेष

कामाख्या कॉरिडोर की...

करने के लिए पहुंचते हैं। कामाख्या धाम में प्रतिवर्ष जून महीने में आयोजित होने वाले अंबुवासी मेला में लाखों की संख्या में साधु-संत एवं श्रद्धालु चार दिनों तक डेरा डाले रहते हैं। कामाख्या धाम में विश्व स्तर की सुविधा मुहैया कराने के लिए असम सरकार ने योजना तैयार की है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने आज शाम एक वीडियो ट्वीट करते हुए कहा कि निकट भविष्य में पुनर्निर्मित मां कामाख्या कॉरिडोर कैसा दिखेगा, इसकी एक झलक साझा कर रहा हूं। मुख्यमंत्री का ट्वीट तेजी से वायरल हो रहा है। लोग मुख्यमंत्री के इस कदम की जमकर सराहना कर रहे हैं।

असम-अरुणाचल सीमा...

किए जाएंगे। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि ये कहा नहीं जा सकता कि समझौता ज्ञापन अंतिम समाधान होगा। दरअसल दोनों ही राज्यों के मुख्यमंत्री पिछले साल 15 जुलाई को नामसाई घोषणा पर हस्ताक्षर करने के साथ विवादों को हल करने की कोशिश में लगे हुए हैं। दोनों ही पूर्वोत्तर राज्यों ने *विवादित गांवों* की संख्या को पहले 123 के बजाय 86 तक सीमित करने का फैसला किया था। कुछ विशेष क्षेत्रों से संबंधित क्षेत्रीय समितियों का गठन पिछले साल किया गया था, इसमें चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए दोनों पक्षों के मंत्रियों, स्थानीय विधायकों और अधिकारियों को शामिल किया गया था। अरुणाचल प्रदेश की शिकायत है 1972 में मैदानी इलाकों में कई जंगली इलाके जो पारंपरिक रूप से पहाड़ी आदिवासी प्रमुखों और समुदायों से संबंधित थे, एकतरफा रूप से उन्हें असम में स्थानांतरित कर दिया गया। 1987 में अरुणाचल प्रदेश को राज्य का दर्जा मिलने के बाद एक त्रिपक्षीय समिति नियुक्त की गई, जिसने सिफारिश की कि कुछ क्षेत्रों को असम से अरुणाचल प्रदेश में स्थानांतरित किया जाए। असम ने इसका विरोध किया और मामला सुप्रीम कोर्ट में है।

अखिल गोगोई को...

जस्टिस वी रामासुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने गौहाटी हाई कोर्ट के उस फैसले को सही ठहराया, जिसने मामले में गोगोई की आरोपमुक्ति को रद्द कर दिया था। बता दें कि सीएए विरोधी प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ काफी मुखर रहे गोगोई ने गौहाटी हाई कोर्ट के 9 फरवरी के उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, जिसमें असम की विशेष एनआईए अदालत को गोगोई के खिलाफ दो में से एक मामले में आरोप तय करने की अनुमति दी गई थी। इससे पहले उच्च न्यायालय ने एनआईए को गोगोई और उनके तीन सहयोगियों के खिलाफ विशेष अदालत में सीएए विरोधी प्रदर्शनों और माओवादी से संदिग्ध संबंध को लेकर आरोप तय करने की अनुमति दी थी। हाई कोर्ट ने एनआईए की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया था, जिसमें चार लोगों को क्लीन चिट देने वाली विशेष एनआईए अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सुमन श्याम और न्यायमूर्ति मालाश्री नंदी की एक उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने एजेंसी से मामले को फिर से खोलने के बाद आरोप तय करने के लिए आगे बढ़ने को कहा था। इस आदेश के खिलाफ विधायक सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। एनआईए ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि गोगोई को जमानत नहीं दी जा सकती, क्योंकि वह राज्य में माओवादी गतिविधियों के कथित सरगना हैं। हालांकि, विधायक ने कहा था कि उनके खिलाफ मामले राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम थे। बताते चलें कि कि गोगोई के तीन सह-आरोपी ढैज्या कोंवर, बिट्टू सोनोवाल और मानश कोंवर थे। इन सभी को एनआईए मामले में जमानत मिल गई और वे जेल से बाहर हैं। गोगोई अकेले थे, जिनकी जमानत अदालत ने खारिज कर दी थी और 567 दिन जेल में बिताने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया था, जब विशेष एनआईए न्यायाधीश प्रांजल दास ने उन्हें तीन अन्य के साथ आरोपों से मुक्त कर दिया था।

अंगकिता दत्ता ने ...

अभद्र भाषा का उपयोग किया गया इस बारे में भी बताया। लेकिन अब अप्रैल आ चुका है और अभी तक श्रीनिवास के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अंगकिता का कहना है कि श्रीनिवास पीआर की आड़ में अपने गलत कामों से बच रहा है। वहीं अंगकिता को भाजपा का सपोर्ट मिल गया है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इसे लेकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में निष्पक्षता से जांच कराए जाने के बदले महिला नेता के खिलाफ कैंपेन चलाया जा रहा है, उन्हें धमकाया जा रहा है। अगर छिपाने वाली बात नहीं है तो राहुल और प्रियंका जांच क्यों नहीं कराते। लड़की हूं, लड़ सकती हूं का नारा देने वाली प्रियंका ऐसी लड़कियों के साथ क्यों खड़ी नहीं होती हैं।

घर से अचानक लापता...

चिकित्सा कारणों से वे दिल्ली गए होंगे। पुलिस ने इस मामले में कुछ भी नहीं कहा है। सूत्रों ने बताया है कि मुकुल के दिल्ली जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस उनसे संपर्क करने की कोशिश कर रही है। उल्लेखनीय है कि एक दौर में ममता के बेहद खास रहे मुकुल रॉय ने 2017 में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा था। उसके बाद पांच सालों तक ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी पर पर मुखर तरीके से हमलावर थे। 2021 के विधानसभा चुनाव में कृष्णानगर उत्तर सीट से भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की थी। हालांकि पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उपस्थिति में उन्होंने माफी मांग कर 11 जून, 2022 को तृणमूल में वापसी कर ली थी।

अतीक के वकील...

घर के बाहर तीन बम पटके, जिनसे जोरदार धमाका हुआ। उस वक्त घर में वकील दयाशंकर नहीं थे। बम हमले में घर को कोई नुकसान नहीं हुआ और न कोई घायल हुआ, लेकिन मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। बम विस्फोट से धुआं फैल गया। सड़क पर और वकील दयाशंकर के घर के अंदर बम से निकले छर्रे बिखर गए। यह खबर इंटरनेट पर आग की तरह फैल गई कि वकील दयाशंकर के घर पर बम से हमला हुआ है। बता दें कि जिस मोहल्ले में दयाशंकर का घर है, उसी मोहल्ले में उनका एक पड़ोसी छोटू यादव रहता है। जब बम हमले की जांच की गई तो पता चला कि छोटू यादव से हर्षित सोनकर का रुपयों के लेन-देन का विवाद चल रहा है। पैसों के विवाद में हर्षित सोनकर ने छोटू यादव के घर पर किया झगड़ा और फिर बम पटकते हुए भागा था। दुर्भाग्यवश बम अतीक अहमद के वकील दयाशंकर मिश्र के घर के बाहर पटके गए। वकील दयाशंकर मिश्र 13 अप्रैल को सीजेएम कोर्ट में अतीक अहमद की पेशी के दौरान पैरवी के लिए पहुंचे थे। वह लंबे समय से अतीक अहमद के मुकदमों की पैरवी कर रहे हैं। बम हमले की सूचना मिलने पर दयाशंकर ने मीडिया से कहा कि घर के बाहर बम पटकने के पीछे दहशत फैलाने का इरादा हो सकता है। बता दें कि बीते सोमवार को अतीक अहमद के एक वकील विजय मिश्रा ने भी अपनी जान को खतरा जताया था। अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के बाद इस बम धमाके से पुलिस के सामने शांति-व्यवस्था की चुनौती बढ़ गई है। हालांकि, मौके पर पुलिस फोर्स पहुंची और फोरेंसिक टीम को बुलाकर बम के अवशेष को जब्त किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की थी।

मेरे बैग में बम है...

उसके बैग में बम है। एयरलाइन के कर्मचारियों ने तब मानक प्रक्रिया का पालन किया और शिव को विमान में चढ़ने से रोक दिया। सीआईएसएफ के कर्मचारियों को सूचित किया गया और जब उन्होंने यात्री से संपर्क किया, तो उन्होंने कथित तौर पर गड़बड़ी करना जारी रखा और यहां तक कि एयरलाइन कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी भी दी। शिकायत में कहा गया है कि यात्री को उसके चेक-इन सामान के साथ उतार दिया गया और उसे स्थानीय पुलिस स्टेशन ले जाया गया। पुलिस ने तब आरोपी यात्री के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू की थी।

पर्यटन, शिक्षा, अध्यात्म...

पुष्कर सिंह धामी से स्विस एजुकेशन ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर क्लाडियो रैकनेलो के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने भेंट की। इस मौके पर राज्य में युवाओं को पर्यटन और होटल व्यवसाय से संबंधित प्रशिक्षण के लिए चर्चा की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में पर्यटन, शिक्षा, साहसिक पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्विटजरलैंड से यदि कोई प्रतिनिधिमंडल आना चाहता है, तो उनको देवभूमि उत्तराखंड में सरकार की ओर से पूरा सहयोग दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। युवाओं में स्किल को बढ़ावा देने की जरूरत है। युवाओं को पर्यटन और होटल व्यवसाय के क्षेत्र में प्रशिक्षित करना होगा। स्विटजरलैंड जैसे कुछ अच्छे प्रशिक्षकों की व्यवस्था हो सकती है, तो इस दिशा में कार्य करना होगा। सरकार प्रशिक्षण के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जाएगी। युवाओं को सर्टिफिकेट कोर्स की अच्छी सुविधा मिलने से उनके हुनर को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत राज्य में 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए बेहतर व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए भी स्विस एजुकेशन ग्रुप से मदद ली जाए। विद्यार्थियों को बेहतर व्यावसायिक शिक्षा मिले इसके लिए विस्तृत योजना बनाई जाए। राज्य में पर्यटन के साथ-साथ साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ध्यान दिया जाए। स्विस एजुकेशन ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर क्लाडियो रैकनेलो ने कहा कि स्विट्जरलैंड में आध्यात्मिक गतिविधियों के क्षेत्र में कार्य करने की काफी संभावनाएं हैं। यदि वहां पर आध्यात्मिक गतिविधियों पर आधारित केंद्रों में उत्तराखंड से इस क्षेत्र के विशेषज्ञ कार्य करें, तो इसमें कार्य करने के लिए अनेक संभावनाएं हैं। राज्य की ओर से जो भी सहयोग मांगा जाएगा, उसे पूरा करने के हर संभव प्रयास किये जाएंगे। इस मौके पर स्वामी अभय दास, सूर्य प्रताप सिंह, सचिव शैलेश बगोली, रविनाथ रमन, सचिन कुर्वे, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

नक्सलियों का कांग्रेसी ...

पंचर हो गया। हालांकि वह और काफिले के सभी सदस्य सकुशल बीजापुर जिला मुख्यालय पहुंच गए। काफिले में करीब छह वाहन थे। विधायक ने कहा कि कार्यक्रम की सूचना पुलिस प्रशासन को पहले से दी गई थी। जिले के पुलिस अधीक्षक को घटना के बारे में जानकारी दी गई है। वहीं, बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी से सवाल करने पर उन्होंने कहा कि मामले की तस्दीक की जा रही है। सुंदरराज ने कहा कि बीजापुर से विधायक विक्रम शाह मंडावी आज गंगालूर में जनसंपर्क कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद शाम करीब 4.30 बजे वापस बीजापुर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि उनके साथ जिला पंचायत सदस्य पार्वती कश्यप और अन्य जनप्रतिनिधि थे और सभी सकुशल हैं। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि गंगालूर-पदेड़ा मार्ग पर किसी प्रकार की माओवादी घटना की पुलिस द्वारा तस्दीक की जा रही है। राज्य के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के कचलावारी गांव के करीब सुरक्षाबलों ने मंगलवार को मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया तथा दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

सूडान मामले में ...

सप्ताह के अंत में सूडान में संघर्ष शुरू होने के बाद से उनके पास पर्याप्त खाद्य आपूर्ति नहीं है। बता दें कि सूडान पर नियंत्रण को लेकर देश की सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच संघर्ष जारी है। सूडान में अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सूडान के सशस्त्र बलों के कमांडर जनरल अब्देल फत्ताह अल बुरहान और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के कमांडर जनरल मोहम्मद हमदान दगालो से बात की। उन्होंने दोनों से युद्ध विराम की अपील की है।

एनएससीएन (के-वाईए)...

स्लम इलाके के एक निवासी के घर पर छापेमारी कर मंगलवार तड़के गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, पुलिस या सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने गिरफ्तार व्यक्ति के नाम और ठिकाने का खुलासा नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि इस साल 31 जनवरी को असम राइफल्स की लोंगडिंग बटालियन और जिला पुलिस की एक संयुक्त टीम ने वांचो इलाके में छापेमारी कर एनएससीएन (के-वाई) के स्वयंभू कमांडर अनोक वांगसू को गिरफ्तार किया था।

स्वर्वेद भाष्य



चतुर्थ मंडल **दशम अध्याय**

(गृहस्थ संत)

प्रथम देश संसार फिर, अपने अपने ठाम।
जिसको जो प्रभु ने दिया, वह आपन सुख धाम॥ 39॥

शब्दार्थ : (संसार) जगत (सुख धाम) सुख का ध्यान।

भाष्य : प्रथम अपना देश है, फिर संसार है। अपने-अपने स्थान पर सभी हैं। जिस देश में जिसका जन्म हुआ है, वहां की भोग-संपत्ति उसी देश के निवासियों की है और वही उनका अपना सुखमय स्थान है।

धर्म नीति अरु न्याय से, समदरशी संसार।
भू व्यापक यह धर्म है, भूमण्डल परचार॥ 40॥

शब्दार्थ : (धर्म) कर्तव्य (नीति) राज्य-व्यवस्था या व्यवहार चलाने की रीति।

भाष्य : धर्म, नीति और न्याय से समस्त संसार का कल्याण होना चाहिए। ब्रह्मविद्या का समदर्शी प्रचार समस्त भूमंडल के लिए है। इस पृथ्वी-मंडल के समस्त प्राणी इस अध्यात्म विद्या के तत्वज्ञान और अनुभव-भेद-साधान से लाभ उठा, अपने जीवन का उत्थान करें। ब्रह्मविद्या प्रचार-रूपी धर्म समस्त संसार के लिए हैं।

विकसित भारत समाचार
तापमान
अधिकतम 39⁰
न्यूनतम 26⁰

डिमापुर से दो अपहृत व्यापारी सकुशल बरामद, अपहर्ता फरार

गुवाहाटी (हिंस)। गुवाहाटी पुलिस डिमापुर के दो व्यापारियों को अपहर्ताओं के चंगुल से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि डिमापुर के दो व्यापारी कन्हैया सिंह और उत्तम जयसवाल को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन से अपहर्ताओं द्वारा अपहरण कर लिया गया था। घटना के बाद पुलिस ने दोनों अपहृत व्यापारियों को गुवाहाटी के हातीगांव थाना क्षेत्र के हाउसफेड रोड से सकुशल बरामद कर लिया गया। अपहर्ताओं द्वारा दोनों की रिहाई के लिए दस लाख रुपए की फिरौती की मांग की गई थी। हालांकि, पुलिस अपहरण की घटना में शामिल किसी को भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस ने आशंका व्यक्त किया है कि इस अपहरण कांड के पीछे ड्रग्स माफिया फारूक अहमद का हाथ हो सकता है। फिलहाल फारुख फरार है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले का मुख्य आरोपी फरार है। हालांकि, उसकी पत्नी को पकड़ लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि बिहार के रहने वाले और नगालैंड के डिमापुर शहर में दुकानें चलाने वाले दो लोगों का आरोपियों ने शुक्रवार तड़के गुवाहाटी रेलवे स्टेशन के पास से कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया था। उन्होंने कहा कि उन्हें गुवाहाटी के नॉटबोमा इलाके में एक घर में बंधक बनाकर रखा गया था, जहां से हमने सोमवार को उन्हें बचाया। हमें उनकी मौजूदगी के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। हालांकि, हमारी टीम के पहुंचने से पहले ही मुख्य आरोपी भागने में सफल रहा। उसकी पत्नी घर में थी और उसे पकड़ लिया गया है। अधिकारी ने कहा कि अपहरणकर्ताओं ने पीड़ितों के परिवारों को वीडियो भेजकर फिरौती के तौर पर 10 लाख रुपए की मांग की थी। उन्होंने कथित अपहरण के पीछे दोनों पक्षों के बीच पुराने पैसे के लेन-देन की संभावना से इनकार नहीं करते हुए कहा कि हम घटना के पीछे के मकसद की जांच कर रहे हैं और मुख्य आरोपी की भी तलाश कर रहे हैं।

राज्यपाल ने पूर्व राज्यपाल ले.ज. अजय सिंह के निधन पर जताया शोक

गुवाहाटी (हिंस)। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने असम के पूर्व राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल अजय सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। एक संदेश में राज्यपाल कटारिया ने कहा कि असम के पूर्व राज्यपाल ले.ज. के निधन पर मुझे गहरा दुख हुआ है। अजय सिंह, जिन्होंने गहरी प्रतिबद्धता के साथ राज्य की सेवा की। उनका निधन एक बड़ी क्षति है। असम वास्तव में भाग्यशाली था कि उसके पास ऐसे नेता थे, जिन्होंने सम्मान के साथ राज्य की सेवा की। राज्यपाल ने कहा कि हालांकि कोई भी शब्द उनकी मृत्यु पर मेरे दुख को व्यक्त करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा, मैं पूरे दिल से स्वर्गीय लेफ्टिनेंट जनरल अजय सिंह जी की शांति के लिए सर्वशक्तिमान से प्रार्थना करता हूं।

नॉर्थ-ईस्ट पशुधन एक्वा-पोल्ट्री एक्सपो का शुभारंभ

गुवाहाटी। मणिराम देवान ट्रेड सेंटर, गुवाहाटी में पशुधन-एक्वा-पोल्ट्री पर तीन दिवसीय एक्सपो आज (18 अप्रैल) से शुरू हो रहा है और यह 20 अप्रैल को समाप्त होगा। एक्सपो का मुख्य उद्देश्य पशुधन, जलीय कृषि और मत्स्य पालन, पोल्ट्री, मांस प्रसंस्करण, डेयरी उत्पादन साथ साथ उत्तर पूर्व में इसके कार्यक्षेत्र का विस्तारकरण है। एक्सपो में पशु ब्रेडिंग और प्रजनन प्रौद्योगिकी, पशुपालन और भोजन प्रौद्योगिकी, फीड प्रोडक्शन, जलीय कृषि और मत्स्य पालन, पर्यावरण प्रौद्योगिकी, प्रसंस्करण और पैकेजिंग उपकरण आदि जैसे कुछ तकनीकी पहलू भी शामिल हैं। इस अवसर पर एक्सपो के संयोजक प्रवेश प्रधान ने कहा कि हम गुवाहाटी में पूर्वोत्तर पशुधन-एक्वा-पोल्ट्री पर तीन दिनों के लिए अपनी तरह के पहले एक्सपो का आयोजन करके खुश हैं, यह एक्सपो निश्चित रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र में पशुधन, एक्वा और पोल्ट्री उद्योग को बढ़ने में मदद करेगा। यह तीन दिवसीय एक्सपो में विभिन्न क्षेत्रों जैसे डीलर और वितरक, किसान, उद्यमी, एक्वा पेशेवर, वित्तीय संस्थान, फीड मिलर्स, स्वास्थ्य और दवा कंपनियां, नीति निर्माता, सरकारी अधिकारी, पशु चिकित्सा पेशेवर आदि विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल होंगे।

मालीगांव गौशाला से निकली शांति पदयात्रा

गुवाहाटी (हिंस)। चाकू से हमला कर हत्या किए गए रोहित कुमार गामी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर आज (मंगलवार) रात गुवाहाटी के मालीगांव गौशला से एक शांति पदयात्रा निकाली गई। जिसमें इलाके के काफी संख्या में लोग शामिल हुए। हाथों में प्ले कार्ड और मोमबत्ती लेकर लोग इस पदयात्रा में शामिल हुए। गौशाला से निकली पदयात्रा विभिन्न जगह घूमकर पुन: गौशाला पहुंचकर संपन्न हो गया। ज्ञात हो कि मालीगांव रेलवे स्टेडियम के बाहर बिहू कार्यक्रम के दौरान गत शनिवार को कुछ उदंड युवको ने रोहित कुमार गामी (22) नामक एक युवक को चाकू से हमला किया था, जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसे गुवाहाटी मेडीकल कॉलेज एंड अस्पताल में ले जाया गया, जहां, डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

राष्ट्रीय विधि दिवस 2023 का पुरस्कार वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. बीपी तोदी को

गुवाहाटी। राष्ट्रीय कानून दिवस के अवसर पर 17 अप्रैल को वी.के. कृष्णा मेनन ऑडिटोरियम, इंडियन सोसाइटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ, नई दिल्ली समारोह में मंच पर, अन्य लोगों के अलावा, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डॉ. के.जी. बालकृष्णन, ओडिशा के पूर्व राज्यपाल एम.सी. भंडारी और झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति कारपग विनयबाम उपस्थित थे। समारोह में बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। समारोह में डॉ. बीपी टोडी, वरिष्ठ अधिवक्ता, पूर्व महाधिवक्ता, मेघालय सरकार को डॉ. के.जी. बालकृष्णन द्वारा संवैधानिक और व्यापारिक कानूनों के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. बीपी तोदी को एक निपुण वरिष्ठ नामित अधिवक्ता होने और उच्चतम स्तर पर किए गए व्यावसायिक अभ्यास के बेहतरीन उदाहरण के प्रदर्शन और वकील बिरादरी के लिए एक आदर्श होने के लिए पहचाना गया। समारोह का आयोजन इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ ज्यूरिस्ट और इंडियन काउंसिल ऑफ ज्यूरिस्ट द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।

90 लाख रुपए कीमत की ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार

कछार (हिंस)। कछार जिला के सोनाई इलाके में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाते हुए भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद ड्रग्स की कीमत लगभग 90 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया है कि गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार शाम सोनाई इलाके में एक विशेष अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान अलीमुद्दीन मजूमदार (42) को गिरफ्तार किया गया था। तस्कर सिलचर थानांतर्गत कनकपुर पार्ट-1 का निवासी बताया गया है। तस्कर मजूमदार के पास से ड्रग्स भरी प्लास्टिक की 14 साबुनदानी बरामद की गई हैं। पुलिस ने दावा किया है कि बरामद ड्रग्स हेरोइन है। हालांकि जांच के लिए उसे लैब में भेजा गया है। पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

कोकराझाड़ : श्रीश्री महामाया मंदिर के गेट की रखी गई आधारशिला

कोकराझाड़ (विभास)। कोकराझाड़ जिले के शीतला श्रीश्री महामाया मंदिर का मेला एवं पूजा कार्यक्रम आगामी 22 से 29 अप्रैल तक चलेगा। जिसे लेकर आज श्री श्री महामाया मंदिर के गेट का निर्माण-कार्यों के लिए शीतला के प्रतिष्ठित व्यपारी सुकुमार देबनाथ ने निजी खर्चों आधारशिला रखी। आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शीतला के प्रतिष्ठित व्यपारी सुकुमार देबनाथ, शीतला श्री श्री मां महामाया मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष लखन साहा, साधारण सचिव अरुण बर्मन शीतला श्री श्री मां महामाया मंदिर पूजा संचालन समिति के अध्यक्ष अपूर्व बर्मन, उपाध्यक्ष रंजीत राय, पी बर्मन, साधारण सचिव दीपक प्रधानी, कोषाध्यक्ष परितोष साहा, सलाहकार इंद्रजीत देबनाथ, राजू बर्मन, गोपाल बर्मन, तारक चंद्र राय, लाचित बर्मन सहित विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कवयित्री नलिनी बाला देवी को बिहू का बधाई पत्र से सम्मानित

मंगलदै (विभास)। असम साहित्य सभा ने प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता, कवयित्री, लेखिका तथा आदर्श मां नलिनी बाला देवी को *अपने दिन* के अवसर पर बधाई दी। असम साहित्य सभा के निर्देश एवं मंगला नगर शाखा साहित्य सभा के निर्णय के अनुसार असमिया के स्वाभिमान रंगाली बिहू का *बधाई पत्र* उन्हें मंगलदै के उपहुपाड़ा के अंतर्गत द्वितीय कॉलोनी स्थित आवास स्थल पर बैशाख की पहली सुबह साहित्य सभा के प्रतिनिधियों ने उन्हें आधिकारिक रूप से प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि असम साहित्य सभा असमिया जाती की विशिष्टता को मूर्त रूप देने में एक अनूठी भूमिका निभा रही है। असमिया भाषा और संस्कृति को दुनिया के सामने लाने और लोगों की रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए साहित्य सभा कई वर्षों से कड़ी मेहनत कर रही है। असमिया भाषा-सांस्कृतिक जगत को बेहतर बनाने के लिए लंबे समय से जनता के रचनात्मक कार्यों को बढ़ावा देने और यह साहित्य सभा कई चुनौतियों का सामना करते हुए एक अद्वितीय जातीय संस्थान के रूप में अपना परिचय देने में सक्षम रही है। वहीं मंगला नगर शाखा साहित्य सभा भी क्षेत्र की जनता विशेष तौर पर युवा पीढ़ी को साहित्य साधना के क्षेत्र में प्रोत्साहित करती रही है। कार्यक्रम में कवियित्री नलिनी बाला देवी ने साहित्य सभा के प्रतिनिधियों के अनुरोध पर कई प्रसिद्ध कवियों की कई कालातीत कविताओं का पाठ किया। अपने दिन के उपलक्ष्य में असम साहित्य सभा के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत हजारिका और प्रधान सचिव डॉ. उपेंद्र जीत शर्मा की ओर से विशिष्ट समाजकर्मी तथा आदर्श माता नलिनी वाला देवी को अधिक प्रोत्साहित करने के लिए मंगला नगर शाखा साहित्य सभा के पदाधिकारियों ने यह बधाई पत्र दिया। कार्यक्रम में मंगला नगर शाखा साहित्य सभा के अध्यक्ष डॉ. शशिंद्र सहरिया, उपाध्यक्ष महेश गोस्वामी, सचिव जितेन कलिता, पूर्व अध्यक्ष अनंत शर्मा, समाजकर्मी चंदन बरुआ, नीरेन अधिकारी, उभरती कवि पोपी सहरिया सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे

अग्रवाल महिला समिति, नगांव का बिहू समारोह संपन्न

नगांव (निसं)। अग्रवाल महिला समिति, नगांव के तत्वावधान में रविवार को अग्रवाल समाज की महिलाओं द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में रंगाली बिहू के उपलक्ष में रंगारंग बिहू कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति की अध्यक्षा निर्मला आलमपुरिया ने सर्वप्रथम सभी को रंगाली बिहू की शुभकामनाएं देते हुए कार्यकर्म का शुभारंभ किया। बिहु के इस कार्यक्रम की विशेषता रही की सभी सदस्या पारंपरिक असमिया परिधान में उपस्थित थी। कार्यक्रम स्थल को फुलाम गोमछा, जापी और सराई द्वारा समिति की सदस्यों ने बहुत ही सुंदर और आकर्षक रूप से सजाया। इस कार्यक्रम में अग्रवाल महिला समिति की करीब 70 सदस्याएं उपस्थिति रही। सभी ने कई प्रकार के बिहू गीतों पर एकल तथा सामूहिक बिहू नृत्य प्रस्तुत कर बिहू उत्सव का पूरा आनंद लिया। बिहू से संबंधित अन्य कार्यक्रम, खेल वैगरह भी आयोजित किए गए। अग्रवाल सभा, नगांव के अध्यक्ष पवन गाड़ोदिया, उपाध्यक्ष राधारमण खाटुवाला, सचिव ओमप्रकाश जाजोदिया, कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद केजरीवाल को आमंत्रित कर फुलाम गोमछा से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल और आकर्षित बनाने में अध्यक्षा निर्मला आलमपुरिया, सचिव संगीता पोद्दार के साथ सीमा अग्रवाल, रेखा दादलिका, सुलोचना तोदी, ललिता सोभाशरिया, कुसुम आलमपुरिया, कविता सोभाशरिया, स्वेता सोभाशरिया, मेघा बंका, पूनम लोहिया, सुनीता अग्रवाल, अनिता मोर, राधा खेतान, जीता रातुसरिया, निकिता पोद्दार इत्यादि का विशेष सहयोग रहा। समिति की तरफ से स्मृति भड़ेच को बिहुवती पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। समिति की सभी सदस्याओं ने भरपूर सहयोग दिया तथा कार्यक्रम का लुफ्त उठाया ।

सीएम डॉ. शर्मा ने पूर्व राज्यपाल ले.ज. अजय सिंह के निधन पर जताया शोक

गुवाहाटी (हिंस)। असम के पूर्व राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल अजय सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने आज यहां एक बयान में कहा कि एक पूर्व राज्यपाल को खोना वास्तव में दुखद है, जिन्होंने हमारे राज्य के विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया। 1965 और 1971 के युद्धों के एक अनुभवी, लेफ्टिनेंट जनरल सिंह के शानदार सैन्य करियर और राज्य और राष्ट्र के लिए अमूल्य योगदान को मैं याद करता हूं। उनका निधन एक बड़ी क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की।

लायंस, उमंग की अध्यक्ष बनीं कंचन पोद्दार

गुवाहाटी (विभास)। महिलाओं की अग्रणी संस्थाओं में से एक लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी उमंग की एक सभा अध्यक्ष सीमा सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम सयोजिका अनुपमा सिकरिया के आतिथ्य में आयोजित सभा में लायंस उमंग की संस्थापक अध्यक्ष तथा निर्वाचित लायंस जिलापाल (प्रथम) सीमा गोयनका सहित क्लब की सभी सदस्याए मौजूद थीं। इस बैठक में आगामी सत्र 2023-24 के लिए सर्वसम्मति से क्लब की मौजूदा सचिव कंचन पोद्दार को नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद पोद्दार ने क्लब के सभी सदस्याओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने कार्यकाल के दौरान क्लब को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का भरपूर प्रयास करेंगी। इसके लिए उन्होंने सभी से सहयोग की कामना की। अध्यक्ष चुने जाने के बाद पोद्दार ने आगामी 1 जुलाई से शुरू होने वाले अपने सत्र हेतु नए सचिव के रूप में संगीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष के रूप में स्वाति चौधरी, उपाध्यक्ष (प्रथम) पायल चड्ढा के नामों की घोषणा की। सभी सदस्याओ ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती पोद्दार सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्याओ का अभिनंदन किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष कुसुम जैन, मंजु पसरी, सुशीला गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष रितु बंका, प्रीति भजनका, संतोष मिंडा, डॉ. तदबीर अग्रवाल, कुसुम धानुका, कविता धानुका, संगीता भडेच, मधु बंका सहित क्लब की करीब 60 सदस्याए मौजूद थीं।

संत शिरोमणि सेन महाराज का 723वां जन्मोत्सव पर उमड़ा जन-सैलाब

गुवाहाटी। सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि सेन महाराज का 723वां जन्म महोत्सव आज बड़े धूमधाम से मनाया गया! कार्यक्रम का आयोजन फैंसी बाजार स्थित अग्रवाल सदन में किया गया जन्मोत्सव की शुरुआत सैन महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई! अध्यक्ष रामेश्वर गहलोत, विनोद गोठड़िया, पन्नालाल मारू, बजरंग परिहार, श्रीपाल तंवर, संपत टाक, रामनिवास, मनोज गहलोत ने दीप प्रज्ज्वलन किया! भक्ति संगीत में पवनं जाखड़, मानव वर्मा, एवं गोपी लखोटिया एंड पार्टी ने सैन महाराज के भजनों से सम्मा बांध दिया! सुनिल साहू, जगदीश महतो, श्याम सुंदर चोटिया ने भी भजन प्रस्तुत किए! राजस्थान से आए हुये इण्डिया टीवी के पत्रकार शैलेन्द्र लाटा एवं धर्मेन्द्र जारीवाल को फुलाम गामोछा पहनाकर स्वागत किया गया! इस अवसर पर अध्यक्ष रामेश्वर गहलोत एवं विनोद गोठडिया ने सैन समाज के आन्नद सैन, संजय सैन, बजरंग परिहार, रामा परिहार, मनोज मोयल, मनोज खुरदरा, पुरखाराम सैन, संपत टाक, श्रीपाल तंवर, मानव, पवन को सम्मानित किया गया! विनोद गोठडिया ने समाज बंधुओं से अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करने एवं उधोग व्यवसाय से जोड़ने का आग्रह किया। रामेश्वर गहलोत ने अपने पद से इस्तीफा देकर नए अअयक्ष के रूप में मनोज गहलोत को जिम्मेदारी सौंपी। समाज के युवाओं एवं महिलाओं की उपस्थिति सराहनीय रही। इस दौरान, मधु भाटी, पंकज मारू, राजेश गहलोत, नितिन, निलेष सामरियां, आकाश गहलोत, आन्नद सैन, विनोद गहलोत, बंकट, भरत गोठड़िया, रामा परिहार, कमल परिहार, पुरखाराम, राजेश तंवर, राजकुमार पवार, राकेश खुरदरा, मनीष निर्वाण, सहित सभी समाज बंधू उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सैन महाराज की आरती एवं महा प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। संचालन मनोज गहलोत ने किया तथा सभी का आभार व्यक्त किया!

SHORT NOTICE INVITING TENDER

N.I.T. No. Z/Ration Tender /A.S.Z00/811

Assam State Zoo Division, Department of Forest, Govt. of Assam invites bids to be submitted online in the e-Procurement Portal of Govt. of Assam https://assamtenders.gov.in for **"Supplying of Ration Feed Materials under Group "G" (Herbivore Diet) for Zoo Captives for the Financial Year 2023-24".**

The participating bidders in the tender should register themselves on e-procurement portal https: //assamtenders.gov.in and they shall have to procure a digital Signature Certificate from a certifying authority prior to registration. For further details, they may visit the portal https://assamtenders.gov.in. Bidders can log-in to e-procurement platform in secure mode only by signing with the Digital certificates.

S. No.	Name of Work	Estimate Value of Work (In Rs.)	Earnest Money Deposit (In Rs.)	Contract Period (In Months)	Tender Fees (In Rs.)
					Bid Participa-tion Fees
1	Online Tender, (Two Bid System- Technical and Financial) are invited by the Divisional Forest Officer, Assam State Zoo Division, Guwahati-5, for supplying of Ration Feed Materials under Group-"G" (Herbivore Diet) for Zoo captives of the Asam State Zoo for a period of one year.	96.50 lakh	2% (Rs.1,93,000.00) for General Categories and 1% (Rs.96,500.00) for Other Backward Class Category Bidders (i.e. OBC/MOBC/ST/SC etc.)	12 months	Rs. 1,930.00

Divisional Forest Officer
Assam State Zoo Division
Guwahati-05

-- Janasanyog /C/ 1125/23

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच नाटो देशों के साथ फ्रांस में भारत कर रहा हवाई युद्धाभ्यास

- पहली बार विदेशी धरती पर 165 वायु योद्धाओं के साथ युद्धाभ्यास कर रहे हैं भारतीय राफेल
- यूक्रेन के खिलाफ रूस का विरोध कर रहे नाटो के साथ भारत 'ओरियन एक्सरसाइज' में शामिल

नई दिल्ली, (हि.स.)। भारतीय वायु सेना इस समय फ्रांस में नाटो देशों के साथ 'ओरियन एक्सरसाइज' में युद्धाभ्यास कर रही है। यह युद्धाभ्यास फ्रांस के मॉन्ट-डे-मार्सन में फ्रेंच एयर एंड स्पेस फोर्स के बेस स्टेशन में हो रहा है। पहली बार भारतीय राफेल लड़ाकू विमान विदेशी धरती पर बहुराष्ट्रीय वॉरगेम का हिस्सा बने हैं। नाटो देशों में शामिल जर्मनी, ग्रीस, इटली, नीदरलैंड्स, ब्रिटेन, स्पेन और अमेरिका की वायु सेनाएं भी इसमें भाग ले रही हैं। बहुराष्ट्रीय वॉरगेम में हिस्सा लेने के लिए भारतीय वायु सेना की टुकड़ी 14 अप्रैल को फ्रांस के लिए रवाना हुई थी। इस टुकड़ी में 165 वायु योद्धा और चार राफेल, दो सी-17, दो आईएल-78 विमान शामिल हैं। यह अभ्यास 17 अप्रैल से शुरू हुआ है और 05 मई तक चलेगा। हालांकि, भारतीय राफेल विदेशी मेहमानों के साथ भारत में हुए कई बहुराष्ट्रीय अभ्यासों में हिस्सा ले चुका है लेकिन यह पहली बार है जब भारतीय राफेल लड़ाकू विमान देश के बाहर बहुराष्ट्रीय वॉरगेम में भाग ले रहा है। यह भी खास है कि यह वही फ्रांसीसी धरती है, जहां उसका जन्म हुआ है। इस अभ्यास का मकसद एक्सरसाइज में भाग ले रही अन्य देशों की वायु सेनाओं से सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को सीखना है, ताकि भारतीय वायु सेना की कार्यशैली और समृद्ध हो सके। इस बहुपक्षीय अभ्यास में भारत और फ्रांस के अलावा, जर्मनी, ग्रीस, इटली, नीदरलैंड, यूनाइटेड किंगडम, स्पेन और संयुक्त राज्य अमेरिका की वायु सेनाएं भी उड़ान भर रही हैं। अभ्यास में हिस्सा ले रहे देशों में भारत को छोड़कर सभी नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन (नाटो) के सदस्य हैं। यह अभ्यास फ्रांस में रूस-यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में हो रहा है, जहां अमेरिका के नेतृत्व में नाटो यूक्रेन के खिलाफ रूसी कदमों का विरोध कर रहा है।

भारतीय वायुसेना ने फ्रांस में युद्धाभ्यास करने के लिए दो ऐसे विमान भेजे हैं, जो हवा में ही रिफ्यूलिंग कर देते हैं। इल्यूशिन क्क-78 विमान आसमान में उड़ते हुए पेट्रोल पंप की तरह हैं। इस एक विमान को उड़ाने के लिए 6 लोग लगते हैं, जो अपने अंदर एक लाख किलोग्राम मिलिट्री जेट फ्यूल भर सकता है। इस 152.10 फीट लंबे विमान की ऊंचाई 48.5 फीट होती है। यह अधिकतम 850 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से उड़ता है। एक बार में 7300 किलोमीटर तक उड़ान भर सकता है और अधिकतम 39 हजार फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। फ्रांसीसी धरती पर जन्मा फाइटर जेट राफेल अधिकतम 51,952 फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। यह एक सेकेंड में 305 मीटर की सीधी उड़ान भरने में सक्षम है। इसमें 30 मिमी की ऑटोकैनन लगी है, जो 125 राउंड प्रति मिनट दागती है। इसके अलावा इसमें 14 हार्ड प्वाइंट्स हैं, जिसमें सभी तरह की मिसाइलें और बम लगा सकते हैं। युद्धाभ्यास में भाग लेने गए दो सी-17 ग्लोबमास्टर दुनिया के सबसे बड़े मिलिट्री ट्रांसपोर्ट विमान हैं। इस भारी-भरकर विमान को 2 लोग मिलकर उड़ाते हैं, जिसमें दो पायलट और एक लोड मास्टर होता है। यह एक बार में 77,519 किलोग्राम वजन लेकर उड़ान भर सकता है या फिर 134 पैराट्रूपर्स या एक टैंक या दो बख्तरबंद ढो सकता है।

भारत की एससीओ अध्यक्षता मंत्र 'एक सुरक्षित' एससीओ की ओर से निर्देशित : भूपेन्द्र यादव

अजय कुमार

नई दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण के लिए उत्तरदायी एससीओ सदस्य देशों के मंत्रालयों और विभागों के प्रमुखों की चौथी बैठक मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। इस अवसर पर भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत की एससीओ अध्यक्षता मंत्र, "एक सुरक्षित" एससीओ की ओर" से निर्देशित है। इस मंत्र को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2018 में कि गदाओ शिखर सम्मेलन में दिया था। उन्होंने कहा कि भारत बहुपक्षीय, राजनीतिक, सुरक्षा, आर्थिक और लोगों से लोगों के संपर्क को बढ़ावा देने के लिए एससीओ को विशेष महत्व देता है। भूपेन्द्र यादव ने मिशन लाइफ के बारे में उल्लेख किया, जिसे 20 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च किया गया था। उन्होंने एससीओ समुदाय को व्यक्तिगत, परिवार और समुदाय-आधारित कार्यों के लिए मिशन लाइफ का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया। बैठक में एससीओ सदस्य देशों के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने कजाकिस्तान गणराज्य, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, किर्गिज गणराज्य, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान, रूसी संघ, ताजिकिस्तान गणराज्य के मंत्रियों, उज्बेकिस्तान गणराज्य के उप मंत्रियों के साथ एससीओ सचिवालय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

अजित पवार ने कहा- आजीवन राकांपा में ही रहूंगा, पार्टी छोड़ने की खबरों पर लगाया विराम

मुंबई, (हि.स.)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार ने मंगलवार को कहा कि वे आजीवन राकांपा में ही रहेंगे। मेरे और मेरे साथियों के बारे में बेवजह गलतफहमियां फैलाई जा रही हैं। इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। इसी के साथ अजीत पवार ने पार्टी छोड़ने संबंधी चचाओं पर विराम लगा दिया है। अजित पवार ने कहा कि आज वे विधानभवन में बैठे थे और पार्टी के कई विधायकों ने उनसे मुलाकात की। इसका यह अर्थ नहीं कि वे सब पार्टी छोड़ने वाले हैं। विधायक अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उनसे मुलाकात करते हैं, जिसका अलग और गलत अर्थ लगाया जा रहा है। अजीत पवार ने कहा कि हम सब राकांपा में हैं, सभी विधायक राकांपा में रहेंगे। अजीत पवार ने कहा कि पार्टी का गठन शरद पवार की अध्यक्षता में किया गया है। हम सब साथ मिलकर पार्टी के विस्तार के लिए काम करते रहेंगे। अजीत पवार ने कहा कि इस तरह की खबरें जानबूझकर फैलाई जा रही हैं। यह राज्य के अहम मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है। प्याज उत्पादक किसानों को नुकसान हुआ है। चना खरीदी केंद्र बंद है। यह सरकार की जिम्मेदारी है, कोई इस पर बात नहीं करता। इसके विपरीत सुबह से मेरे सरकारी बंगले के पीछे कैमरे लगा दिए गए हैं, अरे क्या चल रहा है। इस तरह का कामकाज ठीक नहीं है। पवार ने मीडिया को भी सलाह दी कि सभी को तथ्यों का ध्यान रखना चाहिए।

स्पाइसजेट के विमान की दिल्ली के आईजीआई हवाईअड्डे पर आपात लैंडिंग

-कॉकपिट में खराबी की गलत चेतावनी के कारण लैंडिंग, 140 यात्री थे सवार

अजय त्यागी

नई दिल्ली। दिल्ली से श्रीनगर जा रहे स्पाइसजेट एयरलाइंस के विमान की इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे पर आपात लैंडिंग हुई है। स्पाइसजेट एयलाइंस के इस विमान को कॉकपिट में खराबी की गलत चेतावनी के कारण आईजीआई हवाईअड्डे पर वापस उतारना पड़ा। इस विमान में सवार सभी 140 यात्री सुरक्षित हैं। एयरलाइन ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि कॉकपिट में खराबी की झूठी चेतावनी के कारण विमान को वापस दिल्ली उतारना पड़ा है। कंपनी ने बताया कि दिल्ली से श्रीनगर जा रहे स्पाइसजेट की बी-737 विमान, जिसकी उड़ान संख्या एसजी-8373 थी, उसे कॉकपिट में एएफटी कार्गो फायर लाइट जलने के कारण वापस दिल्ली में उतारना पड़ा है। स्पाइसजेट ने कहा कि बाद में कैप्टन की कार्रवाई से बत्ती बुझ गई और सभी परिचालन मापदंडों को सामान्य पाया गया है। बयान के मुताबिक बाद में एएफटी कार्गो के खुलने पर आग या धुएं का कोई निशान नहीं मिला है। कंपनी ने बताया कि प्रारंभिक आकलन के आधार पर चेतावनी को गलत पाया गया। विमान में 140 यात्री सवार थे। सभी को सुरक्षित रूप से विमान से उतार लिया गया है।

प्रधानमंत्री 20 अप्रैल को बौद्ध शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को करेंगे संबोधित

नई दिल्ली, (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे दिल्ली के अशोक होटल में वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मंगलवार को इस बाबत जानकारी दी। पीएमओ की तरफ से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 20-21 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के सहयोग से संस्कृति मंत्रालय द्वारा दो दिवसीय शिखर सम्मेलन की मेजबानी की जा रही है। वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन का विषय "समकालीन चुनौतियों के प्रति प्रतिक्रियाः अभ्यास के लिए दर्शन" है। शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के प्रतिष्ठित विद्वान और संघ के नेता हिस्सा लेंगे। वे लोग सम्मेलन में विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे और बुद्ध धम्म में इसके उत्तर तलाशेंगे।

सीबीआई ने अभिषेक बनर्जी को एक और पत्र भेजा

कोलकाता (ईएमएस)। सीबीआई ने अभिषेक बनर्जी को एक और पत्र भेजा। हालांकि इस बार सीबीआई ने पिछली गलती सुधार ली है। सीबीआई ने टीएमसी राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को सुप्रीम कोर्ट के अगले आदेश तक एजेंसी के सामने पेश होने के आदेश पर रोक लगाने के लिए एक नया नोटिस दिया है। टीएमसी की ओर से अभिषेक ने परेशान करने के अलावा सीबीआई के खिलाफ कोर्ट की अवमानना का भी आरोप लगाया था। तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव ने ट्विटर पर शिकायत की कि सुप्रीम कोर्ट के स्टे ऑर्डर के बावजूद उन्हें सीबीआई का नोटिस मिला है। सीबीआई ने 24 घंटे के भीतर अभिषेक को एक पत्र भेजा। पत्र में कहा गया है कि सीबीआई ने अभिषेक को पेश होने के लिए जो नोटिस भेजा था, उस फिलहाल रोक दिया गया है। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने भर्ती भ्रष्टाचार मामले में पकड़े गए तृणमूल नेता कुंतल घोष के पत्र को लेकर अपने निर्देश में कहा कि जरूरत पड़ने पर ईडी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियां अभिषेक से पूछताछ कर सकती हैं। जज की ऑब्जर्वेशन को चुनौती देकर तृणमूल सांसद सुप्रीम कोर्ट गए। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी। उसके बाद भी सीबीआई ने अभिषेक को पूछताछ के लिए पत्र भेजा था। जिसकी तृणमूल ने कड़ी निंदा की थी।

उपचुनाव में राहुल के बदले प्रियंका होंगी वायनाड से उम्मीदवार

नई दिल्ली (ईएमएस)। यदि वायनाड में उपचुनाव होते हैं तो वहां से प्रियंका गांधी उम्मीदवार हो सकती हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी केरल के वायनाड के दौरे पर गए। इस दौरे में उनके साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी भी थीं। दोनों के साथ जाने के बाद सियासी हलकों में कई तरह की चर्चा शुरू हो गई। बता दें कि राहुल गांधी वायनाड से लोकसभा सांसद रहे हैं, जिनकी सदस्यता पिछले दिनों मानहानि के मामले में सजा पाने के बाद रद्द हो गई। अभी तक राहुल को उस सजा में राहत नहीं मिली है। अगर अगले कुछ हफ्तों में राहत नहीं मिलती है तो चुनाव आयोग को वहां उपचुनाव कराना पड़ सकता है। तब राहुल गांधी उम्मीदवार भी नहीं बन पाएंगे। ऐसे में प्रियंका गांधी के वहां राहुल के साथ जाने के बाद कयास लगने शुरू हो गए हैं कि अगर उपचुनाव की नौबत आती है तो ऐसी सूरत में प्रियंका गांधी उस सीट पर राहुल के बदले चुनाव लड़ सकती हैं। प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की बात पिछले कुछ समय से कांग्रेस हलकों में अलग वजहों से भी चल रही थी। चर्चा हो रही थी कि 2024 में वह अपनी मां सोनिया गांधी की सीट रायबरेली से चुनाव लड़ सकती हैं। इसे सोनिया गांधी के स्वास्थ्य से जोड़कर देखा जा रहा था। लेकिन राहुल की सांसदी जाने के बाद वह चर्चा पीछे छूट गई है। दरअसल, जब से राहुल गांधी को सजा मिली है, वह इस मुद्दे पर कानूनी रास्ता अपनाने के बजाय लोगों के बीच जाकर अपना पक्ष रखने में ज्यादा दिलचस्पी ले रहे हैं। उन्होंने बतौर सांसद मिला सरकारी आवास भी छोड़ दिया है और वह सोनिया गांधी के साथ रहने चले गए हैं। हालांकि, क्या वाकई प्रियंका गांधी वायनाड में राहुल गांधी के बदले उपचुनाव लड़ेंगी इस बात का फैसला पार्टी और प्रियंका मिल कर ही लेंगे।

दिल्ली नगर निगम में महापौर के लिए भाजपा ने शिखा राय को उतारा

आशीष वर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) महापौर चुनाव में भाजपा ने शिखा राय को मैदान में उतारा है। वार्ड नंबर 173 ग्रेटर कैलाश से शिखा राय ने जीत दर्ज की थी। डिप्टी मेयर के लिए पार्टी ने सोनी पांडेय को मैदान में उतारा है। भाजपा ने सदन में पर्याप्त संख्या नहीं होने के बावजूद दिल्ली नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। राय और पांडे मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। मंगलवार को नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख है और मतदान 26 अप्रैल को होगा। सोनी पांडे पूर्वोत्तर दिल्ली के सोनिया विहार वार्ड का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसके पहले, दिल्ली भाजपा के शीर्ष नेता ने दावा किया था कि उसके चुनाव लड़ने की संभावना नहीं है क्योंकि आप के पक्ष में स्पष्ट जनादेश था। आप ने मौजूदा मेयर शैली ओबेरॉय और डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल को चुनाव के लिए मैदान में उतारा है। शैली और इकबाल ने फिर से क्रमशः महापौर तथा उप महापौर पद के लिए सोमवार को नामांकन दाखिल किया। इसके पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा था कि भाजपा ने पहले भी महापौर चुनाव में खलल डालने की कोशिश की थी, लेकिन फिर भी आप की जीत हुई। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में हर वित्तीय वर्ष के अंत के बाद नए सिरे से महापौर का चुनाव होता है। एमसीडी में पहले वर्ष के लिए महापौर का पद महिला के लिए आरक्षित रहता है, दूसरे वर्ष में पद किसी वर्ग के लिए आरक्षित नहीं होता। तीसरे वर्ष आरक्षित वर्ग का व्यक्ति ही चुनाव लड़ सकता है और अन्य दो वर्ष किसी भी वर्ग का व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। तीन निगमों को एमसीडी में एकीकृत करने के बाद एक नए परिसीमन की कवायद की गई थी, जिसमें 2012 के मुकाबले वार्डों की कुल संख्या 272 से घटाकर 250 कर दी गई थी। दिल्ली में पिछले चार दिसंबर को नगर निकाय चुनाव हुए थे, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) ने जीत दर्ज की थी।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया कोविड पॉजिटिव

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। सिंधिया ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट में कहा कि डॉक्टरों के परामर्श पर कराई गई कोविड-19 कि जाँच में मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। आप सभी से मेरा अनुरोध है कि पिछले कुछ दिनों में जो भी मेरे सम्पर्क में आएं हैं, वो सभी सावधानी बरतें या निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी जांच करवाएं। गौरतलब है कि भारत में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 9,111 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,48,27,226 हो गई। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 60,313 पर पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक गुजरात में छह, उत्तर प्रदेश में चार, दिल्ली तथा राजस्थान में तीन-तीन, महाराष्ट्र में दो और बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, केरल तथा तमिलनाडु में एक-एक मरीज की मौत के बाद देश में मृतक संख्या बढ़कर 5,31,141 हो गई। वहीं संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनःमिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से दम तोड़ने वाले मरीजों की सूची में तीन नाम और जोड़े हैं।

लड़की को स्वर्ण मंदिर में जाने से रोकने पर एसजीपीसी ने मांगी माफी

अमृतसर (ईएमएस)। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने चेहरे पर तिरंगा वाली लड़की को स्वर्ण मंदिर में जाने से रोकने पर माफी मांगी है। एसजीपीसी का बयान मंदिर के बाहर एक बड़े विवाद के मद्देनजर आया है, जब एक कर्मचारी को लड़की से यह कहते हुए सुना गया कि यह भारत नहीं है, यह पंजाब है। घटना का वीडियो सोमवार को वायरल हुआ। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव ने घटना पर माफी मांगी है। विवाद पर प्रतिक्रिया देकर एसजीपीसी के महासचिव गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि भक्तों के साथ कोई भेदभाव नहीं हुआ। किसी भी क्षेत्र, जाति या धर्म के लोगों का पूजा करने के लिए स्वागत है। सिंह ने कहा, कर्मचारी को उकसाया गया था। एसजीपीसी के महासचिव होने के नाते, अगर भक्त को दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा, तब मैं माफी मांगता हूं। हालांकि, सोशल मीडिया पर ट्रोल्स का मकसद शर्मनाक था। जहां महासचिव ने माफी मांगी, वहीं विवादित बयान देने वाले गार्ड सरबजीत सिंह ने माफी नहीं मांगी है। सबजीत सिंह ने कहा कि उसने स्कर्ट पहनी हुई थी। मैंने उस गरिमा के बारे में बताया और उस अपने शरीर को ढंकने के लिए कहा। पैर पूरी तरह से ढंके होने चाहिए। हरमंदर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में सभी का स्वागत है, लेकिन गरिमा के साथ एसजीपीसी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि भक्त और सेवादार के बीच बातचीत को नकारात्मक रूप से चित्रित नहीं किया जाना चाहिए। मैं एक महिला श्रद्धालु की वायरल बातचीत के बारे में सोशल मीडिया पर सिखों के खिलाफ बनाई जा कहानी की निंदा करता हूं।

यूनिसेफ सहित कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भारतीय जनऔषधि परियोजना केन्द्र को लागू करने में दिखाई रुचि

नई दिल्ली, (हि.स.)। भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान, गोवा में स्वास्थ्य समूह की दूसरी बैठक के दूसरे दिन मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और जी20 देशों के प्रतिनिधियों ने भारतीय जनऔषधि परियोजना केंद्र का दौरा किया। यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी इस केंद्र का दौरा किया और अपने देशों में भारतीय जनऔषधि परियोजना केंद्र को लागू करने में रुचि दिखाई। अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सदस्यों ने औषधि केन्द्रों के संचालन के बारे में जाना। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि जनऔषधि केन्द्रों के माध्यम से देश के मध्यम वर्ग और गरीब लोगों को सस्ती दवा आसानी से उपलब्ध हो जाती है। भारत ने कभी भी स्वास्थ्य की तुलना वाणिज्य से नहीं की है और भारत हमेशा हमारी योजनाओं को लागू करने में रुचि रखने वालों की मदद करेगा। गोवा की स्वास्थ्य सुविधाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यहां 201 से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (एबी-एचडब्ल्यूसी), जन औषधि केंद्र हैं। ये सभी एबी-एचडब्ल्यूसी गैर-संचारी रोगों की जांच के लिए प्राथमिक देखभाल सेवाओं और सुविधाओं से लैस हैं। उनके पास प्रयोगशाला सुविधाएं, नैदानिक सुविधाएं, छोटी प्रक्रियाओं के लिए सुविधाएं, व्यापक प्रबंधन और जागरूकता गतिविधियां भी हैं।

डेनिश पार्लियामेंट्री कमेटी फॉर यूरोपियन अफेयर्स ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला से की मुलाकात

राकेश शर्मा

नई दिल्ली। डेनिश पार्लियामेंट्री कमेटी फॉर यूरोपियन अफेयर्स समिति के अध्यक्ष नील्स फ्लेमिंग हैनसेन के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने मंगलवार को संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस दौरान बिरला ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है और डेनमार्क की तरह भारत भी एक जीवंत और परिपक्व लोकतन्त्र है। बिरला ने भारत और डेनमार्क के बीच नियमित संसदीय आदान प्रदान पर जोर देते हुए कहा कि भारत और डेनमार्क के बीच चर्चा-संवाद की एक नियमित प्रक्रिया विकसित हो ताकि हम एक दूसरे के लोकतंत्र से सीख सकें और अपनी बेस्ट प्रैक्टिसेज को साझा कर सकें। इस सन्दर्भ में बिरला ने वर्ष 2021 में डेनमार्क के प्रधानमंत्री के भारत दौरे और पिछले वर्ष भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डेनमार्क दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि इस तरह की उच्च स्तरीय दौरों से दोनों देशों के बीच संबंध और सुदृढ़ हुए हैं और संबंधों को नई ऊर्जा मिली है। सितंबर वर्ष 2020 में भारत और डेनमार्क के बीच शुरू हुई हरित रणनीतिक साझेदारी का जिक्र करते हुए बिरला ने कहा कि इस साझेदारी ने दोनों देशों के बीच समन्वय को बेहतर बनाया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में इस साझेदारी से द्विपक्षीय व्यापार और निवेश में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि आज जब भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा संबंधी मुद्दों, व्यापारिक एवं आर्थिक सम्बन्धों, शोध एवं नवाचार और दोनों देशों के लोगों के बीच सुदृढ़ संपर्क जैसे परस्पर हित के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच साझेदारी और सहयोग की पर्याप्त संभावनाएं हैं। बिरला ने डेनिश डेलीगेशन को सूचित किया कि भारत जी 20 समिट के अंतर्गत निकट भविष्य में पी 20 सम्मेलन का आयोजन भी करेगा। जिसमें जी-20 राष्ट्रों के अतिरिक्त आमंत्रित राष्ट्रों के पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस सम्मेलन के दौरान संसदीय शासन व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रासंगिकता पर उद्देश्यपरक संवाद होगा। जिससे सम्पूर्ण विश्व का कल्याण होगा।

एनएचआरसी ने अतीक व अशरफ की हत्या पर मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली, (हि.स.)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस हिरासत में शनिवार को हुई हत्या पर मिली शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक तथा प्रयागराज के पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। आयोग ने हत्या से जुड़े सभी पहलुओं, समय, स्थान, गिरफ्तारी, हिरासत तथा अन्य कारण सहित सभी बिंदुओं पर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज में शनिवार रात को पुलिस हिरासत में मेडिकल जांच के लिये ले जाते समय मीडियाकर्मी बनकर आए तीन हमलावरों ने माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उस दौरान मीडियाकर्मी दोनों से बातचीत का प्रयास कर रहे थे, जिससे पूरी घटना कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। आयोग ने 15 बिन्दुओं पर रिपोर्ट तलब की है। इसमें मौत से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

मसलन- मृतक के खिलाफ दर्ज की गई शिकायत और प्राथमिकी की प्रति। गिरफ्तारी ज्ञापन और निरीक्षण ज्ञापन की प्रति। क्या गिरफ्तारी की सूचना परिवार व रिश्तेदारों को दी गई थी? मजिस्ट्रियल जांच रिपोर्ट आदि शामिल है।

अखिलेश का आरोप- नाकामियां छुपाने को नए-नए मुद्दे उछाल रही भाजपा



लखनऊ, (हि.स.)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में विकास के सभी काम ठप हैं। जनहित की योजनाओं पर या तो ताला लगा है अथवा उनमें जानबूझकर देरी की जा रही है। भाजपा के संकल्प पत्र के तमाम वादे अब रद्दी में तब्दील हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपनी नाकामियां छुपाने के लिए नित नए-नए मुद्दे उछाल रही है। अखिलेश ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि कालीन की विश्व प्रसिद्ध नगरी ज्ञानपुर में जलजीवन मिशन योजना सुस्त पड़ी हुई है। अगस्त 2019 में इस मिशन की शुरूआत हुई थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 989 राजस्व गांवों में अब तक एक भी गांव में पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी है। नई टंकियों का निर्माण अधूरा है। सड़कों के गड्ढे भरे जाने की तारीख पर तारीख घोषित होती रही, लेकिन वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है।

तमाम सड़कें ऊबड़खाबड़ पड़ी हैं, जिस पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। भदोही में डेडलाइन पूरी हो जाने के बाद भी जलजीवन मिशन के तहत पेयजल टंकी का काम अधूरा है। अप्रैल में 40 गांवों तक पानी पहुंचाने का दावा खोखला साबित हो रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि बिजली कटौती से किसानों की मक्का की फसल प्रभावित हो रही है। बिजली की समस्या से किसान परेशान है। सिंचाई नलकूपों में बिजली मुश्किल से 4-5 घंटे मिल रही है। सपा सरकार में बिजली उत्पादन और वितवरण की जो व्यवस्था बनी थी, वह भाजपा सरकार में बर्बाद हो गई। बिजली वितरण व्यवस्था चरमरा गई है। बिजली कटौती से जनता परेशान है।

जी-20 : दूसरे दिन कृषि अनुसंधान एवं विकास में सार्वजनिक निजी भागीदारी पर मंथन

वाराणसी, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में चल रही जी-20 की एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप की तीन दिवसीय बैठक के दूसरे दिन मंगलवार को विशेषज्ञ कृषि अनुसंधान एवं विकास में सार्वजनिक निजी भागीदारी पर गहन मंथन कर रहे हैं। बैठक में पोषण युक्त खाद्य पदार्थ, खाद्य सुरक्षा और जलवायु के अनुकूल खेती पर भी मंथन चल रहा है। नदेसर स्थित एक होटल में आयोजित इस बैठक में डिजिटल एग्रीकल्चर एंड सस्टेनेबल एग्री वैल्यू चेन पर भारत समेत दुनिया के 20 विकासशील देशों के प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श किया। डिजिटल, कृषि, अनाज की बबार्दी रोकने एवं पानी की खपत कम करने के डिजिटल टेक्नोलॉजी सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हो रही है। बैठक के अगले सत्र में आज पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप इन एग्रीकल्चर आरएंडडीः पर्सपेक्टिव फ्रॉम डेवलप्ड एंड डेवलपिंग कन्ट्रीज पर चर्चा होगी। बैठक के बाद विभिन्न देशों के प्रतिनिधि शाम को भगवान बुद्ध की तपस्थली सारनाथ का भ्रमण करेंगे। प्रतिनिधियों का स्वागत बुद्ध थीम पार्क में मसक बीन एवं शैला लोकनृत्य से होगा। उल्लेखनीय है कि है कि वाराणसी में हो रही यह बैठक भारत की अध्यक्षता में जी-20 की 100वीं बैठक है। बैठक का उद्घाटन सोमवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल (रिटा.) डॉ. वीके सिंह ने किया था। बैठक में जी-20 के सदस्य देशों- ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, कोरिया गणराज्य, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, यूएसए के प्रतिनिधि और यूरोपीय संघ के अलावा आमंत्रित अतिथि देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

खूंटी जिले के सभी प्रखंडों में ढाई-ढाई करोड़ की लागत से बनेंगे पार्क



खूंटी, (हि.स.)। लोगों के बेहतर स्वास्थ्य और मनोरंजन के लिए खूंटी जिले के सभी छह प्रखंडों खूंटी, तोरपा, कर्रा, रनिया, मुरहू और अड़की में दो-दो एकड़ में पार्क बनाए जाएंगे। एक पार्क बनाने में ढाई लाख रुपये की लागत आएगी। इस संबंध में उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि सभी प्रखंडों में पार्क बनाने की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है। बहुत जल्द इसके लिए निविदा प्रकाशित की जाएगी। सभी पार्क में जिम, ओपर बैडमिंटन कोट, पुस्तकालय और सामुदायिक केंद्र बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पार्क बनाने के लिए सभी प्रखंडों में जमीन चिह्नित कर ली गई है। ईश्वर ने खूंटी जिले को प्राकृतिक सुंदरता से खूब सजाया है। यहां पेरवांघाघ, रांनी फॉल, रिमिक्स फॉल, पंचघाघ, पाड़ी पुड़िंग, उलूंग सहित कई खूबसूरत पर्यटन स्थल हैं, जहां सालों भर सैलानियों की भीड़ उमड़ती रहती है। इसके अलावा लतरातू, लटरजंग डैम सहित कई मानव निर्मित पर्यटन स्थल हैं, जो सैलानियों को हमेशा अपनी ओर आकर्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं और जिला प्रशासन इन सभी पर्यटन स्थलों के विकास के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन के विकास से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और जिले को राजस्व भी मिलेगा। डीसी ने कहा कि फिलहाल खूंटी के पर्यटन स्थलों पर ठहरने की सुविधाओं की कमी है, जिसे दूर करने के लिए जिला प्रशासन काम कर रहा है। खूंटी के तमाड़ रोड स्थित पुराने बस स्टैंड में पर्यटकों की सुविधा के लिए होटल का निर्माण कराया जाएगा। लगभग लगभग 15 करोड़ की लागत से 40 कमरों वाला भव्य टूरिस्ट होटल का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसकी विभागीय स्वीकृति मिल चुकी है। अब टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही काम भी शुरू हो जाएगा।

नीतीश कैबिनेट में 11 एजेंडों पर मुहर, दरभंगा एम्स के लिए 309 करोड़ मंजूर

पटना, (हि.स.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार दोपहर मंत्रिमंडल की बैठक में दरभंगा एम्स के लिए जमीन की भराई के लिए 309 करोड़ की मंजूरी देने के साथ ही 10 अन्य एजेंडों पर मुहर लगा दी है। कैबिनेट ने दरभंगा एम्स की 189.7 एकड़ जमीन पर मिटटी भराई कर उसे समतल बनाने के लिए बिहार चिकित्सा सेवा एवं आधारभूत संरचना निगम से मिले प्राक्कलन के अनुसार 3 अरब 9 करोड़ 29 लाख 59 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। सात निश्चय कार्यक्रम अंतर्गत पटना के बख्तियारपुर अभियंत्रण महाविद्यालय में निशुल्क हस्तांतरित 5 एकड़ भूमि पर अतिरिक्त प्रशासनिक भवन, बालिका छात्रावास व अन्य कार्य के लिए 49 करोड़ 72 लाख 78 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। बिहार पुलिस के पीटीसी प्रशिक्षण करने वाले सिपाही रैंक के पुलिस अधिकारियों को अन्य राज्यों की तर्ज पर अनुसंधान की शक्ति दी गई है। बिहार राज्य प्रोटोकॉल संवर्ग के विभिन्न कोटि के 15 पदों के सृजन एवं बिहार प्रोटोकॉल संवर्ग नियमावली 2023 की स्वीकृति दी गई है। भामाशाह की जयंती हर साल 29 अप्रैल को पटना के पुनाइचाक पार्क में राजकीय समारोह के रूप में मनाए जाने की भी स्वीकृति दी गई है। बिहार मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण नियमावली 2023 की स्वीकृति दी गई है। इस नियमावली के बाद जिलों में वाहन दुर्घटना केस के निष्पादन के लिए दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण का गठन किया जाएगा। जिलों में दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के गठन के बाद वाहन दुर्घटना पीड़ितों के द्वारा दायर केस का तेज गति से निष्पादन हो सकेगा। कैबिनेट ने बिहार के इंजीनियरिंग कॉलेजों में कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग संकाय के अंतर्गत नियोजित सहायक प्राध्यापकों का 1 अप्रैल 2023 से 30 मार्च 2024 तक एक वर्ष तथा भौतिकी, रसायन, गणित एवं अंग्रेजी संकाय के अंतर्गत नियोजित सहायक प्राध्यापकों को 1 अप्रैल 2023 से 30 सितंबर 2023 यानि छह माह तक या सहायक अध्यापक के रिक्त पदों पर नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो सभी का अवधि विस्तार किया है। 2.5 प्रतिशत बिहार जमीदारी उन्मूलन क्षतिपूरक बंध पत्र को भारतीय रिजर्व बैंक से वित्त विभाग बिहार को हस्तांतरित करने एवं वित्त विभाग को इसके प्रबंधन के लिए नोडल विभाग एवं सचिवालय कोषागार को इसका नोडल कोषागार बनाए जाने की स्वीकृति मिली है।

मुजफ्फरपुर-भागलपुर में खुलेंगे डीएनए केंद्र - यौन शोषण से संबंधित घटनाओं, मृतक की पहचान करने, बच्चों की चोरी या अदला-बदली एवं पितृत्व-मातृत्व जांच के लिए बिहार में क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला भागलपुर तथा मुजफ्फरपुर में डीएनए प्रशाखा की एक-एक यूनिट स्थापित करने के लिए कुल 14 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है।

उप्र के कलंक को हमारी सरकार ने मिटाया : आदित्यनाथ

-टेक्सटाइल पार्क के लिए एमओयू हस्तक्षार कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ, (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए लोकभवन में आयोजित एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की पहचान जिस वस्त्र उद्योग से थी, उस उद्योग को लेकर पीएम मित्र योजना की शुरूआत के लिए उत्तर प्रदेश को चुना गया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इसके लिए आभार जताया। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं तो विपक्ष पर भी करारा हमला बोला। पूर्ववर्ती गैर-भाजपा सरकारों पर भी सवाल खड़े किए। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कलंक को हमारी सरकार ने मिटाने का काम किया। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि प्रधान राज्य रहा है। यहां की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर रहती है। कृषि के बाद वस्त्र उद्योग से बड़ी निर्भरता है। लखनऊ की चिकनकारी, भदोही का कारपेट उद्योग, कानपुर वस्त्र उद्योग का हब होता था। कानपुर प्रदेश नहीं देश का महत्वपूर्ण शहर है। विपक्ष का नाम लिए बगैर कहा कि एक ऐसा समय आया जब कानपुर के उद्योग बंद होते गये। हैण्डलूम सेक्टर भी बंद हो गया। विगत नौ वर्षों में देश ने प्रगति की है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर सम्मिट में उत्तर प्रदेश ने निवेश के बड़े प्रस्ताव प्राप्त किए। उत्तर प्रदेश आगे जल्दी ही निवेश प्रस्तावों में से 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी करेगा। राज्य सरकार निवेशकों की हर जरूरतें पूरी करने का कार्य कर रही है। सरकार ने मानवीय हस्तक्षेप को जीरो स्तर पर ले जाने का कार्य किया है। हम पूरी प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रहे हैं। हम कामगारों के लिए इंटर्नशिप की भी कार्यवाही कर रहे हैं। ऐसा शायद ही एक दो राज्य कर रहे होंगे। वस्त्र उद्योग या अन्य उद्योगों के लिए हम पावर के लिए प्रति यूनिट छूट भी देंगे। निवेशक को किसी कार्यालय के चक्कर न लगाना पड़े, इसके लिए भी सरकार ने व्यवस्था की है। राज्य सरकार निवेशकों के लिए, आपके पूंजी को पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उत्तर प्रदेश में कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे संचालित हैं। हमारा प्रयास है कि गंगा एक्सप्रेस-वे को हम कुंभ 2025 से पहले शुरू कर देंगे।

विपक्ष पर करारा हमला - विपक्ष पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश 2017 से पहले दंगे के लिए जाना जाता था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। 2012 से 17 के बीच 700 से ज्यादा दंगे हुए। 2017 के बाद दंगे की नौबत ही नहीं आई। आज कोई भी अपराधी व्यापारी को धमका नहीं सकता। उत्तर प्रदेश के कलंक को हम मिटा चुके हैं। पहले कहा जाता था कि जहां से अंधेरा शुरू हो, वहां से उत्तर प्रदेश शुरू होता था। आज ये दूर हो गया है। 75 में से 71 जिले अंधेरे में होते थे। आज प्रदेश के गांवों में स्ट्रीट लाइट्स जगमगाती हैं। इससे पहले पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र एवं परिधान(पीएम मित्र) योजना के तहत लखनऊ एवं हरदोई जिले में एक हजार एकड़ में विस्तृत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए एमओयू साइन हुआ है। इस मौके पर उप्र के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

अतीक-अशरफ हत्याकांड : शूटरों के जिला जेल में डीएम-एसपी का औचक निरीक्षण

जिला कारागार
प्रतापगढ़

प्रतापगढ़, (हि. स.)। जिलाधिकारी डॉ. नितिन बंसल और पुलिस अधीक्षक सतपाल ने मंगलवार को जिला जेल की सुरक्षा व्यवस्था का जाएजा लेने के लिए औचक निरीक्षण किया है। यहां की जेल में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के हत्यारे कैद है। दोनों अधिकारियों ने करीब सवा घंटे से तक प्रत्येक जेल का औचक निरीक्षण किया है। जेल सूत्रों की माने तो डॉन बदर्स के हत्यारों की बैरक में अधिकारियों ने चेकिंग की है। निरीक्षण के दौरान जेल में अफरा-तफरी का माहौल बन रहा है। बैरकों की छानबीन के दौरान कोई भी प्रतिबंधित सामान नहीं मिला है। बंदियों से उनके खाने-पीने और जेल में मिली सुविधाओं के बारे में पूछा। दोनों अधिकारियों के वापस लौटने के बाद जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली। उल्लेखनीय है कि अतीक और अशरफ की हत्या करने वाले हत्यारों को सोमवार दोपहर कड़ी सुरक्षा में नैनी जेल से उन्हें यहां पर शिफ्ट किया गया है। नैनी जेल में तीनों की जान की खतरा होने पर यहां भेजा गया है। ये लोग पुलिस की कड़ी निगरानी में है।

झारखंड हाई कोर्ट ने दिया त्रिकुट रोप-वे हादसा मामले में 16 मई तक सरकार से मांगा जवाब

झारखण्ड उच्च न्यायालय

रांची, (हि.स.)। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को त्रिकुट रोप-वे हादसे पर लिये गये स्वतः संज्ञान से जनहित याचिका में तब्दील मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया। कोर्ट ने सरकार को 16 मई तक शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा। हाई कोर्ट की ओर से नियुक्त अमेकस क्यूरी (न्याय मित्र) कुमार वैभव भी अदालत में मौजूद थे। पिछले साल दस अप्रैल को देवघर के त्रिकूट पहाड़ के रोप-वे पर हुए हादसे पर झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ रवि रंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच ने स्वतः संज्ञान लिया था झारखंड हाई कोर्ट इस मामले को स्वतः संज्ञान से जनहित याचिका में तब्दील कर सुनवाई कर रहा है। हाई कोर्ट ने इस मामले को लेकर सरकार से जवाब मांगा था।

कृमि दिवस को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

खूंटी, (हि.स.)। राष्ट्रीय कृमि दिवस की तैयारी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्रा में आंगनबाड़ी सेविकाओं और सरकारी विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान एविडेंस संस्था के प्रशिक्षक नीरज कुमार सिंह और प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ शकील अहमद ने उन्हें प्रशिक्षण दिया। कृमि दिवस के मौके पर 19 वर्ष तक के बच्चों और किशोरो को आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में कृमि मुक्ति दवा एल्बेंडाजोल खिलाने को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं और शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। कृमि मुक्ति दिवस 20 अप्रैल को मनाया जाएगा। इसके साथ ही अगले पांच दिनों तक बच्चों और किशोरों को कृमि निरोधी दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक बच्चों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रशिक्षण में कर्रा प्रखंड की 210 आंगनबाड़ी सेविका और 176 शिक्षकों ने भाग लिया।

नेपाल के वीरगंज में हर माह के अंतिम शुक्रवार और शनिवार लगेगा नाइट मार्केट : मेयर

मोतिहारी, (हि.स.)। नेपाल के प्रमुख शहर वीरगंज में अब हर माह के अंतिम शुक्रवार और शनिवार को नाईट मार्केट का आयोजन होगा। इसकी जानकारी देते वीरगंज महानगर पालिका के मेयर राजेशमान सिंह व मीडिया प्रभारी महेश दास ने संयुक्त रूप बताया है कि नेपाली नववर्ष के उपलक्ष पर तीन दिवसीय रात्रि कालीन बाजार का आयोजन किया गया। जिसका बेहतरीन रिस्पांस मिला है। इस नाइट मार्केट में करीब 3 लाख लोगों ने शिरकत किया। इसमें करीब 4 करोड़ का कारोबार हुआ है। पहली बार 3 दिनों तक 24 घण्टे भारत नेपाल बॉर्डर रात भर खुला रहा। जिससे रक्सौल, मोतिहारी, बेतिया व मुजफ्फरपुर समेत अन्य भारतीय क्षेत्र से करीब 50 हजार से ज्यादा लोग यहां पहुंचे और रात के दो बजे तक जमकर खरीददारी की और गीत संगीत के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो का जमकर आनंद लिया। वीरगंज मेयर राजेश मान सिंह ने बताया कि वीरगंज को नेपाल की आर्थिक राजधानी के रूप में जाना जाता है। जहां नाइट मार्केट का इस आयोजन का काफी अच्छा अनुभव मिला है, इससे न केवल मेरा बल्कि यहां व्यापारियो और उधोगपतियो का भी उत्साह और मनोबल बढ़ा है। इस बेहतरीन अनुभव को देखते हुए वीरगंज में नाइट मार्केट का आयोजन प्रत्येक माह के अंतिम शुक्रवार और शनिवार को करने निर्णय लिया गया है। उन्होने कहा कि इससे वीरगंज के टूरिज्म और ट्रेड मजबूत बनेगा और भारत नेपाल मैत्री सबंध भी मजबूत बनेगा।

नवजात शिशुओं के पोषण के लिए मां का दूध सर्वोत्तम : प्रो.सुषमा नांगिया

icmr
First DHR-ICMR

लखनऊ, (हि.स.)। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के नियोनेटोलॉजी विभाग की ओर "नियोनेटल न्यूट्रिशन" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में आयोजित की गई । कार्यशाला में देशभर के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों से आये बाल रोग विशेषज्ञों ने नवजात शिशुओं में पोषण के महत्व पर चर्चा की।

इस अवसर पर नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम की निर्वाचित अध्यक्ष व लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज नई दिल्ली की प्रोफेसर सुषमा नांगिया ने कहा कि नवजात शिशुओं के पोषण के लिए मां का दूध सर्वोत्तम है। उन्होंने कहा कि समय से पहले जन्मे और समय पर जन्मे बच्चों को मां का दूध उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तनपान प्रबंधन केंद्र खुलने चाहिए जिससे नवजात शिशुओं को सहजता से दूध उपलब्ध हो सके। प्रो. सुषमा नांगिया ने कहा कि नवजात शिशुओं के प्रबंधन में रुग्णता व शिशु मृत्यु दर को कम करने और उनके न्यूरोलॉजिकल सर्वाइकल को अक्षुण्ण रखने के लिए नवजात पोषण एक निरंतर विकसित होता हुआ क्षेत्र है। संस्थान के नियोनेटोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. कीर्ति एम. नारंजे ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य समय से पहले जन्मे शिशुओं पर विशेष ध्यान देते हुए नवजात पोषण के क्षेत्र में हुई नवीनतम प्रगति से स्वास्थ्यकर्मियों को अवगत कराना था। इस कार्यशाला का आयोजन बालरोग विशेषज्ञों, नियोनेटोलॉजिस्ट, नर्सों और पोषण विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यशाला में बीएचयू वाराणसी से प्रोफेसर अशोक कुमार,केजीएमयू से प्रो. माला कुमार, एम्स जोधपुर से डॉ. नीरज गुप्ता, मेदांता, लखनऊ से डॉ. आकाश पंडिता, डॉ. पियाली भट्टाचार्य, डॉ. संजय निरंजन व डॉ. निरंजन सिंह,डॉ. अनीता सिंह, डॉ. आकांक्षा वर्मा, डॉ. अभिषेक पॉल और डॉ. अभिजीत रॉय ने अपने विचार रखे।

ईडी ने रांची में जमीनखोरों की जांच के लिए किया विशेष टीम का गठन

प्रवर्तन निदेशालय
DIRECTORATE OF ENFORCEMENT

रांची, (हि.स.)। झारखंड की राजधानी रांची में जमीनखोरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकंजा कसना शुरू कर दी है। ईडी ने भू-माफिया और जमीन घोटालों के खिलाफ जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया है। ईडी की जांच का सबसे अहम बिंदु सेना की जमीन का घोटाला है। यह जानकारी ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज दी। इस टीम के अफसरों के नामों का खुलासा फिलहाल नहीं किया गया है। इस अधिकारी कहना है कि पिछले दिनों ईडी को रांची के जमीनखोरों से संबंधित करीब 12 शिकायत मिली हैं। सैकड़ों एकड़ जमीन हथिया ली गई हैं। इन शिकायतों में हेराफेरी करने वाले कुछ अफसरों, नेताओं और बिल्डर्स पर गंभीर आरोप हैं। सनद रहे सुर्खियों में आए सेना जमीन घोटाला मामले में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को समन भेजकर 21 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया है। इसके अलावा कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा को समन भेजकर दो मई को ईडी ऑफिस में उपस्थित होने को कहा गया है। इस अधिकारी ने कहा है कि रांची में सेना की जमीन की खरीद-फरोख्त में कोलकाता से फर्जी दस्तावेज तैयार कर हेराफेरी की गई है।

एआईएसएफ ने विभिन्न समस्याओं को लेकर एसबीएसएस कॉलेज में किया प्रदर्शन

Join देश के प्रथम छात्र संगठन से जुड़ें
AISF
SBSS COLLEGE BEGUSARAI
छात्र सहायता केन्द्र
ऑल इण्डिया स्टूडेण्ट्स फेडरेशन
हमारा उद्देश्य - भगत सिंह के सपनों का देश

बेगूसराय, (हि.स.)। स्नातक के रिजल्ट में गड़बड़ी के सुधार के लिए कॉलेज से एक प्रतिनिधि विश्वविद्यालय नियुक्त करने, कॉमन रूम की व्यवस्था करने, नियमित वर्ग संचालन कर कोर्स पूरा करने की गारंटी, भगत सिंह पार्क का जीर्णोद्धार सहित विभिन्न शैक्षणिक सवालों को लेकर ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) ने मंगलवार को एसबीएसएस कॉलेज में प्राचार्य के समक्ष प्रदर्शन किया। मौके पर एआईएसएफ के जिलाध्यक्ष अमरेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय की मानसिकता छात्रों के प्रति ठीक नहीं है। यही कारण है कि हर साल मिथिला विश्वविद्यालय के हजारों छात्रों के रिजल्ट में भारी गड़बड़ी होती है। छात्रों को रिजल्ट ठीक कराने के लिए विश्वविद्यालय और महाविद्यालय चक्कर लगाना पड़ता है। इसके खिलाफ हम लोग अपनी लड़ाई को एकजुटता से लड़ेंगे। प्राचार्य इन तमाम रिजल्ट में सुधार के लिए महाविद्यालय से एक प्रतिनिधि नियुक्त करें, जो विश्वविद्यालय जाकर छात्रों के रिजल्ट में सुधार कर सकें। जिला उपाध्यक्ष बसंत कुमार एवं नगर मंत्री विपिन कुमार ने कहा कि हमारे महाविद्यालय में शहीद-ए-आजम भगत सिंह के नाम से पार्क बना हुआ है। जिसका जीर्णोद्धार करने की जरूरत है, छात्र-छात्राओं को बैठने के लिए कॉमन रूम की व्यवस्था नहीं होने के कारण कॉलेज की स्थिति बदतर बनी रहती है। हमारा संगठन महाविद्यालय प्रशासन से मांग करता है कि अविलंब छात्र-छात्रा के लिए कॉमन रूम की व्यवस्था हो। नियमित वर्ग संचालन कर कोर्स पूरा करने की गारंटी किया जाए। प्रदर्शन का नेतृत्व कॉलेज इकाई अध्यक्ष निलेश कुमार एवं सचिव समीर कुमार कर रहे थे।

संपादकीय

पर्यावरण पर प्रधानमंत्री का आह्वान

भारत सहित समूची दुनिया में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विमर्श भी बन गया है और उसके अनुरूप कुछ प्रयास भी प्रारंभ हुए हैं। विश्व पटल पर पर्यावरण को लेकर गंभीरता का निर्माण करने में भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने प्रभावशाली वैश्विक मंचों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रगत एवं प्रगतिशील देशों का न केवल ध्यान आकर्षित किया है अपितु जिम्मेदारी का अहसास भी कराया है। बीते दिन भी जब वे विश्व बैंक द्वारा आयोजित विश्व नेताओं के एक आभासी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, तब भी उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को उठाया। अपने उद्बोधन में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को व्यापक जनांदोलन बनाने का आह्वान किया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न देशों के शासन-प्रशासन से नहीं अपितु सीधे नागरिकों से आह्वान किया है कि वे व्यक्तिगत रूप से अपने रोजमर्या के जीवन में बदलाव लाकर पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाएं। निःसंदेह यदि हम अपने आचरण को प्रकृति के अनुकूल कर लें, तब बहुत हद तक पर्यावरण संरक्षण की चुनौती से पार पा सकते हैं। यदि हम भारतीय जीवनदर्शन का अध्ययन करेंगे, तब ध्यान आएगा कि हमारे पुरुखों को पर्यावरण संरक्षण की चुनौती का कभी सामना नहीं करना पड़ा क्योंकि उनकी जीवनशैली प्रकृति के अनुकूल थी। हमारा जीवनदर्शन प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चलने पर आधारित है। जबकि पश्चिम के विचार में उपभोग का महत्व है। विगत कुछ दशकों में पश्चिमी विचार के प्रभाव में समूची दुनिया में भौतिकवाद एवं उपभोगवादी मानसिकता हावी हो गई, जिसके परिणाम है कि हमारे सामने अनेक प्रकार की चुनौतियां खड़ी हो गईं। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों से धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने, कार्बन उत्सर्जन को घटाने एवं स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में वृद्धि करने के वैश्विक प्रयास जोरों पर हैं। पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न स्तरों पर बैठकें हो रही हैं और योजनाएं बनायी जा रही हैं। उसके कुछ परिणाम भी वर्तमान में दिखने लगे हैं। परंतु आम नागरिक को सामान्यतौर पर यह जानकारी नहीं होती की संस्थागत प्रयासों के साथ ही वह व्यक्तिगत स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में क्या योगदान कर सकता है? यदि लोगों को भी उनके कर्तव्य ध्यान दिलाएं जाएं तो वे भी पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया 'स्वच्छ भारत अभियान' ऐसा ही एक सफल उदाहरण है। यह अभियान इसलिए सफल हो सका है क्योंकि प्रशासन को आम नागरिकों का भरपूर साथ मिला है। स्वच्छता के प्रति सजग होकर आम नागरिकों ने सरकार के आग्रह के अनुरूप अपने व्यवहार में बदलाव किया, तब उसके किस तरह के चमत्कारिक परिणाम आए हैं, सब हमारे सामने हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम नागरिकों से आह्वान किया है कि पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में आम लोग अपनी भूमिका को पहचान लें, अपने नित्य व्यवहार में बदलाव ले आएं, तो वैश्विक संस्थाओं एवं विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों को अभूतपूर्व सफलता मिलेगी। दुनियाभर के नागरिकों को समझना चाहिए कि पर्यावरण संरक्षण आज अत्यंत आवश्यक मुद्दा बन गया है। इस मुद्दे की और अधिक अनदेखी नहीं की जा सकती। यदि पर्यावरण संरक्षण के लिए देश-दुनिया में जनांदोलन खड़ा हो जाता है, तब वांछित परिणाम प्राप्त होना तय है।

> भारतीय जीवनदर्शन का अध्ययन करेंगे, तब ध्यान आएगा कि हमारे पुरुखों को पर्यावरण संरक्षण की चुनौती का कभी सामना नहीं करना पड़ा क्योंकि उनकी जीवनशैली प्रकृति के अनुकूल थी। हमारा जीवनदर्शन प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चलने पर आधारित है। जबकि पश्चिम के विचार में उपभोग का महत्व है। विगत कुछ दशकों में पश्चिमी विचार के प्रभाव में समूची दुनिया में भौतिकवाद एवं उपभोगवादी मानसिकता हावी हो गई, जिसके परिणाम है कि हमारे सामने अनेक प्रकार की चुनौतियां खड़ी हो गईं। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों से धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने, कार्बन उत्सर्जन को घटाने एवं स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में वृद्धि करने के वैश्विक प्रयास जोरों पर हैं। पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न स्तरों पर बैठकें हो रही हैं और योजनाएं बनायी जा रही हैं। उसके कुछ परिणाम भी वर्तमान में दिखने लगे हैं। परंतु आम नागरिक को सामान्यतौर पर यह जानकारी नहीं होती की संस्थागत प्रयासों के साथ ही वह व्यक्तिगत स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में क्या योगदान कर सकता है? यदि लोगों को भी उनके कर्तव्य ध्यान दिलाएं जाएं तो वे भी पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं।

अमृत कलश

नचिकेता का संवाद

वाजश्रवा एक ऋषि थे। एक बार, उसने एक महान यज्ञ करने का निश्चय किया जिसमें वह अपना सब कुछ दान कर देना चाहता था। उनका नचिकेता नाम का एक बेटा था जो अभी भी एक लड़का था लेकिन बेहद बुद्धिमान और मन और दिल से बहुत शुद्ध था। उसने देखा कि उसके पिता दुबली और कमजोर गायों को दे रहे हैं जो दूध देने में असमर्थ हैं। मेरे पिता बूढ़ी गायों को दान में देकर सही काम नहीं कर रहे हैं, नचिकेता ने खुद से कहा तो वह अपने पिता के पास गए और पूछा, श्पिताजी, मैंने सुना है कि जिस तरह का यज्ञ आप कर रहे हैं, उसे त्यागना होगा वह सब जिसके पास है। ऐसी दशा में तुम मुझे किसे दोगे?" वाजश्रवा ने कोई उत्तर नहीं दिया। कुछ देर बाद नचिकेता ने फिर वही प्रश्न किया, पर व्यर्थ। उसे अपने पिता से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। नचिकेता ने फिर तीसरी बार वही प्रश्न दोहराया। वाजश्रवा अपने क्रोध पर नियंत्रण नहीं रख सके; वह अपने ही पुत्र से यह कहते हुए फूट पड़ा, श्मैं तुम्हें मृत्यु के देवता यम को दूंगा। नचिकेता ने अपने पिता की बात मानी और मृत्यु के राज्य में चला गया। हालांकि, उस दौरान यम मौजूद नहीं थे। नचिकेता को प्रवेश देने का किसी ने साहस नहीं किया। सो वह तीन दिन और तीन रात तक फाटक के पास बिना जल की एक बूंद भी बाट जोहता रहा। जब यम वापस लौटे और उन्होंने नचिकेता को अपने दरवाजे पर पाया तो उन्हें एक ब्राह्मण को तीन दिन और तीन रातों तक इंतजार कराने का दुख हुआ। उन्होंने अपने परिचारकों को नचिकेता को आमंत्रित करने और स्वागत करने के लिए पवित्र जल लाने का आदेश दिया। नचिकेता का आतिथ्य सत्कार करने के बाद यम ने नचिकेता से कहा, "प्रिय बालक, मैंने तुम्हें तीन दिन प्रतीक्षा कराकर अच्छा नहीं किया। इसलिए मैं आपसे तीन वरदान मांगने का अनुरोध करता हूं।

बोध कथा

मैले कपड़े

जापान के ओसाका शहर के निकट किसी गाँवों में एक जेन मास्टर रहते थे। उनकी ख्याति पूरे देश में फैली हुई थी और दूर-दूर से लोग उनसे मिलने और अपनी समस्याओं का समाधान कराने आते थे। एक दिन की बात है मास्टर अपने एक अनुयायी के साथ प्रातः काल सैर कर रहे थे कि अचानक ही एक व्यक्ति उनके पास आया और उन्हें भला-बुरा कहने लगा। उसने पहले मास्टर के लिये बहुत से अपशब्द कहे , पर बावजूद इसके मास्टर मुस्कुराते हुए चलते रहे। मास्टर को ऐसा करता देख वह व्यक्ति और भी क्रोधित हो गया और उनके पूर्वजों तक को अपमानित करने लगा। पर इसके बावजूद मास्टर मुस्कुराते हुए आगे बढ़ते रहे। मास्टर पर अपनी बातों का कोई असर ना होते हुए देख अंततः वह व्यक्ति निराश हो गया और उनके रास्ते से हट गया। उस व्यक्ति के जाते ही अनुयायी ने आश्चर्य से पुछा ,"मास्टर आपने भला उस दुष्ट की बातों का जवाब क्यों नहीं दिया , और तो और आप मुस्कुराते रहे , क्या आपको उसकी बातों से कोई कष्ट नहीं पहुंचा ?"जेन मास्टर कुछ नहीं बोले और उसे अपने पीछे आने का इशारा किया। कुछ देर चलने के बाद वे मास्टर के कक्ष तक पहुँच गये।

दूसरों के हित चिंतन के लिए चेतना को उन्नत और प्रशस्त बनाना पड़ता है

ईर्ष्या से आगे बढ़ने का विचार कभी सुखद नहीं होता

ललित गर्ग

यह बड़ा सत्य है कि स्वार्थी एवं संकीर्ण समाज कभी सुखी नहीं बन सकता। इसलिए दूसरों का हित चिंतन करना भी आवश्यक होता है और उदार दृष्टिकोण भी जरूरी है। इसके लिए चेतना को बहुत उन्नत बनाना होता है। अपने हित के लिए तो चेतना स्वतः जागरूक बन जाती है, किन्तु दूसरों के हित चिंतन के लिए चेतना को उन्नत और प्रशस्त बनाना पड़ता है। लेकिन ऐसा नहीं होता। इसका कारण है मनुष्य की स्वार्थ चेतना। स्वार्थ की भावना बड़ी तीव्र गति से संक्रान्त होती है और जब संक्रान्त होती है तो समाज में भ्रष्टाचार, गैरजिम्मेदारी एवं लापरवाही बढ़ती है। हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का अधिकार है। संसार में किसी के लिए भेदभाव नहीं है। जिस प्रगति में सहजता होती है, उसका परिणाम सुखद होता है। किसी को गिराकर या काटकर आगे बढ़ने का विचार कभी सुखद नहीं होता, काटने का प्रयास करने वाला स्वयं कट जाता है। प्रगतिशील समाज के लिये प्रतिस्पर्धा अच्छी बात है, लेकिन जब प्रतिस्पर्धा के साथ ईर्ष्या जुड़ जाती है तो वह अनर्थ का कारण बन जाती है। संस्कृत कोश में भी ईर्ष्या और प्रतिस्पर्धा में थोड़ा भेद किया गया है, पर वर्तमान जीवन में प्रतिस्पर्धा ईर्ष्या का पर्यायवाची बन गई है। उसके पीछे विभिन्न भाषाओं में होने वाला गलाकाट विशेषण का प्रयोग इसी तथ्य की ओर संकेत करता है। ईर्ष्यालु मनुष्य में सुख का भाव दुर्बल होता है। उसकी इस वृत्ति के कारण वह निरंतर मानसिक तनाव में जीता है। उसके संकीर्ण विचार और व्यवहार से पारिवारिक और सामाजिक जीवन में टकराव और बिखराव की समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। आचार्य श्री तुलसी ने ईर्ष्या को असाध्य मानसिक व्याधि के रूप में प्ररूपित किया है, जिसका किसी भी मंत्र-तंत्र, जड़ी-बूटी व औषधि से चिकित्सा संभव नहीं है। ईर्ष्यालु मनुष्य स्वयं तो जलता ही है, दूसरों को जलाने का प्रयास भी करता है। स्वामी रामतीर्थ ने ब्लैकबोर्ड पर एक लकीर खींची तथा कक्षा में उपस्थित छात्रों से बिना स्पर्श किए उसे छोटी करने का निर्देश दिया अधिकतर विद्यार्थी उस निर्देश का मर्म नहीं समझ सके। एक विद्यार्थी की बुद्धि प्रखर थी। उसने तत्काल खड़े होकर उस लकीर के पास एक बड़ी लकीर खींच दी। स्वामी रामतीर्थ बहुत प्रसन्न हुए। उनके प्रश्न का सही समाधान हो गया। दूसरी लकीर अपने आप छोटी हो गई। उन्होंने उस विद्यार्थी की पीठ थपथपायी और उसे आशीर्वाद दिया। रहस्य समझाते हुए उन्होंने कहा- अपनी योग्यता और सकारात्मक सोच से विकास करते हुए बड़ा बनना चाहिए। किसी को काटकर आगे बढ़ने का विचार अनुचित और घातक है।कभी हम अवसरों का इंतजार कर रहे होते हैं तो कभी नतीजों का। ये इंतजार जितना लंबा होता है, बेचैनी उतनी बढ़ती जाती है। पर यहीं जरूरत होती है, चलते रहने की, काम करने की, और नया सीखने की। कवि युआन वूल्फंग वॉन गोइठा कहते हैं कि मायने इस बात के नहीं हैं कि लक्ष्य हासिल करके हमें क्या मिला? मायने इस बात के हैं कि हम उन्हें हासिल करने की प्रक्रिया में क्या बन गए हैं? हम अपने मन की कम जीते हैं, दूसरों की परवाह ज्यादा करते हैं। यही वजह है कि हम अकसर नाखुश दिखते हैं। तो क्या करें? कहा जाता है कि हमेशा अच्छे मकसद के लिए काम करें, तारीफ पाने के लिए नहीं। खुद को जाहिर करने के लिए जिएं, दूसरों को खुश करने के लिए नहीं। ये कोशिश ना करें कि लोग आपके होने को महसूस करें। काम यूं करें कि लोग तब याद करें, जब आप उनके बीच में ना हों। जब जिंदगी सही चल रही होती है तो हर चीज आसान लगती है। वहीं थोड़ी सी गड़बड़ होने पर हर चीज कठिन। या तो सब सही या सब गलत। संतुलन बनाना हमारे लिए मुश्किल होता है। लेखक जेम्स बराज कहते हैं, 'आज में जिएं। याद रखें कि वक्त कैसा भी हो, बीत जाता है। अपनी खुशी और गम दोनों में खुद पर काबू रखें।' तरक्की की यात्रा अकेले नहीं हो सकती। जरूरी है कि आप अपने साथ दूसरों को भी आगे ले जाएं। उनके जीवन पर अच्छा असर डालें। इसके लिए बहुत कुछ करने की जरूरत नहीं होती। कितनी ही बार आपकी एक हंसी, एक हामी, छोटी सी मदद दूसरे का दिन अच्छा बना देती है। अमेरिकी लेखिका माया एंजेलो कहती हैं, 'जब हम खुशी से देते हैं और प्रसाद की तरह लेते हैं तो सब कुछ वरदान ही है।' सामुदायिक चेतना और सकारात्मकता का विकास हो, सबका प्रशस्त चिंतन हो, स्वयं और समाज के संदर्भ में तब कहीं जाकर समाज का वास्तविक विकास होता है। आज राष्ट्र का और पूरे विश्व का निरीक्षण करें, स्थिति पर दृष्टिपात करें तो साफ पता चल जाएगा कि लोगों में स्वार्थ की भावना बलवती हो रही है। लेकिन मनुष्य की मनोवृत्ति है कि वह ईर्ष्यालु होता है। आपके अपने जब आपसे ज्यादा तरक्की करने लगते हैं, जिंदगी में आगे बढा. रहे होते हैं तो आप अच्छा महसूस नहीं करते हैं और ये कसक होती है कि ऐसा हमारे साथ क्यों नहीं हुआ? कैसे इस ईर्ष्या को कम करें, थ्री इडियट फिल्म का एक लोकप्रिय संवाद था, अगर आपका दोस्त फेल होता है तो आपको बुरा लगता है, पर वही दोस्त अगर फर्स्ट आता है तो और भी बुरा लगता है। मानव व्यवहार के इस आयाम पर मनोवैज्ञानिक सलाहकार डॉ. दीपाली एस कहती हैं, 'जो आपके बहुत निकट होते हैं, उनका दुख चोट पहुंचाता है। अगर परिवार का कोई सदस्य या दोस्त मुसीबत में हो तो आप तुरंत उसकी मदद को पहुंच जाते हैं। पर जब वह तरक्की करता है, आपसे ज्यादा कमाने लगता है तो अधिकांश लोगों की सोच बदलने लगती है। यह एक मानवीय गुण है कि हम हमेशा अपने आपको दूसरों से आगे देखना चाहते हैं। चाहते हैं कि आसपास सबसे अधिक इज्जत हमारी हो। हमारे दिमाग में यह बात घर कर गई है कि जो ज्यादा कमाता है, अच्छी जीवनशैली जीता है, परीक्षा में अव्वल आता है, वो सफल है। जबकि हमें जिंदगी की सफलता दूसरी बातों में ढूंढ़नी चाहिए।' जिंदगी के इस फलसफे के बारे में प्रसिद्ध चिंतक एलेक्स टर्नबुली कुछ इस तरह से कहते हैं, 'मैं कुछ सालों पहले तक हर उस व्यक्ति को अपना दुश्मन मानता था, जो मुझसे अधिक सफल था। मैंने इस चिंता में बहुत कुछ गंवा डाला।

> मानव व्यवहार के इस आयाम पर मनोवैज्ञानिक सलाहकार डॉ. दीपाली एस कहती हैं, 'जो आपके बहुत निकट होते हैं, उनका दुख चोट पहुंचाता है। अगर परिवार का कोई सदस्य या दोस्त मुसीबत में हो तो आप तुरंत उसकी मदद को पहुंच जाते हैं। पर जब वह तरक्की करता है, आपसे ज्यादा कमाने लगता है तो अधिकांश लोगों की सोच बदलने लगती है। यह एक मानवीय गुण है कि हम हमेशा अपने आपको दूसरों से आगे देखना चाहते हैं। चाहते हैं कि आसपास सबसे अधिक इज्जत हमारी हो। हमारे दिमाग में यह बात घर कर गई है कि जो ज्यादा कमाता है, अच्छी जीवनशैली जीता है, परीक्षा में अव्वल आता है, वो सफल है। जबकि हमें जिंदगी की सफलता दूसरी बातों में ढूंढ़नी चाहिए।'

अतीक की हत्या या बड़ी साजिश

माफिया अतीक अहमद और उसके भाई असरफ के आतंक का अंत इस तरीके से होगा इसकी उत्तरप्रदेश पुलिस और खुद अतीक और उसके परिवार को इसकी कल्पना नहीं रहीं होगी। लेकिन यह सच था कि पुलिस की कार्रवाई को लेकर वह सहमा था। उसके भीतर कहीं न कहीं यह भय था कि उसकी भी हत्या कि जा सकती है। झाँसी में बेटे असद के एनकाउंटर के बाद उसका डर और गहरा हो गया था। इस घटना के बाद उत्तरप्रदेश पुलिस और राज्य की कानून व्यवस्था सवालों के घेरे में है। सवाल उठता है कि इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में अतीक और असरफ की हत्या कैसे हुईं। विपक्ष का सवाल उठाना लाज़मी है कि फिर कानून व्यवस्था का क्या मतलब है? क्योंकि अतीक माफिया भले था लेकिन उसी प्रयागराज से पांच बार विधायक और एक बार सांसद रह चुका था। जिस तरह पुलिस अभिरक्षा में घूस कर तीन युवकों ने गोली मार कर हत्या कि वह अपने आप में बड़ा सवाल है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती, अखिलेश यादव और ओवैसी ने इस हत्या की तीखी आलोचना की है। उधर सपा के महासचिव रामगोल यादव ने अतीक के बाकि बचे बेटों के हत्या की भी आशंका जतायी है। उन्होंने इसे सुनियोजित हत्या बताया है। योगी सरकार ने इस घटना की रिपोर्ट केंद्रीय गृहमंत्रालय को भी भेजा है। पुलिस अभिरक्षा में अतीक और असरफ की हत्या की घटना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से लिया है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़े न इसके लिए राज्य पुलिस को कड़े निर्देश दिए गए हैं। प्रयागराज में जहाँ इंटरनेट बंद कर दिया गया है। वहीं पूरे प्रदेश में धारा 144 लागू कर दी गयीं है। घटना के सम्बन्ध में 17 पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। राज्य पुलिस मुख्यालय से पांच आईपीस अफसरों को कानून-व्यवस्था निगरानी और समीक्षा के लिए भेजा गया है। अब अतीक की हत्या को मजहबी रंग भी दिया जाने लगा है। लेकिन कानून-व्यवस्था पर तो सवाल तो उठेगा ही। निश्चित रुप से अतीक और उसके गुर्गो को उसके गुनाहों की सजा मिलनी चाहिए थी। इसके लिए संवैधानिक गतिविधियां अपनायी गयीं थीं। प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने उमेशपाल हत्याकाण्ड में अतीक के खिलाफ सजा भी सुनायी थी। साबरती से उसे दूसरी बार पुलिस रिमांड पर प्रयागराज ले आया गया था। माफिया डॉन अबू सलेम और पाकिस्तान कनेक्शन पर भी धूमनगंज थाने में पूछताछ हो रहीं थी। लेकिन जिस तरह अतीक की हत्या को अंजाम दिया गया वह किसी बड़ी साजिश की तरफ इशारा करती है। प्रयाराज में मेडिकल परिक्षण के दौरान अतीक और उसके भाई की हत्या को लेकर उसकी अभिरक्षा में लगी पुलिस भी सवालों को घेरे में हैं। सवाल उठता है कि रात में जिस समय अतीक पर हमलावर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा रहे थे उस दौरान पुलिस क्या कर रहीं थी। पुलिस ने काउंटर फायरिंग क्यों नहीं किया। अतीक कोई मामूली कैदी नहीं था वह पांच बार का विधायक और सांसद रह चुका था। वह बेहद हाईप्रोफ़ाइल व्यक्ति था उसकी हत्या कोई सामान्य बात नहीं है। जब आरोपित गोलियां बरसा रहे थे तो पुलिस को उन पर कवर फायरिंग करना था। लेकिन पुलिस ने ऐसा क्यों नहीं किया। इस मीडिया रिपोर्ट में अतीक का जो वीडियो आया है उसमें साफ दिख रहा है कि उसे एकदम सटाकर गोली मारी गयीं। आरोपित ताबड़तोड़ गोली मारते रहे और पुलिस मौन ही। इस घटना में एक पुलिस वाले और पत्रकार के घायल होने की खबर है। लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं किया, हमलावर आराम से हत्या कर हथियार डाल कर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करते हैं। अगर पुलिस की कवर फायरिंग में तीन में किसी भी बदमाश को गोली लगती तो पुलिस की भूमिका पर सवाल न उठते। प्रयागराज में अतीक की हत्या किसी बड़े इशारे की ओर इंगित करती है। हत्या के आरोपित जिन तीन युवकों का नाम आ रहा है उसमें लवलेश तिवारी बांदा, अरुण मौर्या कासगंज और सनीसिंह हमीरपुर शामिल हैं। यह तीनों बड़े अपराधी हैं। लेकिन अतीक की हत्या के लिए तीनों का एक साथ आना बड़े सवाल खड़े करता है। कहीं तीनों अतीक के गैंग से ही नहीं जुड़े थे। अतीक से हुई पुलिस पूछताछ में इनका नाम भी तो नहीं आ रहा था। दूसरी बात जांच के दायरे में कोई बड़ा आदमी तो नहीं फंस रहा था। जिसने अपनी गर्दन बचाने के लिए ऐसी साजिश रची। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि तीनों एक लाज में रुके थे। लेकिन उन्हें कैसे पता था कि अतीक को इसी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के लिए लाया जाएगा। घटना को अंजाम देने से पूर्व रेकी की भी बात आयी है। निश्चित रुप से यह एक सुनियोजित प्लानिंग थी। जिसकी वजह से आरोपित मीडियाकर्मी बनकर घटना को अंजाम दिया। इस घटना का सच सामने आना चाहिए। निश्चित रुप से इसमें कोई बड़ा नाम भी हो सकता है। लेकिन राज्य की कानून-व्यवस्था पर अतीक और असरफ की हत्या बड़ा सवाल छोड़ गयीं है। इस घटना का पर्दाफांस हर स्थिति में होना चाहिए। इस तरह अतीक की हत्या क्यों की गयीं। यह सिर्फ अतीक की हत्या ही नहीं राज्य की कानून व्यवस्था और उसकी पुलिस से भी जुड़ा बड़ा सवाल है। इस घटना की ज़मीनी सच्चाई सामने आनी चाहिए।

> विपक्ष का सवाल उठाना लाज़मी है कि फिर कानून व्यवस्था का क्या मतलब है? क्योंकि अतीक माफिया भले था लेकिन उसी प्रयागराज से पांच बार विधायक और एक बार सांसद रह चुका था। जिस तरह पुलिस अभिरक्षा में घूस कर तीन युवकों ने गोली मार कर हत्या कि वह अपने आप में बड़ा सवाल है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती, अखिलेश यादव और ओवैसी ने इस हत्या की तीखी आलोचना की है। उधर सपा के महासचिव रामगोल यादव ने अतीक के बाकि बचे बेटों के हत्या की भी आशंका जतायी है। उन्होंने इसे सुनियोजित हत्या बताया है। योगी सरकार ने इस घटना की रिपोर्ट केंद्रीय गृहमंत्रालय को भी भेजा है। पुलिस अभिरक्षा में अतीक और असरफ की हत्या की घटना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से लिया है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़े न इसके लिए राज्य पुलिस को कड़े निर्देश दिए गए हैं। प्रयागराज में जहाँ इंटरनेट बंद कर दिया गया है। वहीं पूरे प्रदेश में धारा 144 लागू कर दी गयीं है। घटना के सम्बन्ध में 17 पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। राज्य पुलिस मुख्यालय से पांच आईपीस अफसरों को कानून-व्यवस्था निगरानी और समीक्षा के लिए भेजा गया है।

नागरिक बोध

भाजपा का मिशन 2024 लोकसभा चुनाव पर राजनेताओं का फोकस

भाजपा के पहले यात्री लालकृष्ण आडवाणी जोकि टोयोटा रथ पर सवार होकर सियासी हिन्दुओ को तैयार करने के लिए निकले थे। उन्होंने वांछित लक्ष्य हासिल किया।भाजपा ने अपनी लोकसभा चुनाव की सीटो की संख्या 85 के मुकाबले बढ़ाकर 1991 में 115 की थी।जब भी उसे खांटी बैंक तक जाने की जरूरत हुई। उसने एक यात्रा निकाल दी। भाजपा के मई 2004 की उनकी भारत यात्रा नतीजों के लिहाज से एकदम उलट साबित हुई। भाजपा ने 2014 में भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूसरी बार पीएम की कुर्सी पर बैठे। सबका साथ सबका विकास के इस नारे से मतदाताओ का भरोसा जितने में मोदी सफल हुए। 2019 लोकसभा में भारी बहुमत से प्रधानमंत्री बने।जब भी मुश्किल में हो यात्रा निकालने में भाजपा अग्रणी रही है। भाजपा का जन आंदोलन सफलता दे गया। प्रधानमंत्री की साफ छवि और भाजपा के विकासलक्षी आयोजनों में कदम कदम पर सफलता मिलती गई।तीसरी बार चुनाव जीतने की रणनीति में विपक्ष की एकजुटता आड़े आने की संभावनाओ को भाजपा नकार रही है। कांग्रेस ने अडाणी मुद्दे को हवा देकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए विपक्षी दलों की एकजुटता भाजपा को विचलित करने में पूरा जोर लगा दिया है। हिंदुत्व का पाया मजबूत करने और हिंदुत्व वोट हासिल करने के लिए लालकृष्ण आडवाणी और सन्यासिनि उमा भारती ने रथों की कमान संभाली थी। भाजपा के वर्तमान नेताओ को बना बनाया संगठन मिल गया था। इस संगठन को वटवृक्ष बनाने में हाल के नेताओ ने विश्वास की जड़ो से सींचा है।मोदी,अमित शाह और नड्डा की लोकप्रियता से भाजपा को बल मिला है। कथनी करनी के हिमायती इन नेताओं ने और भाजपा संगठन ने विकासलक्षी योजना और परियोजनाओं का बीजारोपण कर हर नागरिकों के चेहरे पर खुशी लाने के लिए हर समय कामयाबी हासिल की है। सबका साथ सबका विकास के इस नारे ने देश विदेश में भारत की जनता के प्रति भावनात्मकअभिगम अपनाने में सफलतापूर्वक मिशन को गतिमान किया है। विधानसभा चुनावों पूर्वोतर में सफलता मिलने के बाद छह राज्यो के विधानसभा चुनाव ने भाजपा झंडे गाड़ने की योजना बना रही है। देश मे अव्वल भाजपा का मिशन 2024 में अमित शाह की अगुवाई में प्रचार प्रसार कर सर्व समाज को एक मंच पर लाने की मुहिम रंग बिखेरती नजर आने वाली है। देश की उन्नति और विकास की नींव को मजबूत कर सशक्त भारत निर्माण में भाजपा के दिग्गज नेताओं की मेहनत रंग लाएगी।इस विश्वास के साथ भाजपा देश के नागरिकों के वचनबद्धता को साकार करने का निर्देश दे रही है। भाजपा को 2024 की लड़ाई लड़नी है। उसके पहले विधानसभा चुनाव में लड़ाई लड़नी बाकि है। जिसकी फलश्रुति विकास के मापदंडों पर आधारित है।

देश दुनीया से

स्वस्थ लिवर के लिए अपनी जीवनशैली में करें बदलाव

लिवर या यकृत से संबंधित बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस मनाया जाता है। शरीर के अन्य हिस्सों की तरह लिवर भी हमें स्वस्थ्य रखने में काफी अहम भूमिका निभाता है। इसलिए उसका ख्याल रखना भी बेहद आवश्यक है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के मुताबिक मस्तिष्क को छोड़कर लिवर शरीर का दूसरा सबसे बड़ा और सबसे जटिल अंग है, यह शरीर के पाचन तंत्र का एक प्रमुख अंग है। हम जो कुछ भी खाते या पीते हैं, चाहे वह भोजन हो, दवा या फिर कुछ और, इससे शरीर में उत्पन्न होने वाले विषाक्त पदार्थों और आंतों द्वारा अवशोषित हानिकारक पदार्थों को संभालने के लिए लिवर से होकर गुजरता है। इसके लिए लिवर को सबसे ज्यादा जिम्मेदार ठहराया जाता है। बिना लिवर के हम जीवित नहीं रह सकते। लिवर लगभग 300 से ज्यादा विभिन्न प्रकार के कार्य हमारे शरीर में करता है जैसे रक्त में शर्करा को नियंत्रण करना, विषाक्त पदार्थ को अलग करना, ग्लूकोज को ऊर्जा में बदलना, प्रोटीन पोषण की मात्रा को संतुलन करना आदि। शरीर का यह ऐसा महत्वपूर्ण अंग है जिसकी अगर आप अच्छी तरह से देखभाल नहीं करते हैं तो यह आसानी से क्षतिग्रस्त हो सकता है। कई बार हम अनजाने में या फिर गलत आहार के चलते भी गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं। लिवर ऐसे सैकड़ों जटिल कार्य करता है, जिनमें शामिल हैं- संक्रमण और बीमारी से लड़ना, रक्त शर्करा का विनियमन, शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालना, कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करना, रक्त को थक्का जमने में मदद करना, पित्त का विमोचन अर्थात पाचन में सहायता करता है। एक हेल्दी लिवर पाने के लिए अपने डाइट और जीवनशैली में बदलाव कर सकते हैं। लिवर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम करें और स्वस्थ आहार लें। सभी खाद्य समूहों के खाद्य पदार्थ खाएं जिनमें अनाज, प्रोटीन, डेयरी उत्पाद, फल, सब्जियां और वसा शामिल हो। ऐसे खाद्य पदार्थ खाएं जिनमें बहुत सारे फाइबर हों जैसे ताजे फल और सब्जियां, साबुत अनाज की ब्रेड, चावल और अनाज। लहसुन, अंगूर, गाजर, हरी पत्तेदार सब्जियां, सेब और अखरोट खाएं। नींबू का रस और ग्रीन टी लें। शराब, धूम्रपान और नशीले पदार्थों को ना कहें, शराब, धूम्रपान और ड्रग्स लिवर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं। यहां तक कि पैसिव स्मोकिंग के शिकार भी न बनें। जहरीले रसायनों से सावधान रहें, एरोसोल और सफाई उत्पादों और कीटनाशकों जैसे रसायन, जहरीले पदार्थ पैदा करते हैं जो यकृत कोशिकाओं को घायल कर सकते हैं। व्यक्ति को नियमित रूप से एक्सरसाइज करनी चाहिए। एक्सरसाइज करने से न केवल शरीर स्वस्थ रह सकता है बल्कि लिवर की चर्बी भी कम हो सकती है। एक्सरसाइज करने से लिवर के काम पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वजन नियंत्रण में रखेंगे तो नॉन-अल्कोहल फैटी लिवर रोग को रोकने में मदद मिल सकती है। साथ ही बहुत सारी रोगों के फैलाव से बचाव होगा। ज्यादा शराब का सेवन न करें। यह लिवर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है और सिरोसिस में सूजन पैदा कर सकता है, जो घातक हो सकता है। लिवर की बीमारी का आमतौर पर तब तक कोई स्पष्ट संकेत या लक्षण नहीं दिखता है जब तक कि यह काफी जटिल न हो और लिवर क्षतिग्रस्त न हो जाए। इस स्तर पर, संभावित लक्षण भूख में कमी, वजन घटने और पीलिया आदि हैं। लिवर शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। वहीं इसका कार्य भोजन को पचाना होता है। लिवर का काम ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने और प्रोटीन बनाने का भी होता है। शरीर के विकास के लिए प्रोटीन की आवश्यकता होती है। भोजन से भी पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन की जरूरतें शरीर में पूरी नहीं हो पाती हैं। इसलिए लिवर प्रोटीन का उत्पादन करता है और यहां तक कि एंजाइमों और रसायनों को रक्त के थक्के बनाने में मदद करता है, जो कि रक्तस्राव को रोकने के लिए जरूरी होता है। जिन लोगों में लिवर अस्वस्थ होता है, उन्हें रक्तस्राव आसानी से हो सकता है।

> राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के मुताबिक मस्तिष्क को छोड़कर लिवर शरीर का दूसरा सबसे बड़ा और सबसे जटिल अंग है, यह शरीर के पाचन तंत्र का एक प्रमुख अंग है। हम जो कुछ भी खाते या पीते हैं, चाहे वह भोजन हो, दवा या फिर कुछ और, इससे शरीर में उत्पन्न होने वाले विषाक्त पदार्थों और आंतों द्वारा अवशोषित हानिकारक पदार्थों को संभालने के लिए लिवर से होकर गुजरता है। इसके लिए लिवर को सबसे ज्यादा जिम्मेदार ठहराया जाता है। बिना लिवर के हम जीवित नहीं रह सकते।

पाकिस्तान में चीनी नागरिक पर ईशनिंदा का आरोप: भीड़ ने कैम्प घेरा, पुलिस ने बचाया; 2021 में श्रीलंकाई नागरिक को जिंदा जला दिया था

इस्लामाबाद।

पाकिस्तान में अब एक चीन के नागरिक पर ईशनिंदा का आरोप लगा है। गुस्साए लोगों ने कोहिस्तान में चीनी नागरिकों के रिहायशी कैम्प को घेर लिया। ऐन मौके पर पुलिस पहुंची और चीन के सभी नागरिकों को बमुश्किल बचाया। जिस शख्स पर ईशनिंदा का आरोप लगा है उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। 3 दिसंबर 2021 को सियालकोट में श्रीलंका के एक फैक्ट्री मैनेजर को भीड़ ने पीट-पीटकर अधमरा कर दिया था। बाद में उसे फैक्ट्री से खींचकर लाया गया और जिंदा जला दिया गया। उस वक्त इमरान खान प्रधानमंत्री थे। पाकिस्तान सरकार की तरफ से जारी डेटा के मुताबिक- 1947 से अब तक 89 लोग ईशनिंदा के आरोप में मारे गए हैं। इनमें 6 विदेशी और ज्यादातर अल्पसंख्यक हैं।

मजदूरों ने की शिकायत - कोहिस्तान के दासू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट पर बड़ी तादाद में चीनी इंजीनियर और टेक्नीशियन काम कर रहे थे। यहां सभी मजदूर पाकिस्तानी हैं। इनमें दो ट्रक ड्राइवर हैं। इनके नाम गुलिस्तान और यासिर हैं। इन दोनों ने ही पाकिस्तानी मजदूरों को बताया कि चीन के एक अफसर ने ईशनिंदा की है। इसके बाद ये लोग भड़क उठे। भीड़ चीनी नागरिकों के रिहायशी कैम्प में पहुंची और वहां हमला कर दिया। इसी दौरान पुलिस फोर्स पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद चीनी नागरिकों को बचाकर थाने ले आई।

ईशनिंदा कानून की धारा 295-सी के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी चीनी नागरिकों को किसी महफूज जगह ले जाया गया है। इलाके में भारी तनाव है। यहां बड़ी तादाद में लोग पहुंचे और काराकोरम हाईवे जाम कर दिया।

यहीं मारे गए थे 10 चीनी इंजीनियर - 2021 में बलूचिस्तान के ग्वादर में चाइना पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर के प्रोजेक्ट पर काम करने वाले चीनी इंजिनियरों के काफिले पर फिदायीन हमला हुआ था। इसमें 9 चीनी इंजीनियर मारे गए थे। पाकिस्तान की सरकार ने इस मामले में चीन को धोखा देने की कोशिश की थी। उसने कहा था कि यह रोड एक्सीडेंट है। बाद में चीन के अफसरों की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची। इसने जांच में साफ कर दिया कि चीनी इंजीनियरों की बस पर फिदायीन हमला हुआ था और इसके सबूत बिखरे पड़े हैं। हमले की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने ली थी।

न्यूज ब्रीफ

पाक नेशनल असेंबली ने एससी के आदेश की अवहेलना की, पंजाब चुनाव फंड के लिए पूरक अनुदान किया खारिज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की संसद के निचले सदन ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद पंजाब में चुनाव के लिए 21 अरब रुपये के पूरक अनुदान की मांग को खारिज कर दिया, जिससे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण प्रांत में चुनावों को लेकर अनिश्चितता गहरा गई और सरकार और न्यायपालिका के बीच तनाव बढ़ गया। कानून और न्याय मंत्री आजम नजीर तरार ने कैबिनेट द्वारा मामले को संसद में भेजे जाने के बाद चुनाव के खर्चों को पूरा करने के लिए नेशनल असेंबली (निचले सदन) में पूरक मांग प्रस्ताव पेश किया। हालांकि, सदन ने मंत्री के इस अनुरोध को ठुकरा दिया। सरकार ने यह कदम सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) को चुनाव के लिए आवश्यक धन जारी करने के लिए दी गई समय सीमा के समाप्त होने के बाद उठाया। वित्त और राजस्व राज्यमंत्री डॉ आइशा गौस पाशा ने मीडिया को बताया कि संघीय समेकित कोष से धन जारी करने का अधिकार न तो एसबीपी के पास है और न ही वित्त विभाग के पास। उन्होंने समझाया कि आवंटन की प्रक्रिया को संसद से अनुमोदन की आवश्यकता है।

जंग के बीच यूक्रेन में पुतिन का सीक्रेट दौराः खरसोन में मिलिट्री कमांडरों से चर्चा की, यूक्रेन बोला- अपने लाडलों के गुनाह देखने गए

यूक्रेन। यूक्रेन से जंग के बीच रूस के राष्ट्रपति ने खरसोन की सीक्रेट विजिट की। वहां की सरकार ने इसकी जानकारी दी है। इस विजिट पर पुतिन फ्रंट लाइन से काफी करीब थे। वो खरसोन में सैनिकों के हेडक्वार्टर में हेलीकॉप्टर से पहुंचे। इस दौरे पर उनके साथ स्टाफ के मेंबर भी मौजूद नहीं थे। रूसी मीडिया ने इसके वीडियो और फुटेज जारी किए हैं। हालांकि, सरकार ने ये नहीं बताया कि पुतिन ने ये विजिट कब की। पुतिन के खरसोन दौरे की पहले से कोई तैयारी नहीं थी। इस दौरान न तो डिफेंस मिनिस्टर सर्गेई शोइगू और न ही चीफ ऑफ स्टाफ वालेरी गेरासिमोव उनके साथ थे। उन्होंने मिलिट्री कमांडरों से जंग पर चर्चा की। पुतिन ने सेना के अधिकारियों से कहा, जंग में अभी के हालातों को जानने के लिए मेरे लिए आपकी राय सुनना जरूरी था। पुतिन को रूस के एयरफोर्स और नेशनल गार्ड के कमांडरों ने जंग से जुड़ी जानकारी दी। पहले सरकार ने इन दोनों कमांडरों को डिमोट कर दिया था। पुतिन ने रूसी कब्जे वाले लुहांस्क में भी सैनिकों से मुलाकात की। पुतिन की इस विजिट पर यूक्रेन ने पलटवार किया है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के एडवाइजर मिखाइलो पोडोलियाक ने कहा- खरसोन विजिट पुतिन का स्पेशल टूर था वहां वो अपने लाडलों के किए गुनाहों और हत्याओं को देखने गए थे। पुतिन यूक्रेन के जिस शहर खरसोन पहुंचे हैं वहां से सितंबर 2022 तक पूरी तरह से रूस का कब्जा था। हालांकि, यूक्रेन ने नवंबर में किए हमलों ने रूस को इस इलाके से खदेड़ दिया था।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के आवास के पास गोली चलने की खबर, यूएस सीक्रेट सर्विस कर रही जांच

वाशिंगटन। अमेरिकी उपराष्टपति कमला हैरिस के आवास के पास एक गोली चलने की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिकी सीक्रेट सर्विस यूएस नेवल ऑब्जर्वेटरी के पास एक गोली चलने की रिपोर्ट की जांच कर रही है। यूएस नेवल ऑब्जर्वेटरी उपराष्टपति कमला हैरिस और उनके पति डॉग एमहॉफ का घर है। एक बयान में कहा कि सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने 1: 30 बजे (स्थानीय समय) 34वें और मैसाचुसेट्स एवेन्यू में एक गोली चलने की सूचना पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। मेहेयर ने कहा, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और वर्तमान में इस बात का भी कोई संकेत नहीं है कि यह घटना किसी संरक्षित व्यक्ति या नेवल ऑब्जर्वेटरी को निशाना बनाकर किया गया था। उन्होंने बताया कि चौराहे के आसपास की सड़कें जांच के कारण अस्थायी रूप से बंद कर दी गई थी।

सूडान में सेना-पैरामिलिट्री की जंग में फंसे 31 भारतीय

कर्नाटक के आदिवासी जड़ी-बूटी बेचने गए थे, कांग्रेस का आरोप- सरकार उन्हें छुड़ा नहीं रही

खारतून।

सूडान में मिलिट्री और पैरामिलिट्री के बीच जारी लड़ाई में कर्नाटक के 31 आदिवासी फंस गए हैं। सभी लोग सूडानी शहर अल-फशेर में रह रहे हैं। ये लोग आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी बेचने के लिए सूडान गए थे। इनमें से 19 लोग कर्नाटक के हुनसूर, 7 शिवामोगा और 5 लोग चन्नागिरी के रहने वाले हैं। इन्हीं में से एक एस. प्रभू ने इंडियन एक्सप्रेस से फोन पर बात की। उसने बताया कि हम पिछले 4-5 दिनों से एक किराए के मकान में फंसे हुए हैं। हमारे पास खाना या पीने के लिए कुछ भी नहीं है। बाहर से लगातार धमाकों की आवाज आ रही है। यहां कोई हमारी मदद करने को तैयार नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने मोदी सरकार पर कन्नड़ विरोधी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा- सूडान में फंसे भारतीयों के लिए सरकार कुछ नहीं कर रही है। उन्हें उनकी किस्मत के भरोसे छोड़ दिया गया है। वहीं, सूडान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 200 हो गई है।

अमेरिकी दूतावास के काफिले पर हुआ हमला

लड़ाकों ने अमेरिकी दूतावास के काफिले और के ऐंबैस्डर पर भी हमला कर दिया। इसकी जानकारी अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने दी। उन्होंने बताया कि काफिले की गाड़ियों पर अमेरिका का झंडा लगा हुआ था। साथ ही उसकी लाइसेंस प्लेट भी दूतावास की थी। फिर भी हमला किया गया। ब्लिंकन ने बताया कि वो हमले की जांच कर रहे हैं। सूडान में सिर्फ अमेरिकी काफिले पर ही नहीं बल्कि आरएसएफ और सेना के बीच की लड़ाई में ऐंबैस्डर एडन ओ हारा पर भी हमला हुआ। दरअसल, आरएसएफ के कुछ लड़ाके दरवाजा तोड़कर ओ हारा के घर घुस गए। उन्हें गनपॉइंट पर रखकर उनसे सारे पैसे लूट लिए। हालांकि, इस हमले उन्हें मामूली चोट आई। ओ हारा ने हमलावरों की पहचान उनकी यूनिफॉर्म से की। रिपोर्ट के मुताबिक खार्तूम की गलियों में लगातार इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। दोनों गुट टैंक, आर्टिलरी और खतरनाक हथियारों से लड़ रहे हैं।

सूडान में दोनों गुटों को विदेशी ताकतों का साथ

सूडान में लड़ रहे दोनों गुटों को अलग-अलग देशों का समर्थन है। अलजजीरा के मुताबिक आर्मी को मिस्त्र का साथ है, जबकि पैरामिलिट्री ग्रुप को यूएई और सऊदी अरब से मदद मिलती रही है। हालांकि, सभी देशों ने दोनों गुटों से लड़ाई रोकने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र संघ के सेक्रेटरी जनरल एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि अगर ये लड़ाई अभी नहीं रुकी तो इससे पूरा देश तबाह हो सकता है।

कौन हैं सूडान में सेना से लड़ने वाले रैपिड सपोर्ट फोर्स के लड़ाके

2000 के दशक में सूडान के पश्चिमी इलाके डार्फर में विद्रोह शुरू हो गया था। इससे निपटने के लिए सेना ने जंजावीद मिलिशिया की मदद ली। ये मिलशिया ही आगे चलकर रेपिड सपोर्ट फोर्स में बदल गया और अलग-अलग मिशन में सेना की मदद करने लगा। डार्फर इलाके में हुआ विद्रोह सबसे जानलेवा विद्रोह में शामिल है। 2003 से 2008 के बीच इस लड़ाई में 3 लाख लोगों की जान गई। वहीं, 20 लाख से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा था। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने 2009 में इस मामले में सूडान के तानाशाह ओमार हसन अल बशीर पर मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार के आरोप लगाए थे।

तानाशाह अल बशीर ने डार्फर विद्रोह कुचलने में मदद करने वाले जंजावीद लड़ाकों को सरकारी दर्जा देना चाहता था। इसके चलते 2013 में इसे आरएसएफ में बदल दिया गया। सूडान में मिलिट्री और पैरामिलिट्री के बीच वर्चस्व की लड़ाई है। 2019 में सूडान के तत्कालीन राष्ट्रपति ओमर अल-बशीर को सत्ता से हटाने के लिए लोगों ने प्रदर्शन किया।

अप्रैल 2019 में सेना ने राष्ट्रपति को हटाकर देश में तख्तापलट कर दिया, लेकिन इसके बाद लोग लोकतांत्रिक शासन और सरकार में अपनी भूमिका की मांग करने लगे। इसके बाद सूडान में एक जॉइंट सरकार का गठन हुआ, जिसमें देश के नागरिक और मिलिट्री दोनों का रोल था। 2021 में यहां दोबारा तख्तापलट हुआ और सूडान में मिलिट्री रूल शुरू हो गया। आर्मी चीफ जनरल अब्देल फतह अल-बुरहान देश के राष्ट्रपति और आरएसएफ लीडर मोहम्मद हमदान डागालो उपराष्ट्रपति बन गए। इसके बाद से आरएसएफ और सेना के बीच संघर्ष जारी है।

सिविलियन रूल लागू करने की डील को लेकर मिलिट्री और आरएसएफ आमने-सामने हैं। आरएसएफ सिविलियन रूल को 10 साल बाद लागू करना चाहती है, जबकि आर्मी का कहना है कि ये 2 साल में ही लागू हो जाना चाहिए।

खतरनाक हुई लड़ाई, ईयू के राजदूत पर हमला! अमेरिकी विदेश मंत्री ने की युद्ध विराम की अपील

वाशिंगटन।

सूडान में तख्तापलट के लिए मिलिट्री और बागी पैरामिलिट्री रेपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच हिंसा जारी है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस लड़ाई में 180 से अधिक लोगों की जानें जा चुकी हैं। वहीं सूडान में यूरोपीय संघ के राजदूत पर भी हमला किया गया। इस बीच, अमेरिका के विदेश विभाग के प्रमुख उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बताया कि इस हिंसा को रुकवाने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री ने सूडान के जनरलों से बात की है। उन्होंने युद्धविराम का आह्वान किया है।

मानवीय सहायता भेजने की अनुमति

वेदांत पटेल ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सूडानी सशस्त्र बलों के कमांडर जनरल अब्देल फतह अल बुरहान और रैपिड सपोर्ट फोर्स के कमांडर जनरल मोहम्मद हमदान डागालो के साथ बात की। उन्होंने हिंसा में आम लोगों की जा रही जान पर चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्री ने लड़ाई से प्रभावित लोगों को मानवीय सहायता भेजने की अनुमति मांगी है। साथ ही सूडानी परिवारों के पुनर्मिलन पर भी चर्चा की। इतना ही नहीं ब्लिंकन ने दोनों कमांडरों से खार्तूम में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने को कहा कि वे सभी लोग सुरक्षित हैं। गौरतलब है, सूडान में तख्तापलट के लिए मिलिट्री और बागी पैरामिलिट्री रेपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच हिंसा जारी है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार इस लड़ाई में 180 से अधिक लोगों की जानें जा चुकी हैं। वहीं करीब 1800 लोग घायल हुए हैं। इतना ही नहीं, सूडान में यूरोपीय संघ के राजदूत ऐडन ओहारा पर भी हमला किया गया। हालांकि अभी इस बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं सामने आई है। आयरिश विदेश मंत्री माइकल मार्टिन ने बताया कि खार्तूम में यूरोपीय संघ के राजदूत ऐडन ओहारा पर उनके घर में हमला किया गया है। वहीं उन्होंने इस हमले को राजनयिकों की सुरक्षा के दायित्वों का घोर उल्लंघन बताया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राजदूत को कितनी चोटें आई हैं इसका विवरण उन्होंने नहीं दिया है। गौरतलब है, सूडान पर नियंत्रण को लेकर देश की सेना तथा एक शक्तिशाली अर्द्धसैनिक बल के बीच लगातार तीसरे दिन भी संघर्ष जारी रहा था।

अफगानिस्तान में हुई थी पाकिस्तान के कार्यवाहक राजदूत की हत्या की कोशिश, चार महीने बाद वापस लौटे

काबुल।

अफगानिस्तान में पाकिस्तान के कार्यवाहक राजदूत उबैदुर रहमान निजामनी चार महीने से अधिक समय के बाद काबुल लौट आए हैं। कहा जा रहा है कि यह फैसला दोनों देशों के बीच हुई बातचीत के बाद लिया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पाकिस्तानी प्रभारी उबैदुर रहमान निजामानी के लौटने की जानकारी विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने दी है। कहा जा रहा है कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी और कार्यवाहक अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी के बीच फोन पर बातचीत के बाद निजामनी की वापसी हुई। वहीं मुत्तकी अगले महीने इस्लामाबाद दौरे पर जा सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तानी दूत को वापस भेजने का फैसला फोन पर बातचीत के दौरान किया गया था।



गौरतलब है, दो दिसंबर को अफगानिस्तान के काबुल में पाकिस्तानी दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में अफगानिस्तान में पाकिस्तान के कार्यवाहक राजदूत उबैदुर रहमान निजामनी को निशाना बनाया गया था। हालांकि वह बाल-बाल बच गए, लेकिन उनके पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी के पैरों में गोलियां लग गई थीं। पाकिस्तान ने हमले के बाद अपने राजनयिक को वापस बुला लिया था और तालिबान से अपने दूतावास की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की थी। वहीं इस हमले के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) आतंकवादी समूह को जिम्मेदार ठहराया गया था।

बेलारूस में परमाणु हथियार तैनात करने की धमकी को नहीं करेंगे बर्दाश्त', जी7 का रूस को लेकर सख्त रुख

जापान।

नागानो के करुइजावा में जी7 के विदेश मंत्रियों के बीच बैठक चल रही है। इस दौरान सभी ने बेलारूस में रूस के हथियार तैनात करने की घोषणा की निंदा की। जी7 समूह ने कहा कि किसी भी तरह की धमकी को स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में जी 7 के मंत्रियों ने यह भी फैसला लिया कि रूस पर सख्ती करने के लिए प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ अन्य देशों को भी इस पर प्रतिक्रिया देने के लिए कहेंगे। इसके लिए वे समन्वय को मजबूत करेंगे। इसपर सभी ने सहमति जताई। गौरतलब है, रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को शुरू हुए एक साल से अधिक हो गया है। फिलहाल इसका अंत दिखाई नहीं दे रहा है। इस बीच, कई बार रूस की तरफ से परमाणु हमले की चेतावनी भी दी जा चुकी है।



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हाल ही में एलान किया था कि यूक्रेन से सटे बेलारूस में रूस के परमाणु हथियार तैनात किए जाएंगे। राष्ट्रपति पुतिन ने यूरोप का जिक्र करते हुए कहा था कि अमेरिका ने यूरोप में कई जगहों पर अपने परमाणु हथियार रखे हैं, उसकी तुलना में उनका ये कदम परमाणु निरस्त्रीकरण समझौतों का उल्लंघन नहीं होगा। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि इस हथियारों का कंट्रोल रूस बेलारूस के हाथों में नहीं देगा। पुतिन ने रूसी सरकारी टेलीविजन से कहा था कि बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लूकाशेन्को लंबे वक्त से कहते रहे हैं कि रूस को अपने परमाणु हथियार रखे बेलारूस में भी रखने चाहिए। उन्होंने कहा, इसमें कोई अजीब बात नहीं है। दशकों से अमेरिका ऐसा करता आ रहा है। वो अपने सहयोगी देशों की जमीन पर रणनीतिक तौर पर अहम हथियार तैनात करना रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि रूस इस साल एक जुलाई तक बेलारूस में टैक्टिकल वीपन्स के भंडारण के लिए बनाई जा रहा स्टोरेज यूनिट का काम पूरा कर लेगा। उन्होंने आगे बताया कि रूस ने पहले ही परमाणु मिसाइलें लॉन्च करने के लिए जरूरी कुछ इस्कंदर मिसाइल सिस्टम बेलारूस भेज दिए हैं।

न्यूयॉर्क में चल रहा था चीन का सीक्रेट पुलिस स्टेशन

एफबीआई बोला- इसके जरिए जिनपिंग के विरोधियों को धमकाते थे; दो चीनी नागरिक गिरफ्तार

मैनहैटन।

अमेरिका के न्यूयॉर्क में रहने वाले 2 चीनी नागरिकों को एफबीआई ने गिरफ्तार किया है। इन पर मैनहैटन में चीन का सीक्रेट पुलिस स्टेशन चलाने का आरोप है। इसके जरिए वो अमेरिका में चीन सरकार की आलोचना करने वाले चीनी नागरिकों और प्रवासियों को धमकाया करते थे। अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट ने बताया कि 61 साल के लू जियानवांग और 59 साल के चेन जिनपिंग अमेरिका को बिना बताए चीनी सरकार के एजेंट के तौर पर काम कर रहे थे।

ब्रुकलिन फेडरल कोर्ट में पेशी के बाद दोनों आरोपियों को बॉन्ड पर रिहा कर दिया गया। हालांकि, अगर उन पर लगे आरोप सही साबित होते हैं तो दोनों चीनी नागरिकों को 25 साल जेल की सजा सुनाई जा सकती है। ब्रिटेन और नीदरलैंड्स सहित दुनियाभर के 53 देशों में चीन ऐसे 102 पुलिस स्टेशन चला रहा है। मार्च में कनाडा ने भी 2 संदिग्ध पुलिस चौकियों की जांच करने की घोषणा की थी।

सोशल मीडिया पर अपने नागरिकों को डरा रहा चीन - इसके अलावा अमेरिका ने चीनी नेशनल पुलिस के 40 अधिकारियों पर भी चार्ज लगाए गए हैं। आरोप है कि ये लोग फेक सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए चीनी नागरिकों को डराते थे और चीनी सरकार का प्रचार करते थे। वहीं अमेरिका में मौजूद चीनी ऐंबैसी के प्रवक्ता ल्यू पेंग्यू ने कहा- अमेरिका अपने वर्चस्व को बनाए रखने के लिए अमेरिका चीनी नागरिकों पर मनगढ़ंत आरोप लगा रहा है। उनका मकसद चीन की छवि खराब करना है। इससे पहले चीन की सरकार ने कहा था कि दूसरे देशों में ऐसे कुछ सेंटर्स हैं जिन्हें चीनी नागरिकों ने खुद शुरू किया है। इनका मकसद दूसरे देशों में रह रहे चीन के नागरिकों के लिए डॉक्यूमेंट्स रिन्यू करने का प्रोसेस आसान बनाना और उन्हें बाकी सुविधाएं देना है। इसमें चीन के अधिकारियों या पुलिसकर्मियों का कोई दखल नहीं है।

順昌雞鴨超市
SHUN CHANG CHICKEN DUCK SUPERMARK
TEL: 646

नागरिकों की मदद की आड़ में चीनी सरकार का प्रचार कर रहे - मामले की जांच कर रहे अटॉर्नी ब्रियोन पीस ने कहा- अमेरिका में एक सीक्रेट पुलिस स्टेशन बनाकर चीनी सरकार ने हमारे देश की संप्रभुता का उल्लंघन करने की कोशिश की है। जांच अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी मैनहैटन के चाइनाटाउन में एक नॉनप्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन चलाते थे, जिसे उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में बंद कर दिया था। आरोपियों ने दावा किया था कि अपने बिजनेस के जरिए वो चीनी नागरिकों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज रिन्यू करवाने का काम करते थे। हालांकि, जांच में पता चला कि बिजनेस की आड़ में वो खुफिया तौर पर चीनी सरकार के लिए काम कर रहे थे।

2022 में स्पेन की एक रिपोर्ट में सामने आया था कि चीन दूसरे देशों में अपने सर्विस स्टेशन चला रहा है। ये ज्यादातर छोटे लोकल बिजनेस और रेस्टोरेंट की आड़ में चलाए जा रहे हैं। इनके जरिए चीनी पुलिस वहां से भागे नागरिकों पर वापस चीन लौटने का दबाव बनाती है। ह्यूमन राइट्स ने भी इन सर्विस स्टेशन्स पर दूसरे देशों में रह रहे चीनी नागरिकों को डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। दिसंबर 2022 में चोसन मीडिया ग्रुप ने साउथ कोरिया में भी ऐसे ही एक रेस्टोरेंट का खुलासा किया था। ये चीनी रेस्टोरेंट 2017 से राजधानी सियोल में चल रहा था। चोसन के मुताबिक, रेस्टोरेंट की आड़ में चीन देश में शी जिनपिंग और उनकी सरकार का प्रचार करने का काम कर रहा था। रेस्टोरेंट के अंदर जिनपिंग की आइडियोलॉजी से जुड़ी कई किताबें भी मौजूद थीं। इससे पहले इंटरनेशनल फोरम फॉर राइट एंड सिक्योरिटी ने भी कुछ रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा था- चीन ने नीदरलैंड, कनाडा, आयरलैंड, नाइजीरिया समेत 21 देशों के 25 शहरों में अवैध पुलिस स्टेशन बनाए हैं। चीन के फूजौ और किंग्टियन शहर में बैठे अधिकारी अवैध पुलिस स्टेशन को चला रहे हैं। उनके सुपरविजन में यहां लोगों को बंदी बनाया जा रहा है। ये सीधे तौर पर किसी भी देश की संप्रभुता और सुरक्षा के खिलाफ है। चीन अफ्रीका में भी ऐसे ही जासूसी करता था। 2018 में इथोपिया की राजधानी अदीस अबाबा में अफ्रीकन यूनियन बिल्डिंग में कुछ सर्वर मिले थे। चीन ने एक ऐसा डिजिटल नेटवर्क बनाया था जिससे सीक्रेट डेटा और वीडियोज चीनी सरकार के पास ट्रांस्फर किए जाते थे।

डिब्रूगढ़ जेल में बंद अमृतपाल के साथियों से मिल सकेंगे उनके परिजन, कोर्ट ने दी मंजूरी

चंडीगढ़ (हिंस)। पंजाब में एनएसए के तहत गिरफ्तार कट्टरपंथी अमृतपाल के साथियों से उनके परिजन अब असम की डिब्रूगढ़ जेल में जाकर मुलाकात कर सकेंगे। इस आशय की अनुमति अमृतसर की जिला कोर्ट ने स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद मंगलवार को आरोपियों के परिजनों को कोर्ट के आदेशों की प्रतियां मिल गई हैं। अब अमृतपाल के साथियों से उनके परिजन डिब्रूगढ़ जेल में पहुंच कर वारिसों से गुरुवार को मुलाकात करेंगे। दरअसल, आप्रेशन अमृतपाल के दौरान पंजाब पुलिस ने अमृतपाल के सबसे करीबी पप्पलप्रीत सिंह व सात अन्यों को गिरफ्तार करके असम की डिब्रूगढ़ जेल में भेजा था। शिरोमणि कमेटी की गठित कमेटी का नेतृत्व करने वाले एडवोकेट भगवंत सिंह सियालका ने बताया कि 10 अप्रैल को डिब्रूगढ़ जेल में गिरफ्तार युवकों से मुलाकात की गई थी। 12 अप्रैल को उनकी वापसी के बाद डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के सामने परिवारों को मिलने की एप्लिकेशन आगे बढ़ा दी गई। अब उनके परिजनों को मिलने की अनुमति दी गई है। एडवोकेट सियालका ने बताया कि डिब्रूगढ़ में न्यायिक हिरासत में रखे गए युवकों में कुलवंत सिंह धालीवाल, वरिंदर सिंह जौहल, गुरमीत सिंह बुक्कनवाला, हरजीत सिंह जल्लुपुर खैरा, भगवंत सिंह बजेके, दलजीत सिंह कलसी, बसंत सिंह, गुरिंदरपाल सिंह औजला और पपलप्रीत सिंह शामिल हैं। नियमों के अनुसार डिब्रूगढ़ जेल में बंद हवालातियों से गुरुवार को ही मिला जा सकता है, जिसके लिए 19 अप्रैल को असम ले जाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए एक बस का इंतजाम किया जाएगा।

भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार विधायक के खिलाफ चालान पेश

चंडीगढ़ (हिंस)। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने बठिंडा ग्रामीण के विधायक अमित रत्न कोटफत्ता और उनके पी.ए. रशिम गर्ग के खिलाफ दर्ज एफआईआर के मामले में कार्रवाई करते हुए मंगलवार को बठिंडा की अदालत में चालान पेश कर दिया। विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि 16 फरवरी 2023 को बठिंडा रेंज विजिलेंस टीम ने बठिंडा ग्रामीण के विधायक के उक्त निजी सहायक को चार लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ काबू करने के उपरांत भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान उक्त विधायक को भी 20 फरवरी को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया था क्योंकि उसके पीए ने विधायक के नाम पर ही यह रिश्वत वसूल की थी। उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से साल 2022-23 के दौरान 15वें वित्त आयोग के अधीन गांव घुद्दा, जिला बठिंडा को 25 लाख रुपए की ग्रांट जारी की गई थी, जो अभी पंचायत को देनी थी परंतु उक्त प्राइवेट पी.ए. रशिम गर्ग ने गांव घुद्दा के सरपंच से इस ख़ातिर पांच लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी। परंतु विजिलेंस ने 16 फरवरी 2023 को उसको उक्त ग्रांट जारी करने के एवज में चार लाख की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया था। उक्त सरपंच ने उनकी तरफ से मांगे 50,000 रुपए पहले ही दे दिए थे। प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले की जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि उक्त रिश्वत कथित दोषी रशिम गर्ग ने विधायक अमित रत्न के निर्देशों पर वसूली थी। इसके इलावा उसने गांव घुद्दा के गुरदास सिंह से उसके गांव की नंबरदारी दिलाने के बदले ढाई लाख रुपए की रिश्वत ली थी। जांच के दौरान हुए खुलासे के आधार पर विजिलेंस ने उक्त मामले में आइपीसी की 120-बी की एक और धारा जोड़ दी थी और मौजूदा केस में विधायक अमित रत्न को भी नामजद करके 22 फरवरी को उसे शंभू से गिरफ्तार कर लिया गया था।

यात्री सुरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने किए उत्कृष्ट कार्य

जयपुर (हिंस)। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रेलवे संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सातों दिन चौबीस घंटे तत्पर है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा रेल संपत्ति एवं रेल यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान चलाए जा रहे है। जिसमें मार्च माह में 23 महिलाओं व बच्चों को परिजनों, एनजीओ और पुलिस तक पहुंचा कर सकुशल सुपुर्द किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे पर रेल सुरक्षा बल द्वारा रेलवे परिसर में विशेष अभियान चलाकर रेल सम्पत्ति, रेल यात्रियों एवं रेलकर्मियों की सुरक्षा के विषेष प्रबन्ध किए गए है। इसके साथ ही रेल सुरक्षा बल द्वारा यात्री मित्र बूथ का संचालन भी किया जा रहा है, जो जरूरतमंद यात्रियों को वांछित जानकारी उपलब्ध करा रहा है। मार्च माह के दौरान रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 818 यात्रियों को यात्री मित्र बूथ के माध्यम से सहायता प्रदान की गई, 16 यात्रियों को व्हील चेयर की सुविधा प्रदान की गई एवं 12 बीमार यात्रियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई गई। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मार्च माह के दौरान अभियान चलाकर रेल सम्पति (अवैध कब्जा) अधिनियम के तहत कुल 14 मामले पंजीकृत हुए, जिनमें 27 बाहरी व्यक्तियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए है तथा बरामद संपत्ति का मूल्य रू. 32680 है। इसके साथ ही रेल अधिनियम के तहत अभियान चलाकर कुल 1950 व्यक्तियों को विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामले दर्ज कर अभियोजित किया गया, जिनसे 2, 86, 365 रुपए जुर्माना राशि वसूल की गई। इसके अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मार्च माह में गाड़ियों व रेल परिसर में छूटे गए सामान के 104 मामलों में लोगों को सामान सुपुर्द किया गया। इसके साथ ही रेलवे सुरक्षा बल द्वारा यात्रियों के सामान चोरी के 10 मामलों में लोगों को पकड़कर जीआरपी, पुलिस को सुपुर्द किया। महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे विजय शर्मा के कुशल दिशा-निर्देशानुसार रेलवे स्टेशनों एवं रेल संपत्ति की सुरक्षा के लिए रेल सुरक्षा बल द्वारा निरंतर विशेष अभियान चलाए जा रहे है। जिसमें रेलवे परिक्षेत्र में होने वाली गैर-कानूनी घटनाओं में निरंतर कमी आ रही है।

देश व प्रदेश को केवल प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नहीं सुधार सकते : धर्मवीर

भिवानी (हिंस)। अच्छी शिक्षा के बल पर हर बुराई को खत्म किया जा सकता है। यह बात भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा धर्मवीर सिंह ने कही। भिवानी के खाड़ी मौहला में मंगलवार को भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह का स्वागत किया गया। इस अवसर पर खटीक समाज के प्रतिनिधियों ने लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह का पगड़ी सम्मान के साथ सम्मान किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि दिन-प्रतिदिन हमारी शिक्षा में गिरावट बनती जा रही है। संस्कार खत्म होते जा रहे हैं और बुराइयां जन्म ले रही हैं। एकमात्र शिक्षा के बल पर हम हर प्रकार की बुराई को खत्म कर सकते हैं। कहा कि आजादी का मकसद यही था कि देश के लोग प्रगति करें, लेकिन कहीं ना कहीं आज भी हमें आजादी के मायने पूरे नहीं किए हैं, जो हमारे देश भक्तों ने महान पुरुषों ने सोचे थे। भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौ. धर्मवीर सिंह ने कहा कि हमें आजादी मिली तो वह सभी धर्म और जाति के लोगों के प्रयास से आजादी मिली है, यदि आज समाज में, देश में भेदभाव की नीति है तो वह हमारे द्वारा तैयार की गई है। हम लोग वोट के पैमाने पर काम करते है। सरकार चाहे शहर की हो, प्रदेश की हो या देश की हो उसमें सिर्फ हम वोट के पैमाने पर तोलते हैं, सरकार सबकी होती है, इसलिए हमें देश के विकास के लिए काम करना चाहिए और यह तब संभव जब है कि हम शिक्षित होंगे, हमारी आने वाली पीढ़ी शिक्षित होगी।

सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

बीकानेर (हिंस)। जिले के श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। थानाधिकारी अशोक विश्नोई ने बताया कि सोमवार देर रात को श्रीडूंगरगढ़ से छह किलोमीटर बीकानेर की तरफ हाइवे पर दो मोटरसाइकिलों में तेज भिड़ंत हो गई। दोनों बाइकों पर दो दो व्यक्ति सवार थे। दुर्घटना में गिरीराजसर, कोलायत निवासी मोतीराम पुत्र चिमनाराम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका पुत्र घायल हुआ। दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार लखासर निवासी तख्त सिंह व नारायण सिंह की पीबीएम में इलाज के दौरान मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि दुर्घटना के बाद घायलों को आपणो गांव सेवा समिति द्वारा पीबीएम पहुंचाया गया।

जमीनों के पारिवारिक झगड़े निपटाने को हरियाणा में बनेगा कानून : मनोहर लाल

चंडीगढ़ (हिंस)। प्रदेश में पारिवारिक जमीनों के बंटवारे के झगड़ों के निपटान के लिए सरकार जल्द ही नया कानून बनाएगी। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। यह कानून इसलिए जरूरी हो गया है ताकि अदालतों में जमीनों के बंटवारे के झगड़े लंबित न रहें। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह खुलासा किया। उन्होंने कहा कि राज्य में लगभग 100 गांव ऐसे हैं, जिनकी चकबंदी नहीं हुई है। इसके लिए भी एक वैज्ञानिक तरीके से चकबंदी करवाने की योजना तैयार की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना लोकसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल तथा मुख्यमंत्री के ओएसडी जवाहर यादव भी मौजूद रहे। सीएम ने कहा कि गुरुग्राम की तर्ज पर प्रदेश के अन्य जिलों को भी औद्योगिक व आर्थिक रूप से विकसित करने पर बल दिया जा रहा है। गुरुग्राम आज एक ग्लोबल सिटी और आईटी हब बन चुका है। दुनिया की 400 फॉर्च्यून कंपनियों के ऑफिस गुरुग्राम में हैं। फरीदाबाद जिला भी अब आगे बढ़ रहा है। जेवर एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी होने से यहां औद्योगिक गतिविधियों में बढ़ोतरी हो रही है। इतना ही नहीं, हिसार में एयरपोर्ट शुरू होने से उस जिले में और अधिक प्रगति होगी। पंचकूला सेंट्रल लोकेशन पर है। चंडीगढ़ एयरपोर्ट का फायदा भी मिलता है। इसलिए सरकार ने जिले में विकास को बढ़ावा देने के लिए डेवलपर को आकर्षित करने के लिए ईडीसी/एडीसी की दरें कम की हैं। अब डेवलपर निवेश कर रहे हैं और जल्द ही पंचकूला भी एक आर्थिक राजधानी के रूप में उभरेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जन मानस की परेशानी को दूर करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसलिए हम नई नई तकनीक का प्रयोग करते हैं और हमें सफलता मिलती है। आज परिवार पहचान पत्र के माध्यम से लोगों को राशन कार्ड, पेंशन, आयुष्मान व चिरायु हरियाणा योजना इत्यादि का लाभ घर बैठे ही मिल रहा है। इसलिए हमनें पीपीपी को नई परिभाषा दी है। नागरिकों की तकलीफों को और करीब से समझने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम शुरू किए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ धरातल पर कितना पहुंच रहा है, इसका मूल्यांकन करना हैं। जनसंवाद के दौरान लोगों ने राज्य सरकार की योजनाओं और पारदर्शी व्यवस्था पर सहमति जताई है कि यह सब व्यवस्थाएं ठीक हैं। सरकार *5एस* यानी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वावलंबन और स्वाभिमान के लिए कार्य कर रही है। अब इसमें छठा *एस* यानी सुशासन जोड़ दिया है। सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन किए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को 2025 तक लागू करने का लक्ष्य रखा है। शिक्षा क्षेत्र में हरियाणा कहीं भी पीछे नहीं है। स्कूलों में शिक्षा का स्तर और अधिक बढ़ाने के लिए संस्कृति मॉडल स्कूल खोले हैं। हमारा दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट दिल्ली से भी अच्छा आ रहा है। सुपर-100 के अब 4 सेंटर संचालित हैं। बेरोजगारी और कर्ज के आंकड़ों पर विपक्ष का गणित कमजोर है। बेरोजगारी के लिए वे उनकी मनचाही पत्रिका सीएमआईई को पढ़ते हैं। इसके आंकड़े सही नहीं हैं। कर्ज को लेकर भी विपक्ष को हिसाब किताब कैसे समझाया जाए, क्योंकि वो अपने समय का कर्ज का आंकड़ा यदि सही कर लेंगे तो उन्हें जवाब मिल जाएगा। आज प्रदेश पर 2 लाख 53 हजार करोड़ का कर्ज है, जो तय सीमा के अंदर है। पंजाब का आज कर्ज 42 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

a, Haryana
UGC Act, 19
Grade 'A++'

संयुक्त किसान मोर्चा आज करेगा प्रदर्शन

यमुनानगर (हिंस)। संयुक्त किसान मोर्चा जिला यमुनानगर यूनियन(टिकैत) द्वारा किसानों की लंबित मांगों को लेकर जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर की अध्यक्षता में मंगलवार को एक बैठक न्यायायिक परिसर जगाधरी में हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा जरनैल सिंह सांगवान, किसान सभा हरियाणा प्रांतीय नेता धर्मपाल सिंह चौहान के अलावा संदीप सनखेड़ा, प्यारेलाल तंवर ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 19 अप्रैल को प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार व प्रधानमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से भेजा जाएगा। मांगों के बारे में जानकारी देते हुए किसान नेताओं ने कहा कि बेमौसमी बरसात व ओलों आदि से फसलों व सब्जियों का भारी नुकसान हुआ है। हरियाणा सरकार ने विशेष गिरदावरी के आदेश तो दिए जो कि अभी तक पूरी नहीं हुई है। जबकि गेहूं की फसल की कटाई जोरों पर है। मौसम की मार से किसान को उभारने की बजाए एमएसपी की खरीद पर वैल्यू कट ठोक दिया गया। सरकार इस कट के माध्यम से अपनी फसल खरीदी की जिम्मेदारी से पीछे हट रही है।

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी को विजिलेंस ब्यूरो ने 21 को बुलाया

चंडीगढ़ (हिंस)। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने फिर नोटिस भेजकर 21 अप्रैल को तलब किया है। यह नोटिस सोमवार देरशाम भेजा गया है। इससे पहले 14 अप्रैल को मोहाली में विजिलेंस ब्यूरो के अधिकारी चन्नी से करीब सात घंटे तक पूछताछ कर चुके हैं। चन्नी पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने तथा एक प्रोजेक्ट की धनराशि बेटे की शादी में खर्च करने का आरोप है। ब्यूरो इस संबंध में मिली एक शिकायत की जांच कर रहा है। चन्नी ने कहा कि वह विजिलेंस के सामने पेश होंगे। जांच में पूरा सहयोग करेंगे।

बीकानेर स्थापना दिवस : चंदा महोत्सव कल शुक्रवार को होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

बीकानेर (हिंस)। बीकानेर नगर स्थापना दिवस कार्यक्रमों की श्रंखला में 20 अप्रैल को चंदा महोत्सव और 21 को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बैनर का विमोचन किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि नगर स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रम भव्य तरीके से आयोजित हों। श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर विकास एवं पर्यावरण समिति के सचिव सीताराम कच्छावा ने बताया कि कार्यक्रमों का आयोजन जिला प्रशासन, नगर विकास न्यास, राज. संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर तथा समिति के संयुक्त तत्वावधान में होगा। चंदा महोत्सव लक्ष्मीनाथ मंदिर के सामने स्थित गणेश मंदिर परिसर में होगा। इसमें शहर के 10 चंदा कलाकारों द्वारा विभिन्न संदेश उकेरे हुए चंदे उड़ाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ऐसी मान्यता है कि राव बीकाजी ने बीकानेर की स्थापना के समय सूर्य के आकार के गोल चंदे में अपनी पगड़ी रखकर सूर्य देवता को अर्पित की थी तथा बीकानेर की खुशहाली की कामना की थी। तब से इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल को लक्ष्मीनाथ पार्क परिसर में भव्य सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी। इसमें स्थानीय एवं राजस्थान संगीत नाटक अकादमी जोधपुर के आमंत्रित कलाकारों द्वारा गीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

चंदा उत्सव
सांस्कृतिक कार्यक्रम

वेतन भुगतान की मांग पर मिड डे मील कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

हिसार (हिंस)। मिड डे मील वर्कर्स यूनियन ने छह महीने के बकाया मानदेय के भुगतान की मांग पर मंगलवार को प्रदेश भर में हड़ताल की और मौलिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक प्रधान रामपती के नेतृत्व में ही यह हड़ताल की और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारी मिड डे मील वर्कर्स को संबोधित करते हुए हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान रामफल शिकारपुर ने कहा कि मिड डे मील वर्कर्स को पिछले छह माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिस कारण वर्कर्स की आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह में हर व्यक्ति साल भर के खाद्य सामग्री की खरीद करते हैं, लेकिन इन वर्कर्स को छह माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण गेहूं जैसी खाद्य सामग्री की खरीद भी नहीं कर पा रहे हैं, जिसके चलते उनके परिवार के भरण-पोषण पर भी संकट खड़ा हो गया है।

पेपर लीक प्रकरण में आरपीएससी सदस्य कटारा समेत तीन गिरफ्तार

जयपुर (हिंस)। वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य बाबूलाल कटारा को गिरफ्तार कर लिया है। बाबूलाल को अजमेर स्थित घर से गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही उनके भांजे विजय कटारा और ड्राइवर गोपाल सिंह को भी गिरफ्तार किया है। महानिरीक्षक (एसओजी), सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक (एसओजी), विकास सांगवान की टीम ने कटारा और उसके ड्राइवर गोपाल सिंह को अजमेर स्थित उनके आवासों से तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एटीएस ने विजय कटारा को डूंगरपुर से गिरफ्तार किया है। अब तीनों से पूछताछ की जाएगी कि कैसे इन्होंने एग्जाम के पेपर शेर सिंह मीणा तक पहुंचाए। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही पेपर बेचने वाले शेर सिंह मीणा को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। शेरसिंह मीणा ने भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक करने के लिए आरपीएससी मेंबर और डूंगरपुर निवासी बाबूलाल कटारा से संपर्क किया। उस समय बाबूलाल कटारा उदयपुर के आदिम जाति शोध संस्थान के निदेशक पद पर कार्यरत था। शेरसिंह मीणा को पता था कि बाबूलाल कटारा आने वाले समय में आरपीएससी में प्रमोट होकर मेंबर बन सकता है।

ऊंट की खाल से बनी सबसे छोटी पतंग प्रदर्शित होगी कला प्रदर्शनी में

बीकानेर (हिंस)। ऊंट की खाल पर बनी दुनिया की सबसे छोटी पतंग बीकानेर स्थापना दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी में प्रदर्शित की जाएगी। इस पतंग का आकार मात्र 1 एम एम है। इस पतंग पर 22 कैरेट गोल्ड स्वर्ण नक्काशी उस्ता कार्य किया गया है। बीकानेर के 535वें स्थापना दिवस के मौके पर जिला प्रशासन नगर विकास न्यास नगर निगम व देवस्थान के सहयोग से आयोजित प्रदर्शनी में एक नया कार्य मास्टर क्राफ्ट मैन शौकत अली उस्ता पुत्र रहीम बक्स उस्ता जो भारत सरकार द्वारा उस्ता कला में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता है, द्वारा प्रदर्शित करेंगे। उस्ता कला को आगे बढ़ाने और कुछ नया कर दिखाने के लिए उस्ता ने इस बार एक नया कीर्तिमान तैयार किया है। प्रदर्शनी के उप संयोजक डॉक्टर मोहम्मद फारुख चौहान ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन 19 अप्रैल की सवेरे 10 बजे होगा। प्रदर्शनी रोजाना सवेरे 10 बजे से सायं 8 बजे तक आम दर्शकों के लिए नि:शुल्क खुली रहेगी। प्रदर्शनी के संयोजक ने बताया कि ऊंट की खाल पर दुनिया की सबसे छोटी बनी पतंग के दोनों तरफ सुनहरी नक्काशी की गई है। पंतग के एक तरफ 22 केरेट गोल्ड से बीकानेर का नक्शा बनाया है तो दूसरी तरफ उस्ताकला से तैयार स्थापना दिवस लिखा है जो लेंस जरिये ही देखा जा सकता है। दूसरी पतग 21 - 21 सेंटीमीटर की बनी हुई है जिसके दोनों तरफ उस्ता कला नक्काशी 22 केरेट गोल्ड से तैयार की है। जिसके एक तरफ देशनोक की करणीमाता का चित्र व जुनागढ़ किला बनाया गया है यह दोनों चित्र एक तरफ ही है। जिसमे करणीमाता को बीकानेट पर आशीर्वाद देते हुए दिखाया गया है। पतंग के दूसरी तरफ उस्ता कला नम्काशी के साथ राजस्थान की शान ऊंट को दिखाया गया है। दोनों पतंगों पर ओर (धागा) से कनिया भी लगाया हुआ है। उस्ता कलाकारी और हुनर की बदौलत ही उन्होंने विश्व में बीकानेर का डंका बजाया है, बीकानेर का नाम विश्व में प्रसिद्ध किया। शौकत उस्ता ने इस कला की बारीकियों का ज्ञान मोहम्मद हनीक उस्ता से लिया इनकी यह कला पीढ़ी दर-पीढ़ी चली आ रही है। शौकत उस्ता बीकानेर की लुप्त होती उस्ता कला को बचाने का निरंतर कार्य करते आ रहे है तथा समय-समय पर सरकारी व गैर सरकारी प्रशिक्षण देने का कार्य की भी करते है। शौकत ने कहा कि बीकानेर के युवा जहां प्रतिभा से भरपूर है वही के उन्हें अपनी कला दिखाई व अपने कौशल को चमकाई के लिए एक मंच प्रदान करने की आवश्यकता है। संयोजक के अनुसार कला प्रदर्शनी मथेरन कला, उस्ता कला व फोटोग्राफी भी इन दोनों कलाओं से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय गोल्ड मेडल प्राप्त अड़ीढ़ भुट्टा द्वारा लिए गए 100 भित्ति चित्रों के फोटोग्राफ्स भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इस तरह के फोटो पहली बार किसी प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए जा रहे हैं।



Notice Inviting Tenders
tender (NIT) Reference No. JDTB/NTEP/IGRA/23-24/MRG/01

Notice inviting Tender for engaging Agency/Diagnostic Laboratory for providing services for TB Interferon Gamma Release Assay (IGRA) testing under National Tuberculosis Elimination Programme (NTEP) program at District TB Office, Marigaondistrict of Assam.

The proposed project aims to promote prevention of Latent TB Infection amongst the contacts of TB patients by increasing access to IGRA testing services as well as Preventive therapy. The project will undertake counselling of contacts of TB patients to generate awareness around Latent T8 and support them in accessing the required services as early as possible and following them up till end of treatment. This intervention aligns with India's move towards Elimination of TB by 2025.

The proposal shall include per sample quote for providing the following service package as a whole :

1.1 IGRA testing through currently NTEP endorsed test.The agency shall procure the testing kits as per estimated load [Number of bacteriologically confirmed pulmonary TB patients or (pulmonary TB patient) X (average family size-1) in concerned geography]
1.2 Collection of blood samples from the residence of beneficiaries household contacts (children >/= 5S years of age, adolescents, and adults) of bacteriologically confirmed pulmonary TB patients/ pulmonary TB patient and other risk group notified in Nikshay from public or private sector, as agreed upon, for IGRA testing.
1.3 The collection should be done from beneficiaries within 24 hours of information or instruction given for sample collection.
1.4 The agency shall deploy trained HR for counselling, sample collection, packaging, storage and transport of the sample to empanelled laboratory.
1.5 The person going for blood collection should be trained in NTEP PMTPT guidelines (online self-learning module and verified by certificate or physical training imparted by NTEP) for providing quality counselling.
1.6 Testing of samples at the assigned laboratory using the GoI endorsed tests.
1.7 Provision of logistics for sample collection, processing, storage and testing.
1.8 The result of the test (report) will be communicated to the treating doctor and NTEP as soon as available but not later than 96 hours from sample collection from patients. However, hard copies of test reports will 'be available with the collection center/laboratory as per operational feasibility.

TENDER VALUR : Rs. 40.35Lakhs.
Last date of receipt of proposal :04/05/2023 by 02:00PM
tender document link/QR code: https://bit.ly/IGRA_RFP

District TB Officer, NTEP Marigaon

Interested bidders may download the entire tender document from the linkor may get in touch with the District TB Office, Marigaon, NTEP - Assam or email : dtoasmrg@rntcp.org

-- Janasanyog /C/ 1061/23

3-महीनों में 3 टेल स्ट्राइक के बाद डीजीसीए का एक्शन: इंडिगो के क्रू मेंबर्स के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया

नई दिल्ली।

पिछले तीन महीनों में इंडिगो एयरलाइंस के विमानों की तीन टेल स्ट्राइक की घटनाएं हुई हैं। जिसके बाद डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने क्रू मेंबर्स के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया। एक टेल स्ट्राइक 2 फरवरी और दो 14 अप्रैल को हुई थीं। डीजीसीए के एक सीनियर ऑफिसर ने बताया कि जांच के रिजल्ट के आधार पर इस मामले में एक्शन लिया गया है। ऑफिसर ने कहा कि इन मामलों में शामिल क्रू मेंबर्स को ऑफ-रोस्टर किया गया है, यानी उन्हें काम करने से रोका गया है और फ्लाइंग ड्यूटीज के लिए रिलीज से पहले जांच के रिजल्ट के आधार पर करेक्टिव यानी सही ट्रेनिंग के लिए कहा गया है। इस ट्रेनिंग के बाद ही क्रू मेंबर्स काम पर लौट सकेंगे।

इसके अलावा मामले के तथ्य के आधार पर एयरलाइन के टेक-ऑफ और लैंडिंग अप्रूवल को वापस ले लिया गया था। ऑफिसर ने कहा कि अप्रूव्ड मेंटेनेंस प्रोसीजर के तहत जरूरी मेंटेनेंस एक्शंस के बाद मामले में शामिल एयरक्राफ्ट को रिलीज कर दिया गया है। ऑफिसर ने कहा, सभी पायलटों को टेक-ऑफ, लैंडिंग और गो-अराउंड के दौरान टेल स्ट्राइक जागरूकता (अवेयरनेस) के बारे में मैसेज भेजा गया है। ट्रेनिंग डिपार्टमेंट ने सभी ट्रेनर्स को सूचित किया है कि वे ट्रेनीज के साथ टेल स्ट्राइक के बारे में जागरूकता पर चर्चा करें। ऑफिसर ने कहा, ट्रेनिंग में मैनुअल फ्लाइंग को कमांड पायलटों के लिए बढ़ाने और फर्स्ट ऑफिसर्स के लिए शामिल करने का प्रस्ताव भी दिया गया है। केस स्टडी सभी पायलटों को जारी की जाएगी। हालांकि इंडिगो एयरलाइन के मुताबिक, इस साल टेल स्ट्राइक की केवल दो घटनाएं दर्ज की गई हैं। पहली घटना जनवरी में कोलकाता एयरपोर्ट और दूसरी घटना अप्रैल में नागपुर एयरपोर्ट पर हुई थी। इंडिगो ने कहा, 14 अप्रैल 2023 को मुंबई से फ्लाइट 6ई 203 नागपुर में लैंडिंग के दौरान टेल स्ट्राइक का शिकार हुई थी। इसके बाद एयरक्राफ्ट को चेक और रिपेयर करने के लिए नागपुर एयरपोर्ट पर ग्राउंडेड अनाउंस किया गया था। इस घटना की विस्तार से जांच की जा रही है।

एयरलाइन ने कहा कि इस घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। जब टेक-ऑफ या लैंडिंग के दौरान किसी एयरक्राफ्ट की टेल यानी पीछे का हिस्सा जमीन या किसी अन्य स्थिर वस्तु से टकराता है, तो उसे टेल स्ट्राइक कहा जाता है।

न्यूज ब्रीफ

कांग्रेस ने धरावी परियोजना अदाणी समूह को सौंपे जाने पर सवाल उठाए, पूछा- क्यों बदली निविदा की शर्तें



नई दिल्ली । कांग्रेस ने आरोप लगाया कि महाराष्ट सरकार की धारावी परियोजना से पिछले विजेता को जानबूझकर बाहर किया गया है। कांग्रेस ने पूछा है कि क्या निविदा की शर्तों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पसंदीदा कारोबारी समूह अदाणी को मदद पहुंचाने के लिए बदला गया है बता दें कि हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से अदाणी समूह के खिलाफ धोखाधड़ी वाले लेनदेन और शेयर-मूल्य में हेरफेर सहित कई आरोप लगाए जाने के बाद कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग कर रहा है। वहीं दूसरी ओर, गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले समूह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को झूठा बताते हुए उसे खारिज कर दिया है और कहा है कि वे सभी कानूनों और डिस्क्लोजर प्रक्रियाओं का पालन करते हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि फरवरी में कांग्रेस पार्टी ने हम अदाणी के हैं कौन(एचएएचके) श्रृंखला के तहत प्रधानमंत्री मोदी से धारावी के लिए लगने वाली बोली की शर्तों में बदलाव के बारे में बताने को कहा था। इन्हीं बदलावों के तहत मुंबई के धारावी क्षेत्र के पुनर्विकास के लिए निविदा के पिछले विजेता को बाहर कर दिया गया था। पिछली विजेता को बाहर कर अदाणी समूह को बहुत कम बोली पर एक नई निविदा जीतने की अनुमति दे दी गई थी।

मारुति का लाइट कमर्शियल व्हीकल लॉन्चः सुपर कैरी मिनी ट्रक 1.2 लीटर एडवांस्ड के-सीरीज डुअल जेट इंजन से लैस, कीमत 5.15 लाख

नई दिल्ली । मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपने अपग्रेडेड लाइट कमर्शियल व्हीकल सुपर कैरी मिनी ट्रक को लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इंजन इमोबिलाइजर सिस्टम के साथ मिनी ट्रक की सेफ्टी को बेहतर किया है। इसकी शुरुआती कीमत 5.15 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) है। मिनी ट्रक पेट्रोल और सीएनजी वैरिएंट में अवेलेबल है। नई सुपर कैरी के लॉन्च के साथ कंपनी एक नया सीएनजी कैब चेसिस वैरिएंट भी लेकर आई है। मिनी ट्रक सीएनजी डेक, गैसोलीन डेक और गैसोलीन कैब चेसिस वैरिएंट में भी उपलब्ध है। इसमें 1.2 लीटर का 4 सिलेंडर एडवांस्ड के-सीरीज डुअल जेट, डुअल वीवीटी इंजन दिया गया है, जो 6,000 ह्पीएम पर 59.4 की मैक्सिमम पावर और 2900 पर 104.4 मैक्सिमम टॉर्क जनरेट करता है। इंजन को 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया गया है। मिनी-ट्रक फ्रंट डिस्क जैसे सेफ्टी फीचर्स से लैस है और बेहतर गियर शिफ्ट के साथ बड़े स्टीयरिंग व्हील के साथ आता है। मिनी ट्रक में ब्रेक, रिवर्स पार्किंग सेंसर और सीट बेल्ट रिमाइंडर के साथ एक नया इंजन इमोबिलाइजर सिस्टम। मिनी ट्रक के इंटीरियर में फ्लैट सीट डिजाइन है, जो ड्राइविंग और ब्रेकिंग के दौरान अधिक आराम देती है।

बेमौसम बारिश से गेहूं को नुकसान, एमएसपी पर सरकारी खरीद 18 फीसदी घटकर 41 लाख टन

नई दिल्ली। सरकार ने चालू विपणन वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में अब तक किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 41 लाख टन गेहूं खरीद की है। यह पिछले साल इस अवधि में की गई खरीद की तुलना में 18 फीसदी कम है। भारतीय खाद्य निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अशोक के मीणा ने कहा, बेमौसम बारिश ने गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाया। कई जगह गेहूं की गुणवत्ता भी खराब हुई है। कटाई में देरी और पंजाब, हरियाणा, यूपी व राजस्थान की मंडियों में कम आवक से खरीद कम हुई। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा, अरहर व उड़द दाल के घरेलू भंडार पर केंद्र की निगरानी जारी रहेगी।यह सुनिश्चित करेंगे कि व्यापारी अपने भंडार का सही तरीके से खुलासा करें।

भारत में एपल का पहला स्टोर खुला

मुंबई में सीईओ टिम कुक ने दरवाजा खोलकर हाथ जोड़े; एक फैन 1984 में बना कम्प्यूटर लाया

मुंबई।

भारत में टेक कंपनी एपल का पहला ऑफिशियल स्टोर ओपन हो गया है। सीईओ टिम कुक ने कंपनी के पहले फ्लैगशिप रिटेल स्टोर को मुंबई में ओपन किया। उन्होंने स्टोर का दरवाजा खोला और लोगों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में ये स्टोर बनाया गया है। एपल के अब 25 देशों में कुल 551 स्टोर हो गए हैं। दिल्ली के साकेत में एपल का एक और स्टोर 20 अप्रैल को खुलेगा, जिसके बाद इसकी संख्या बढ़कर 552 हो जाएगी। यहां कई लोगों के मन में सवाल होगा कि एपल के कई स्टोर तो पहले से ही भारत में है, इसमें नया क्या है दरअसल, अभी जितने भी स्टोर एपल के प्रोडक्ट बेच रहे हैं, वो सभी कंपनी के प्रीमियम रिसेलर हैं। प्रीमियम रिसेलर का मतलब ऐसे थर्ड पार्टी स्टोर से है, जिन्होंने डिवाइस सेल करने के लिए एपल से लाइसेंस लिया है। एपल के ऑफिशियल और थर्ड पार्टी स्टोर्स में सबसे बड़ा अंतर है कस्टमर एक्सपीरिएंस का। ऑफिशियल रिटेल स्टोर्स को अपने प्रीमियम कस्टमर एक्सपीरिएंस के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। इसके अलावा भी इन स्टोर्स की कई सारी खूबियां हैं। इस स्टोर में 50प्रतिशत महिला कर्मी हैं और स्टोर का नेतृत्व भी महिला के हाथ में है।

सबसे पहले एपल बीकेसी स्टोर के बारे में जानें - एपल के मुंबई आउटलेट को एपल बीकेसी नाम दिया गया है। ये मुंबई के बांद्रा कुर्ला इलाके के जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में हैं। मुंबई सेंट्रल से इसकी दूरी करीब 14 किलोमीटर है। इस स्टोर का डिजाइन शहर की आइकॉनिक काली-पीली टैक्सियों से इंस्पायर है। इसका हर महीने का किराया 42 लाख रुपए है। रेंट को हर तीन महीने में पे किया जाएगा।

एपल स्टोर की 5 बड़ी बातें

सुपर लार्ज स्टोर: ऑफिशियल स्टोर काफी बड़े होते हैं। इसमें भीड़ होने पर भी किसी भी प्रोडक्ट को देखने के लिए थोड़ा भी इंतजार नहीं करना पड़ता। यूनीक डिजाइन: एपल स्टोर का यूनीक डिजाइन होता है। मुंबई स्टोर का डिजाइन शहर की काली-पीली टैक्सियों से इन्सपायर है। न्यूयॉर्क स्टोर क्यूब शेप का है।

Apple BKC
Arriving soon.

तुरंत बिलिंग: प्रोडक्ट खरीदने के बाद बिलिंग के लिए लाइन में लगने की जरूरत नहीं। एपल स्टोर के एम्प्लॉइज बिलिंग के लिए मोबाइल पेमेंट टर्मिनल साथ रखते हैं। डिवाइस कॉन्फिगर: मैकबुक या आईमैक जैसे प्रोडक्ट को आप अपने हिसाब से कॉन्फिगर करा सकते हैं। रिसेलर्स के पास इस तरह की सर्विस नहीं मिलती थी। बेहतर ट्रेड-इन वैल्यू: ये स्टोर बेहतर एक्सचेंज वैल्यू के लिए जाने जाते हैं। आमतौर पर यहां ट्रेड इन वैल्यू अमेजन-फ्लिकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म से ज्यादा मिलती है।

क्या एपल के प्रोडक्ट सस्ते मिलेंगे - एपल स्टोर पर कीमत आम तौर पर जियोमार्ट, क्रोमा और अमेजन जैसे प्लेटफॉर्म से ज्यादा होती है। हां ये जरूर है कि अगर एपल की तरफ से कोई स्पेशल डिस्काउंट ऑफर किया जा रहा हो तो उसका फायदा मिल सकता है। इसलिए प्रोडक्ट सस्ता मिलने की कोई गारंटी नहीं है।

क्या प्रोडक्ट अवेलिबिलिटी की परेशानी दूर होगी - एपल के स्टोर के पास विशाल इन्वेंट्री रहती है। यानी सभी प्रकार के प्रोडक्ट और कलर स्टॉक में ज्यादातर समय अवेलेबल रहते हैं। यदि कोई ग्राहक प्रोडक्ट को अपने हिसाब से कॉन्फिगर करके लेना चाहता हो तो वो भी कर सकता है। एप्पल स्टोर्स में डेमो और खरीद के लिए उपलब्ध डिवाइस रेंज बहुत बड़ी है।

क्या प्रोडक्ट सर्विसिंग में कम समय लगेगा - अभी तक देश में थर्ड पार्टी के जरिए एपल के एपल के सर्विस सेंटर्स को उसके स्टोर से अलग ऑपरेट किया जाता था। अब कस्टमर्स को इन-स्टोर सर्विसिंग फैसिलिटीज मिलेगी। इसे जीनियस बे कहा जाता है। इससे पार्ट की अवेलेबिलिटी न होने के कारण होने वाली देरी की समस्या खत्म होगी। सर्विस भी ट्रेंड प्रोफेशनल्स करेंगे। जीनियस बे डिवाइस सेट करने और एपल आईडी रिकवर करने से लेकर सब्सक्रिप्शन और बिलिंग हर चीज में मदद करेगा। फिजिकल डैमेज के मामले में एक्सपर्ट देखेगा कि डिवाइस में किस चीज की जरूरत है और क्या यह वॉरंटी के तहत आता है या एपल केयर में ये कवर है।

क्या ऑनलाइन ऑर्डर कर सकेंगे - ऑनलाइन ऑर्डर करने के लिए एपल ने साल 2020 में ही अपनी सर्विसेज इंडिया में लॉन्च कर दी थीं। यानी किसी भी डिवाइस को ऑनलाइन खरीदा जा सकता था। हालांकि, अब ऑनलाइन खरीदारी करने के बाद प्रोडक्ट को स्टोर से पिक करने का ऑप्शन भी मिलेगा।

शिक्षा प्रणाली की खामियों के कारण बढ़ रही बेरोजगारी, बिना कौशल की डिग्री से इकोनॉमी प्रभावित

नई दिल्ली ।

भारत के 117 अरब डॉलर के शिक्षा उद्योग में कारोबार लगातार तेजी से बढ़ रहा है और नए कॉलेजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। हालांकि इसके बावजूद हजारों युवा भारतीय सीमित या बिना कौशल के स्नातक की डिग्री हासिल कर ले रहे हैं। यह स्थिति विकास के एक महत्वपूर्ण दौर में अर्थव्यवस्था को कमजोर कर रही है।

नौकरी पाने की होड़ में युवा दो-तीन डिग्री पर खर्च कर रहे

भारत में आगे बढ़ने के लिए बेताब कुछ युवा नौकरी पाने की उम्मीद में दो या तीन डिग्री के लिए भी भुगतान कर रहे हैं। वे छोटे अपार्टमेंट भवनों के अंदर या बाजारों में दुकानों के अंदर चल रहे कॉलेजों की ओर आकर्षित होते हैं। राजमार्गों पर संस्थानों के लिए बिलबोर्ड लगे हुए हैं, जिनमें जॉब प्लेसमेंट का वादा किया जा रहा है।

भारत में शिक्षा पर विरोधाभास की स्थिति

यह एक अजीब विरोधाभास है। एक तरफ भारत के शीर्ष प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थानों ने अल्फाबेट सीईओ के सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला जैसे ग्लोबल बिजनेस लीडर्स को तैयार किया है। दो दर्जन से अधिक छात्रों और विशेषज्ञों के अनुसार दूसरी ओर ऐसे हजारों छोटे निजी कॉलेज हैं, जिनके पास नियमित कक्षाएं नहीं हैं, वे कम प्रशिक्षित वाले शिक्षकों को नियुक्त करते हैं, पुराने पाठ्यक्रम का उपयोग करते हैं, और कोई व्यावहारिक अनुभव या नौकरी प्लेसमेंट प्रदान नहीं करते हैं।

डिग्री की लागत और रिटर्न पर विचार करने का बढ़ा चलन

दुनिया भर में, छात्र अब तेजी से बढ़ रही डिग्री की लागत और उसके रिटर्न पर विचार करने लगे हैं। उच्च शिक्षा पर अमेरिका सहित विश्व स्तर पर विवाद बहस शुरू हो गई है। कई लाभकारी संस्थानों को सरकारी जांच का भी सामना करना पड़ा है। फिर भी भारत में शिक्षा क्षेत्र की जटिलताएं तेजी से बढ़ती ही जा रही हैं। कुछ अनुमानों के अनुसार भारत दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देशों में एक है।

एआई चैटबॉट ट्रूथजीपीटी लॉन्च करेंगे एलन मस्कः चैटजीपीटी और गूगल के बार्ड को मिलेगी टक्कर, ओपनएआई छोड़ने की वजह भी बताई

नई दिल्ली।

बिलिनेयर एलन मस्क ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्लेटफार्म ट्रूथजीपीटी लॉन्च करने की घोषणा की है। इसके जरिए मस्क ओपनएआई के चैटजीपीटी और गूगल के बार्ड को टक्कर देंगे। मस्क ने ओपनएआई पर एआई को झूठ बोलने की ट्रेनिंग देने का आरोप लगाते हुए आलोचना की। उन्होंने कहा कि ओपनएआई अब केवल मुनाफे के लिए क्लोज्ड सोर्स वाला प्लेटफार्म बन गया है। साथ ही मस्क ने गूगल के को-फाउडर लैरी पेज पर एआई की सेफ्टी को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाया।

सेफ्टी का सबसे अच्छा तरीका होगा ट्रूथजीपीटी - एलन मस्क ने कहा, मैं कुछ ऐसा शुरू करने जा रहा हूं जिसे मैं ट्रूथजीपीटी या मैक्सिमम ट्रुथ सर्च करने वाला एआई कहता हूं। ये यूनिवर्स के नेचर को समझने की कोशिश करेगा। ट्रूथजीपीटी से ह्यूमन्स को किसी तरह का कोई खतरा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि लॉन्च के बाद ट्रूथजीपीटी गूगल और ओपनएआई प्लेटफार्म के अलावा एक और नया ऑप्शन देगा। एआई में सिवलिजेशन डिस्ट्रक्शन की क्षमता एलन मस्क ने अपने प्लेटफॉर्म को सेफ

बताया लेकिन वो ये भी मानते हैं कि एआई में सिविलाइजेशन को खत्म करने की क्षमता है। उन्होंने कहा, एआई किसी किसी खराब एयरक्राफ्ट डिजाइन और खराब कार प्रोडक्शन से भी ज्यादा खतरनाक है। साथ ही, एआई में सिवलिजेशन डिस्ट्रक्शन करने की भी क्षमता है। मस्क ओपनएआई के फाउंडर्स में से एक थे, जिसकी स्थापना साल 2015 में हुई थी। हालांकि, उन्होंने 2018 में अपने स्टेक के साथ कंपनी भी छोड़ दी। मस्क ने बताया कि टेस्ला और स्पेसएक्स पर फोकस करने के लिए उन्होंने ओपनएआई को छोड़ दिया था। इसके अलावा वो ओपनएआई की टीम की कुछ बातों से सहमत भी नहीं थे।

सैमसंग फोन्स से हटा सकता है गूगल सर्च इंजन: चैटजीपीटी से जुड़ा बिनग होगा विकल्पज्परेशान गूगल जोड़ रहा एआई के फीचर्स

नई दिल्ली ।

अगर आप ये खबर सैमसंग के किसी स्मार्टफोन पर पढ़ रहे हैं तो आप भारत के उन 20प्रतिशत स्मार्टफोन यूजर्स में हैं जो सैमसंग के ग्राहक हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सैमसंग, गूगल का ग्राहक है एंड्रॉयड प्लेटफॉर्म के साथ ही सैमसंग गूगल के सर्च इंजन की सेवाएं लेने वाले सबसे बड़े ग्राहकों में से एक है। सैमसंग के स्मार्टफोन में गूगल ही डिफॉल्ट सर्च इंजन के तौर पर इंस्टॉल होता हैज्लेकिन अब चैटजीपीटीसे जुड़े माइक्रोसॉफ्ट के सर्च इंजन बिंग की वजह से ये डील खतरे में है। सैमसंग ने ये संकेत दिए हैं कि वो अब अपने स्मार्टफोन्स में डिफॉल्ट सर्च इंजन के तौर पर गूगल के बजाय माइक्रोसॉफ्ट बिंग का इस्तेमाल शुरू कर सकता है। ये डील टूटने का

मतलब होगा गूगल को सालाना 3 बिलियन डॉलर, यानी करीब 25 हजार करोड़ रुपए का सीधा घाटा। यही नहीं, एपल के साथ भी गूगल का इसी तरह का सालाना 20 बिलियन डॉलर, यानी करीब 1.64 लाख करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट है। इस कॉन्ट्रैक्ट का रिन्यूअल भी होना बाकी है। सैमसंग के इन संकेतों से बौखलाए गूगल ने अब पूरी तेजी से अपने मौजूदा सर्च इंजन में एआई से जुड़े फीचर्स जोड़ने की रेस लगा दी है। साथ ही एक नया सर्च इंजन भी लॉन्च करने की तैयारी पूरे जोरों पर है। अपने सर्च इंजन को अपग्रेड करने के गूगल के इस प्रोजेक्ट का नाम है प्रोजेक्ट पर अभी कंपनी ने 160 लोगों को फुलटाइम लगा रखा है।

पिछले 25 साल से गूगल सर्च इंजन की दुनिया में सबसे आगे रहा है। माइक्रोसॉफ्ट का बिंग उसका प्रतिद्वंद्वी रहा है, मगर बहुत पीछे। माइक्रोसॉफ्ट ने कभी भी बिंग सर्च को अपना मुख्य प्रोडक्ट नहीं माना था, जबकि गूगल की कमाई का सबसे बड़ा जरिया ही उसका सर्च इंजन है। पिछले साल गूगल ने सर्च इंजन से 160 बिलियन डॉलर, यानी 13 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा की कमाई की थी।

दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट की लॉन्चिंग टली

39 सेकेंड पहले रोका लॉन्च; स्टारशिप के प्रेशर वाल्व में समस्या, रीसेट होने में लगेंगे 48 घंटे

वॉशिंगटन।

दुनिया के सबसे पावरफुल लॉन्च व्हीकल स्टारशिप का पहला ऑर्बिटल टेस्ट टल गया है। प्रेशर वाल्व के फ्रीज होने के कारण लॉन्च को 39 सेकेंड पहले रोक दिया गया। अब रॉकेट को रीसेट करने में कम से कम 48 घंटे लगेंगे। स्टेनलेस स्टील से बने स्टारशिप को दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने बनाया है। लॉन्च टलने के बाद एलन मस्क ने ट्वीट किया- ऐसा लगता है कि एक प्रेशर वाल्व जम गया है, इसलिए जब तक यह काम करना शुरू नहीं करता, लॉन्च नहीं किया जा सकता। आज बहुत कुछ सीखा। अब प्रोपेलेंट को ऑफलोड कर रहे हैं। कुछ दिनों में फिर प्रयास करेंगे ये लॉन्चिंग इसलिए अहम थी क्योंकि ये स्पेसशिप ही इंसानों को इंटरप्लेनेटरी बनाएगा। यानी इसकी मदद से पहली बार कोई इंसान पृथ्वी के अलावा किसी दूसरे प्लेनेट पर कदम रखेगा। मस्क साल 2029 तक इंसानों को मंगल ग्रह पर पहुंचाकर वहां कॉलोनी बसाना चाहते हैं। स्पेसशिप इंसानों को दुनिया के किसी भी कोने में एक घंटे से कम समय में पहुंचाने में भी सक्षम होगा। यहां कई लोगों के मन में सवाल होगा कि आखिर हमें पृथ्वी से 23 करोड़ किलोमीटर दूर मंगल ग्रह पर कॉलोनी बसाने की क्या जरूरत है वहीं कुछ का सवाल ये भी होगा कि इतनी दूर जाने में कितना समय लगेगा, इसकी प्रोसेस क्या होगी इंसान कैसे इस रेड प्लेनेट से वापस आएंगे स्टारशिप की टेक्नोलॉजी क्या है स्टारशिप क्या-क्या कर सकती है सबसे पहले बात स्टारशिप की... इससे इस पूरे लॉन्च को समझना आपके लिए आसान हो जाएगा स्पेसएक्स के स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट को कलेक्टिवली स्टारशिप कहा जाता है। ये एक रियूजेबल ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम है। इसमें एडवांस्ड रेप्टर इंजनों का इस्तेमाल किया गया है। स्टारशिप को स्पेसएक्स के साउथ टेक्सास में स्टारबेस फैसिलिटी से लॉन्च किया जाएगा।

स्टारशिप अब तक का डेवलप दुनिया का सबसे पावरफुल लॉन्च व्हीकल है। ये पूरी तरह से रियूजेबल है और 150 मीट्रिक टन भार ले जाने में सक्षम है। स्टारशिप सिस्टम 100 लोगों को एक साथ मंगल ग्रह पर ले जाएगा। मस्क 10 अप्रैल को ही स्टारशिप को लॉन्च करना चाहते थे,

लेकिन फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन से अप्रूवल नहीं मिल पाया था।

स्टारशिप लॉन्च में क्या होगा - ये पूरा लॉन्च 90 मिनट का होगा। टेस्ट फ्लाइट के दौरान, लिफ्ट ऑफ के लगभग 3 मिनट बाद बूस्टर अलग हो जाएगा और गल्फ ऑफ मैक्सिको में लैंड कर जाएगा। शिप 150 मील यानी 241.40 किलोमीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर पृथ्वी के चक्कर काटेगा और फिर हवाई कोस्ट पर स्पैल्शडाउन होगा। यानी इस टेस्ट में स्टारशिप वर्टिकल लैंडिंग अटेम्प्ट नहीं करेगा। नीचे दिए ग्राफिक्स से लॉन्च की पूरी प्रोसेस को आप आसानी से समझ सकते हैं।

मिशन के सफल होने की संभावना केवल 50प्रतिशत - इस टेस्ट की सक्सेस मस्क को मंगल ग्रह पर उनके शहर बसाने के सपने के और करीब ले जाएगी। हालांकि मस्क ने हाल ही में कहा था कि स्टारशिप के पहले ऑर्बिटल मिशन के सफल होने की संभावना केवल 50प्रतिशत है, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि स्पेसएक्स साउथ टेक्सास साइट पर कई स्टारशिप व्हीकल बना रहा है। इन्हें आने वाले महीनों में जल्दी-जल्दी लॉन्च किया जाएगा और लगभग 80प्रतिशत संभावना है कि उनमें से एक इस साल ऑर्बिट में पहुंच जाएगा। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट मिलकर रियूजेबल ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम बनाते हैं जो ऑर्बिट में रिफ्यूलिंग करने में सक्षम है। ये सिस्टम मार्स की सरफेस पर मौजूद नेचुरल रिसोर्सेज से खुद को रिफ्यूल भी कर सकता है। इंसानों पर मंगल ग्रह पर भेजने की बात करें तो सुपर हैवी बूस्टर के साथ स्टारशिप को लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद बूस्टर अलग हो जाएगा और पृथ्वी पर लौट आएगा। अब पृथ्वी से एक रिफ्यूलिंग टैंकर लॉन्च होगा। ये टैंकर ऑर्बिट में स्टारशिप से डॉक हो जाएगा और रिफ्यूलिंग के बाद वापस पृथ्वी पर लौट आएगा। स्टारशिप अब पृथ्वी के ऑर्बिट से मंगल की अपनी यात्रा शुरू करेगा। स्टारशिप मंगल ग्रह के वायुमंडल में 7.5 की रफ्तार से प्रवेश करेगा और फिर धीमा हो जाएगा। इस व्हीकल की हीट शील्ड को कई मल्टिपल एंट्री के लिए डिजाइन किया गया है। धीमा होने के बाद स्टारशिप मंगल पर लैंड कर जाएगा। मंगल ग्रह पर पृथ्वी से पहुंचने में करीब-करीब 9 महीने का समय लगेगा और वापस आने में भी इतना ही। मंगल ग्रह पर कॉलोनी बसाने की जरूरत पर एलन मस्क कहते हैं- पृथ्वी पर एक लाइफ एंडिंग इवेंट मानवता के अंत का कारण बन सकती है, लेकिन अगर हम मंगल ग्रह पर अपना बेस बना लेंगे तो मानवता वहां जीवित रह सकती है। करोड़ों साल पहले पृथ्वी पर डायनासोर का भी अंत एक लाइफ एंडिंग इवेंट के कारण ही हुआ था। वहीं प्रोफेसर स्टीफन हॉकिंग ने भी 2017 में कहा था कि अगर इंसानों को सर्वाइव करना है तो उन्हें 100 साल के भीतर विस्तार करना होगा।

सालगिरह पर आलिया के लिए 10 लाख का बैंग लेकर आए रणबीर

Image Source: India Post English

मुंबई (ईएमएस)। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर इंडस्ट्री के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक हैं। अप्रैल 2022 में शादी करने वाले जोड़े ने हाल ही में अपनी शादी की पहली सालगिरह मनाई। रणबीर लंदन में फिल्म एनिमल की शूटिंग में व्यस्त थे। लेकिन इसके बीच भी उन्होंने आलिया के लिए समय निकाल लिया। रणबीर अपनी पहली वेडिंग एनिवर्सरी पर पत्नी आलिया के साथ रहने के लिए एक दिन के लिए मुंबई लौटे। दिलचस्प बात यह है कि रणबीर का एयरपोर्ट वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिसमें उनके हाथ में शनेल का शॉपिंग बैग है। इस बैग के कीमत की हर तरफ चर्चा हो रही है। मुंबई लौटते वक्त रणबीर के हाथ में एक बैग लिए नजर आए। फैंस का मानना है कि अलिया के लिए उन्होंने लंदन से शनेल बैग खरीदा था। पहली एनिवर्सरी पर आलिया और रणबीर को उनके बन रहे नए घर के कंस्ट्रक्शन पर जाते हुए देखा गया, और अलिया ने अपने साथ वही पिंक शनेल स्लिंग बैग ले रखा था। कथित तौर पर बैग की कीमत लगभग 10 लाख रुपये हैं। रणबीर का एयरपोर्ट वीडियो शेयर किए जाने के तुरंत बाद, फैंस ने गिफ्ट के बारे में अनुमान लगाना शुरू कर दिया। एक फैन ने लिखा, किसी को उसकी शादी की सालगिरह पर शनेल का बैग मिल रहा है! एक फैन ने लिखा, क्या वहां वेडिंग गिफ्ट है? एक ने लिखा, सामान्य लोगों ने शनेल का बैग देखा, महान लोगों ने शराब की दो बोतलें देखीं। इस बीच, अपनी पहली सालगिरह पर आलिया ने रणबीर के साथ शादी और अफ्रीका से प्रपोज डे की अनदेखी तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में उनके हल्दी के एक पल को दिखाया गया है। दूसरी तस्वीर तब ली गई थी, जब रणबीर ने मसाई मारा में आलिया को प्रपोज किया था। तीसरी रोमांटिक तस्वीर एक इवेंट की थी।

राकेश रोशन ने बताया, कृष 4 बनाने की कोई जल्दी नहीं



मुंबई(ईएमएस)। ऋतिक रोशन की कृष सीरीज को लेकर डायरेक्टर राकेश रोशन ने नया खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि अब उन्हें कृष 4 को लेकर कोई जल्दी नहीं है। गौरतलब है कि ऋतिक रोशन की सोशल मीडिया पर अच्छी संख्या में फैन फॉलोइंग है। एक्टर ने अपने करियर में अधिकतर हिट फिल्में डिलीवर की हैं। उनकी झोली में कहो ना प्यार है, अग्नीपथ जैसी कई अच्छी फिल्मों के नाम शामिल हैं। ऋतिक रोशन ने फेमस फिल्म कृष में भी काम किया है। इस फ्रेंचाइजी की अभी तक की सभी फिल्में काफी पसंद की गई हैं। हालांकि, लंबे समय से इसका अगला पार्ट नहीं रिलीज किया गया। कृष सीरीज की आखिरी फिल्म कृष 3 2013 में रिलीज की गई थी। इसके बाद से लेकर अभी तक चौथे पार्ट को लेकर कई खबरें सामने आईं। हालांकि, फिल्म की ऑफिशियल रिलीज डेट को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया। अब इस सीरीज के डायरेक्टर राकेश रोशन ने इस बात से पर्दा उठा ही दिया है कि कृष 4 कब आ सकती है। मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने बताया कि कृष 4 को बनाने की उन्हें कोई जल्दी नहीं है। मूवी की शूटिंग ही 2024 के बाद शुरू होगी। फिलहाल उनकी टीम स्क्रिप्ट पर काम कर रही है, और इसके बाद ही प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी फिल्म को बनाने के लिए उन्हें अपना समय चाहिए होता है, वह कृष 4 को पूरा करने में किसी भी तरह की जल्दबाजी में नहीं हैं।

स्टाइलिश लुक में दिखीं किम कार्दशियन

एक्ट्रेस किम कार्दशियन हॉलीवुड इंडस्ट्री का एक जाना माना नाम है। वह न सिर्फ अपनी एक्टिंग स्किल्स बल्कि लुक्स को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। जब भी वह स्टाइलिश लुक कैरी कर सड़कों पर निकलती हैं तो सोशल मीडिया पर उनके खूब चर्चे होते हैं। इसी बीच बीते शुक्रवार एक्ट्रेस को कैलिफोर्निया के थाउजेंड ओक्स में स्पॉट किया गया, जहां वह अपने कर्वी फिगर को फ्लॉन्ट करती दिखीं। अब उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब देखी जा रही हैं। किम कार्दशियन ब्लैक बॉडीकोन टॉप और डेनिम पैंट में काफी स्टाइलिश दिखीं। चेहरे पर ब्लैक गॉग्लस और खुले बालों में एक्ट्रेस का स्टाइल देखते ही बन रहा है। अपने लुक का जलवा दिखाते हुए किम कैमरे के सामने जबरदस्त पोज देती नजर आ रही हैं। काम की बात करें तो किम को आखिरी बार फिल्म पॉ पेट्रोल में देखा गया था। इसके बाद एक्ट्रेस द कार्दशियंस टीवी सीरीज में नजर आईं।

बाबा सिद्दीकी की इफ्तार पार्टी में अपनी ड्रेस को लेकर ट्रोल हुईं पलक तिवारी

राजनेता बाबा सिद्दीकी और जीशान सिद्दीकी की इफ्तार पार्टी हर साल सुर्खियों में रहती है। टीवी से लेकर बॉलीवुड तक कई सितारे इफ्तार पार्टियों में शिरकत करते हैं। इन पार्टियों में सेलेब्स शामिल होते हैं और पार्टी में चार चांद लगाते हैं। इस साल 'किसी का भाई किसी की जान' की स्टार कास्ट के साथ 'दबंग' सलमान खान भी बाबा सिद्दीकी की इफ्तार पार्टी में पहुंचे। इस मौके पर सलमान खान के साथ पूजा हेगड़े और पलक तिवारी भी पार्टी में शामिल हुईं। पार्टी में शामिल होने के लिए पलक तिवारी ने मिरर वर्क वाला ग्रे लहंगा चोली पहना था। इस लहंगे के साथ उन्होंने डीप नेकलाइन ब्लाउज कैरी किया था। इस लुक में पलक काफी खूबसूरत लग रही थीं। पार्टी में एंट्री करते ही उन्होंने बाबा सिद्दीकी के साथ पैपराजी को पोज भी दिए। बाबा सिद्दीकी की इफ्तार पार्टी से पलक तिवारी का एक वीडियो वायरल होने के बाद नेटिजन्स अब इस वीडियो पर कमेंट कर उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने पलक के वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, "ये इफ्तार पार्टी के लिए नहीं, बल्कि आइटम गाने के लिए है।" एक अन्य यूजर ने कहा, "तुम्हारे कपड़े अच्छे लगते हैं, लेकिन ये इफ्तार पार्टी के लिए सही नहीं हैं। इफ्तार पार्टियां इतने सालों से हो रही हैं, लेकिन ये लोग अभी भी ड्रेस कोड को नहीं समझते हैं।" एक तरफ पलक तिवारी को तो वहीं पूजा हेगड़े को भी ट्रोल किया जा रहा है। एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने इस मौके पर ब्राइट ब्लैक साड़ी पहनी थी। इस साड़ी के साथ उन्होंने डीप नेक बैकलेस ब्लाउज पहना है। एक्ट्रेस पूरे लुक में बेहद खूबसूरत लग रही थीं, लेकिन रिवीलिंग कपड़ों को लेकर उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा है।

हॉट-रिवीलिंग वीडियो व फोटोज शेयर कर चर्चा में बनीं निया शर्मा

– टीवी शो की संस्कारी बहू का रिवीलिंग फोटोशूट देख फैंस की उड़ीं नींदें

मुंबई (ईएमएस)। टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा हॉट-रिवीलिंग वीडियो व फोटोज शेयर कर चर्चा में बनी हुई हैं। टीवी शो की संस्कारी बहू का रिवीलिंग फोटोशूट देखकर फैंस की नींदें उड़ीं। टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा उन छोटे पर्दे की उन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने पर्दे पर भले ही सिपल और संस्कारी रोल निभाए हैं, लेकिन वह असल जिंदगी में काफी बोल्ड हैं। निया शर्मा इंडस्ट्री में अपनी बोल्डनेस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। निया एक्टिंग से कहीं ज्यादा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। वह आए दिन अपनी हॉट एंड रिवीलिंग वीडियो और फोटोज शेयर कर फैंस को सरप्राइज देती हैं। इसी बीच निया की लेटेस्ट तस्वीरें इंटरनेट पर आग लगा रही हैं। निया शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वरों के जरिए निया फैंस के नींदें उड़ाती दिख रही हैं। निया की फोटोज में उन्होंने रॉयल ब्लू कलर का टॉप कैरी किया है। उनके इस टॉप पर फ्रंट से काफी बड़ा सा कट है, जो काफी रिवीलिंग लग रहा है। इस टॉप के साथ निया ने डेनिम की ब्लू जींस को टिमअप किया है। वहीं, उनके बाल ओपन है और उनका लाइट मेकअप उनके लुक को और भी खूबसूरत बना रहा है।

कुछ तो शर्म करो, ये हमारी सभ्यता नहीं: एक यूजर – निया शर्मा की इन तस्वीरों पर लगातार यूजर्स कमेंट कर रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने मजाकिया अंदाज में लिखा कि दीदी आप बहुत हॉट हैं। एक दूसरा लिखता है कि उर्फी का रोग सब को लग रहा है। एक दूसरा लिखता है कि हर कोई उर्फी जावेद जैसा व्यवहार कर रहा है। एक यूजर ने लिखा कि कुछ तो शर्म करो, ये हमारी सभ्यता नहीं है। इस तरह के कई और कमेंट्स निया की इन फोटोज पर आ रहे हैं। निया शर्मा को इंस्टाग्राम पर 7 मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। उनकी हर तस्वीर पोस्ट करते ही वायरल हो जाती है।

सेल्फी में एब्स फ्लॉन्ट करते नजर आए ईशान

एक ताज फोटो में एक्टर ईशान खट्टर एब्स फ्लॉन्ट करते नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ईशान ने एक मिरर सेल्फी पोस्ट की। इसमें वे शर्टलेस नजर आ रहे हैं। फोटो में वह ब्लैक कलर की पैंट में पोज देते हुए कैमरे की ओर देखते हुए नजर आ रहे हैं। बता दें कि ईशान निकोल किडमैन के साथ द परफेक्ट कपल में भी नजर आएंगे। यह नेटफ्लिक्स के लिए एक लिमिटेड सीरीज है। बॉलीवुड एक्टर द परफेक्ट कपल में दूल्हे के सबसे अच्छे दोस्त शूटर दिवाल की भूमिका निभाएंगे। द परफेक्ट कपल में लिव श्राइबर, डकोटा फैनिंग और अन्य कलाकार भी हैं। ईशान इससे पहले मीरा नायर की ए सूटेबल बॉय में नजर आए थे। उन्हें आखिरी बार कैटरीना कैफ और सिद्धांत चतुर्वेदी-स्टारर फिल्म फोन भूत में देखा गया था।

दूसरी बार बुआ बनेंगी करीना कपूर

एक्ट्रेस करीना कपूर के भाई और एक्टर अरमान जैन के घर जल्द ही दूसरे बच्चे की किलकारियां गूंजने वाली हैं। एक्टर की पत्नी अनीशा मल्होत्रा जल्द ही मां बनने वाली है। घर में दूसरे बेबी के आने को लेकर कपल बेहद एक्साइटड है। ऐसे में हाल ही में मॉम टू बी अनीसा अपना बेबी शॉवर एंजॉय करती दिखीं, जिसका वीडियो उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर भी शेयर किया है। बीते शनिवार अनीसा मल्होत्रा ने अपने बेबी शॉवर का एक प्यारा वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया, जिसमें गोद भराई के लिए खूब डेकोरेशन की नजर आ रही है। यह बेबी शॉवर अंडर द सी थीम्ड पर बेस्ड था। इस अवसर पर अनीसा रेड कलर की स्लिप ड्रेस में खूबसूरत लगीं और अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आईं।

सिडनी में मौज कर रही सारा अली

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान की बेटी और एक्ट्रेस सारा अली खान इंडस्ट्री की बेहतरीन एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह काम के साथ ही अपने लाइफस्टाइल और लुक्स को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। सारा अक्सर काम से ब्रेक लेकर घूमने निकलती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने सिडनी ट्रिप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें वह अपने लुक्स और अंदाज से लोगों का दिल जीत रही हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर सारा ने कैप्शन में लिखा कि हारने का समय नहीं, हमेशा गतिमान। स्विम, वर्कआउट। यात्रा करें, अनुभव करें, सुधार करें। पोस्ट के वीडियो में देखा जा सकता है कि शुरूआत में सारा कहती हैं कि नमस्ते दर्शको। इसके बाद वह सिडनी घूमने निकल पड़ीं। वहां उन्होंने देसी लुक भी कैरी किया और देसी अंदाज में चक्का चक गाने पर डांस भी करती नजर आईं।

कपिल एक बार फिर करीना व तब्बू संग द क्रू में पर्दे पर आएंगे नजर

-एक अहम रोल प्ले करने के लिए मिला ऑफर

VERSACE JEANS COUTURE

मुंबई (ईएमएस)। कॉमेडियन एवं एक्टर कपिल शर्मा एक बार फिर पर्दे पर नजर आएंगे, लेकिन इस बार उनके साथ कई बड़ी एक्ट्रेसेज भी दिखाई देंगी। मीडिया के अनुसार कपिल फिल्म द क्रू में नजर आएंगे। हालांकि, अभी तक कपिल की तरफ से कोई जानकारी सामने नहीं आई है। कपिल को इस मूवी में एक अहम रोल प्ले करने के लिए ऑफर किया गया है। इस फिल्म में करीना कपूर भी नजर आने वाली हैं। ये भी कहा जा रहा है कि वो जल्द ही अपने हिस्से की शूटिंग के लिए विदेश रवाना होंगे। करीना कपूर के अलावा इस फिल्म में कृति सेनन और तब्बू नजर आने वाली है। बीते दिनों करीना और कृति ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी थी। वहीं इस हफ्ते तब्बू ने भी शूटिंग शुरू कर दी है। कपिल के अलावा इस फिल्म में पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांज का भी नाम सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि दिलजीत का मूवी में अहम रोल है। अपकमिंग कॉमेडी मूवी को राजेश कृष्णनन डायरेक्ट कर रहे हैं, तो वहीं एकता कपूर और रिया कपूर फिल्म की प्रोड्यूसर है। फिल्म की शूटिंग भारत के अलग-अलग हिस्सों में की जाएगी। ज्यादातर शूटिंग मुंबई में होगी। कपिल शर्मा ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत अब्बास-मस्तान के निर्देशन में बनी फिल्म किस किसको प्यार करूं से की थी। इसके बाद वह दूसरी फिरंगी में नजर आए थे। वहीं सालों बाद नंदिता दास की फिल्म ज्विगाटो में नजर आए, जो सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

वेड ने 50 दिनों के सफर में कमाए 74 करोड़, मराठी बॉक्स ऑफिस पर किया शानदार प्रदर्शन

रितेश-जिनिलिया की सुपरहिट मराठी फिल्म वेड, ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी रिलीज

मुंबई (ईएमएय)। रितेश देशमुख और जिनिलिया डिसूजा की सुपरहिट मराठी फिल्म वेड अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने के लिए तैयार है। अच्छी बात यह है कि फिल्म हिंदी में भी स्ट्रीम की जा रही है। वेड एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसे सिनेमाघरों में काफी पसंद किया गया था। वेड डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 28 अप्रैल को स्ट्रीम की जाएगी। प्लेटफॉर्म ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। 2022 में रिलीज हुई वेड ने मराठी बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था। 30 दिसम्बर को रिलीज हुई फिल्म ने 17 फरवरी को 50 दिनों का सफर बॉक्स ऑफिस पर पूरा किया था और 74 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया, जिसमें से 60.67 करोड़ का नेट कलेक्शन रहा। वेड रितेश देशमुख का डायरेक्टोरियल डेब्यू भी है। उन्होंने फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के साथ इसका सह-निर्माण भी किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार वेड साल 2022 की हाइएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म होने के साथ तीसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली मराठी फिल्म है। वेड के साथ रितेश, इंडस्ट्री के उन निर्देशकों में शामिल हो गये हैं, जिन्होंने अपनी पहली ही फिल्म से कामयाबी हासिल की। फिल्म में रितेश की बेटर हाफ जिनिलिया डिसूजा के साथ अशोक सराफ और जिया शंकर ने प्रमुख भूमिकाएं निभाईं। वेड 2019 की तेलुगू हिट माजिली का रीमेक है, जिसमें सामंथा रूथ प्रभु और नागा चैतन्य ने मुख्य भूमिकाएं निभायी थीं। रितेश को इंडस्ट्री में दो दशक बीत चुके हैं। उन्होंने जिनिलिया के साथ तुझे मेरी कसम फिल्म से 2003 में डेब्यू किया था। उन्होंने कई हिंदी फिल्मों में सोलो लीड और सहायक भूमिकाएं निभायीं। रितेश ने कॉमिक किरदारों के जरिए अपनी अलग पहचान कायम की। 2013 में आयी मराठी फिल्म बालक पालक से वो निमार्ता बन गये। 2014 में उन्होंने लय भारी के साथ मराठी सिनेमा में पारी शुरू की और यह फिल्म बेहद सफल रही थी। निशीकांत कामत निर्देशित फिल्म में सलमान खान और जिनिलिया ने कैमियो किया था। इसका सह-निर्माण भी रितेश ने किया था। रितेश की आने वाली हिंदी फिल्मों में ककूड़ा और विस्फोट शामिल हैं।

सूडोकु नवताल- 6405

★★★✫☆ मध्यम

4	6		3		8	9		7
	1		9		6		5	4
						8		
	4		5				8	
2		5		4		6		1
	3				1		7	
		3						
5	9		7		2		6	
7		6	4		3		9	2

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6404 का हल

5	7	2	3	8	4	1	9	6
8	6	1	9	2	5	7	3	4
3	9	4	1	6	7	5	8	2
2	5	7	4	1	3	8	6	9
4	8	6	5	9	2	3	7	1
1	3	9	6	7	8	4	2	5
6	2	3	7	4	1	9	5	8
9	4	5	8	3	6	2	1	7
7	1	8	2	5	9	6	4	3

शब्दजाल - 7152

अ	क	ल	व	दे	ह	रा	दू	न	ल	क
र	ल्मो	ल	रु	व	जी	ग	द	इ	ट	ली
ग	स	ड्र	ल	द्र	छ	पु	चं	पा	व	त
क	ढ़	ज	य	पु	प्र	न	प	न	ल	उ
क	क	वा	ग	श्री	लं	या	तू	ग	झ	ध
जी	क	ल	ल	ह	झ	पू	ग	ण	घ	म
उ	आ	नै	नी	ता	ल	ल	श	र	ला	सिं
क	त्त	दा	ई	धा	ब	क	फ	लो	श	ह
च	बा	र	न	ब्रा	जी	ल	री	ग	प	न
मो	पा	ल	का	व	ह	रि	द्वा	र	प	ग
ली	क	ल	प	शी	न	रा	बा	द	प	र

शब्द जाल में उत्तरांचल के 10 जिलों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

अल्मोडा, चमोली, चंपावत, देहरादून, गढ़वाल, हरिद्वार, नैनीताल, रुद्रप्रयाग, उधमसिंह नगर, उत्तरकाशी

शब्दजाल - 7151 का हल

ब	क	दो	यु	ला	प	ब	रे	ली	झ	क
जे	ल	ल	प	आ	रिं	पू	ना	दि	शा	ऊ
अं	इ	रा	म	सं	ग	ल	श	र	न	ल
क	कु	दा	म	धा	ब	रा	प	ख	श	र
क	ति	ब	न	पु	क	र	ल	ग	वी	इ
ब	स्ती	ल	लि	व	र	र्त	ऐ	ढ़	प	ला
ती	अ	ल	श	या	प	म	ग	कौ	ला	ह
क	ली	अ	ब	त	क	म	प्प	न	श	बा
क	ग	थो	तें	व	ज	ज	द	शा	जू	द
द	ढ़	ल	प	आ	रं	र्त	ऐ	बें	प	रु
थो	त	सा	बि	ज	नौ	र	जा	एं	प	क

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 6105

	3	1	5		7	4
	29	4	29	6	29	
7		2			1	
	31		38		30	2
1	5		7	4		6
	32	5	36		34	7
		7		1	6	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 6104 का हल

6	3	2	5	4	1	7
1	27	7	33	5	38	3
3	4	1	2	7	6	5
7	27	6	35	3	38	2
2	1	3	7	6	5	4
4	27	5	35	2	27	1
5	3	4	7	1	2	6

Jagrutidaur.com, Bangalore

पांच साल से नहीं बढ़ी महिला क्रिकेटर्स की कॉन्ट्रैक्ट राशि : ग्रेड ए के 1 पुरुष को 5 करोड़, महिलाओं का कुल करार 5.1 करोड़ का

मुंबई।

बीसीसीआई दुनिया का सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड है। इसका मुजाहिरा उसने पेश किया, जब उसने घरेलू टूर्नामेंट की प्राइज मनी बढ़ाई। हालांकि, कुछ मामलों में अभी भी उसका भेदभाव नजर आ रहा है। मसलन, भारतीय क्रिकेटर्स को दिया जाने वाला सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट। पुरुष और महिला क्रिकेटर्स का जो सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट है, उसमें अंतर कुएं का नहीं बल्कि खाई जितना है। पुरुषों को करोड़ों में राशि मिलती है, जबकि महिलाओं को लाखों में। न सिर्फ राशि में भेदभाव है, बल्कि कॉन्ट्रैक्ट देने में भी बोर्ड का दोहरा मापदंड है। बीसीसीआई पुरुष क्रिकेटर्स को 26 मार्च को कॉन्ट्रैक्ट दे चुका है, लेकिन महिला क्रिकेटर्स अभी तक इंतजार ही कर रही हैं। दूसरे देश के बोर्ड में ऐसा नहीं होता। ऑस्ट्रेलिया ने इस महीने की शुरुआत में अपनी दोनों टीमों को कॉन्ट्रैक्ट दिए। बीसीसीआई ने 2018 के बाद महिला क्रिकेटर्स के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की राशि भी नहीं बढ़ाई है। पूर्व इंटरनेशनल क्रिकेटर अरुंधति रॉय का कहना है कि बीसीसीआई अब महिला और पुरुष खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं समान देने के लिए सकारात्मक रूप से काम कर रहा है।

महिला क्रिकेट में 19 खिलाड़ियों से करार - बोर्ड पुरुष वर्ग में 26 खिलाड़ियों को कॉन्ट्रैक्ट देता है, जबकि महिला वर्ग में सिर्फ 19 को। पुरुष टीम में ए+, ए, बी और सी ग्रेड हैं। महिला टीम में ए, बी, सी ग्रेड हैं। पुरुषों को ए+ में 7 करोड़, ए में 5 करोड़, बी में 3 करोड़, सी में एक करोड़ मिलते हैं। महिला में ग्रेड ए में 50 लाख, बी में 30, सी में 10 लाख है।

पुरुषों का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट 82 करोड़ का - पुरुषों में कॉन्ट्रैक्ट पर 82 करोड़ खर्च होते हैं, जबकि महिला वर्ग में कॉन्ट्रैक्ट पर सिर्फ 5.1 करोड़ खर्च होते हैं। यानी, पुरुष क्रिकेट से करीब 16 गुना कम। ग्रेड ए के एक पुरुष क्रिकेटर को जितनी राशि मिलती है, उससे थोड़ी ही ज्यादा राशि में पूरी महिला क्रिकेटर्स का कॉन्ट्रैक्ट बन जाता है।

महिलाओं को 2015 में मिला था करार - 2015 में महिला क्रिकेटर्स को कॉन्ट्रैक्ट मिला। तब ग्रेड ए में 15 लाख और बी में 10 लाख मिलते थे। तब पुरुष क्रिकेटर्स को ए ग्रेड में एक करोड़, बी में 50 लाख व सी में 30 लाख मिलते थे। 2018 में महिला वर्ग में ग्रेड सी शामिल हुआ। ग्रेड ए में 50 लाख, बी में 30, सी में 10 लाख राशि मिले।

न्यूज ब्रीफ

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी की मेजबानी करेगा चेन्नई, पाकिस्तान और चीन ने टूर्नामेंट में खेलने की अब तक

नई दिल्ली । एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी चेन्नई करने जा रहा है। तीन से 12 अगस्त को होने वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी भारत पहली बार करेगा। टयह लंबे समय बाद है जब ओडिशा की बजाय देश के अन्य किसी स्थान पर अंतरराष्टीय हॉकी टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए तीन बार के विजेता पाकिस्तान और चीन ने अब तक हामी नहीं भरी है। आयोजकों का कहना है कि पाकिस्तान और चीन टूर्नामेंट में खेलने के बारे में 25 अप्रैल तक बताएंगे। आयोजकों ने कहा कि अगर पाकिस्तान की टीम इस टूर्नामेंट में खेलती है तो उसके लिए उचित सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि चेन्नई में इस टूर्नामेंट के आयोजन से इस क्षेत्र में हॉकी को पुर्नजीवन मिलेगा। चेन्नई ने अंतिम बार 2007 में एशिया कप केरूप में अंतरराष्टीय हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। तब भारत ने फाइनल में कोरिया को 7-2 से हराकर यह टूर्नामेंट जीता था। भारत इस टूर्नामेंट को 2011 और 2016 में जीत चुका है। 2018 में वह पाकिस्तान के साथ संयुक्त विजेता रहा था। अब तक सात बार यह टूर्नामेंट हो चुका है, जिसमें तीन बार पाकिस्तान जीता है। 2021 में ढाका में हुए इस टूर्नामेंट को कोरिया ने जीता था।

अलग-अलग समय पर विभिन्न खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन से जीत रही रॉयल्सः बोल्ट

अहमदाबाद । तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट के अनुसार इस बार आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की सफलता का रहस्य अलग-अलग समय पर विभिन्न खिलाड़ियों का टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना रहा है। बोल्ट ने कहा कि यह टीम का सकारात्मक पक्ष भी रहा है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में एक समय लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम मुश्किल स्थिति में थी पर ऐसे में कप्तान संजू सैमसन और शिमरोन हेटमेयर ने अर्धशतक लगाकर उसे संभाला। बोल्ट ने कहा, '' हमारी टीम में कुछ बेहद प्रतिभाशाली बल्लेबाज हैं और मुझे लगता है कि असली सकारात्मक यह है कि अलग-अलग समय पर विभिन्न खिलाड़ियों ने टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। '' इस तेज गेंदबाज ने कहा, '' जोस बटलर हमारे लिए एक अहम खिलाड़ी है। इस मैच में उनके विफल होने पर अन्य खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से टीम को जीत दिलायी। बोल्ट ने कहा, ''कप्तान सैमसन ने गुजरात के खिलाफ मैच में बल्लेबाजी के दौरान कठिन हालातों में बहुत दबाव झेला। उसने खेल को आगे बढ़ाने का प्रयास किया और टीम को वापसी करायी। उसे इस दौरान दूसरे खिलाड़ियों का अच्छा साथ मिला।'' उन्होंने बल्लेबाजों पर लगातार दबाव बनाने के लिए स्पिनर आर अश्विन, युजवेंद्र चहल और एडम जम्पा के साथ ही तेज गेंदबाज संदीप शर्मा के पदर्शन को भी सराहा। बोल्ट ने कहा, '' स्पिनरों के कारण हम मैच में वापसी करने में सफल रहे।

अगले साल भी आईपीएल खेल सकते हैं धोनी : मोईन

मुम्बई । सुरेश रैना और कई अन्य क्रिकेटरों के बाद अब इंग्लैंड के अनुभवी स्पिन ऑलराउंडर मोईन अली ने भी कहा है कि चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अगले साल भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 टूर्नामेंट में खेल सकते हैं। मोईन के अनुसार धोनी अभी फिट हैं और वह अगले साल भी खेलते हुए नजर आ सकते हैं। वहीं अटकलें हैं कि 40 की उम्र के धोनी इस सत्र के बाद आईपीएल को भी अलविदा कह देंगे। धोनी अब भी अपनी बल्लेबाजी, विकेटकीपिंग और कप्तानी से छाये हुए हैं और युवाओं को भी टक्कर देते नजर आते हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी कर टीम को जीत के करीब पहुंचाया था। मोईन ने कहा, ''वह निश्चित रूप से अगले साल खेल सकते हैं।'' इस ऑलराउंश्र ने कहा, ''जिस तरह से वह खेल रहे हैं, मुझे नहीं लगता कि उनकी बल्लेबाजी उन्हें इससे रोकेगी।



न्यूजीलैंड ने टी-20 सीरीज में वापसी की

पाकिस्तान ने आखिरी 9 गेंद में 3 विकेट खोकर बनाए सिर्फ 10 रन, 4 रन से हारा

लाहौर।

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच पांच टी-20 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया। शुरुआती दो मैचों को गंवाने के बाद न्यूजीलैंड ने तीसरे मुकाबले में वापसी की और पाकिस्तान को 4 रन से हराया। मैच में पाक टीम क पलड़ा भारी था और उसे जीत के लिए आखिरी ओवर में 15 रन चाहिए थे, पर जेम्स नीशम ने 2 विकेट लेकर बाजी पलट दी। पाकिस्तान ने आखिरी 9 गेंदों में सिर्फ 10 रन बनाए और 3 विकेट खो दिए। इस जीत के बाद न्यूजीलैंड ने सीरीज में 1-2 से वापसी कर ली है। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 163 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान सभी विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी।

लाथम ने खेली कप्तानी पारी - न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने पहला विकेट 20 रन पर ही गंवा दिए। ओपनर चैड बोवेस 9 गेंदों का सामना कर 7 रन बनाकर आउट हो गए। लाथम ने कप्तानी पारी खेलते हुए 49 गेंदों में 64 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 7 चौके और 2 छक्के भी जड़े। लाथम के अलावा डैरिल मिचेल ने भी 33 रनों की पारी खेली।

बाबर-रिजवान एक बार फिर फेल - बाबर-रिजवान एक बार फिर फेल हो गए। पहले टी-20 में दोनों ने जल्दी विकेट गवां दिया था, हालांकि पाकिस्तान को इस मैच में जीत मिली थी। वहीं दूसरे टी-20 में दोनों ने वापसी की थी। बाबर ने नाबाद 101 रन और रिजवान ने 50 रन की पारी खेली। वहीं तीसरे टी-20 में दोनों ने महज 17 रन के स्कोर पर अपना विकेट गवां चुके थे। पहले बाबर 6 रन के टीम स्कोर पर पवेलियन लौट गए। उनका विकेट रविंद्र रचिन ने मिल्ने के हाथों कैच कराकर लिया। आजम 6 गेंदों का सामना कर केवल 1 रन ही बना सके। वहीं रिजवान भी 17 रन के स्कोर पर आउट हो गए। रचिन की ही गेंद पर कप्तान लाथम ने स्टंप आउट किया। रिजवान 10 गेंदों का सामना कर 6 रन बना पाए।

उसके बाद फखर जमान और सइम अयूब ने पारी को संभालने की कोशिश की। जमान 17 और अयूब 10 रन बनाकर आउट हो गए। इफ्तखार अहमद और फहीम अशरफ ने संभाली पाकिस्तानी टीम की पारी इफ्तिखार अहमद और फहीम अशरफ ने पाकिस्तान की लड़खड़ाती हुई पारी को संभाला। दोनों ने 8वें विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी की। अहमद ने 24 गेंदों पर 60 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और 6 छक्के भी जड़े। वहीं अशरफ ने भी 14 गेंदों में 27 रन बनाए। दोनों के रहते हुए पाकिस्तान की जीत तय मानी जा रही थी।

आखिरी 9 गेंदों में पासा पलट गया - लेकिन आखिर के 9 गेंदों में पासा पलट दिया। पहले अशरफ आउट हुए। 19वें ओवर की तीसरी गेंद पर मैट हेनरी ने डैरिल मिचेल के हाथों अशरफ का कैच कराकर पवेलियन की राह दिखाई। उस समय पाकिस्तान का स्कोर 149 रन था। इस ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर कोई रन नहीं बना। पाकिस्तान को जीत के लिए आखिरी ओवर में 15 रन चाहिए थे। ओवर की पहली ही गेंद पर अहमद ने छक्का जमाया। दूसरी गेंद पर कोई रन नहीं बना। तीसरी गेंद पर चौका जड़ा।

भारतीय तीरंदाजी टीम के कोच होंगे कोरिया के बेक वूंग की, ओलंपिक की कराएंगे तैयारी

नई दिल्ली । भारतीय तीरंदाजों को पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए नया विदेशी कोच मिलने जा रहा है। लंदन ओलंपिक में कोरियाई महिला टीम और व्यक्तिगत महिला का स्वर्ण पदक दिलाने वाले बेक वूंग की को एशियाई खेलों तक नए कोच होंगे। इसके बाद उनका अनुबंध पेरिस ओलंपिक तक के लिए बढ़ाया जाएगा। बेक वूंग की रीकर्व तीरंदाजों को प्रशिक्षित करेंगे। वह अंताल्या (तुर्किये) में शुरु हो रहे विश्व कप स्टेज-1 में भी टीम के प्रशिक्षक होंगे। बेक वूंग अभी तक साई सोनीपत स्थित तीरंदाजी के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस से जुड़े हुए थे। 2014 के एशियाई खेलों के बाद से यह पहली बार जब रीकर्व तीरंदाजों को विदेशी कोच मिला है। यही नहीं भारतीय तीरंदाजी संघ ने दो बार के विश्वकप विजेता इटली के सर्गियो पगानी को कंपाउंड तीरंदाजों के लिए अनुबंधित किया है। पगानी 2018 से कंपाउंड तीरंदाजों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने 2018 के एशियाई खेलों से पहले तीरंदाजों को प्रशिक्षित किया था। वह भी टीम के साथ विश्वकप के लिए गए हैं।

इस साल ज्यादा टूर्नामेंट्स में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा

तुर्की में बोलें- एशियाई खेलों में लूंगा भाग, किसी भी तरह की चोट से बचना चाहता हूं

पानीपत।

देश के स्टार ओलिंपियन एथलीट नीरज चोपड़ा इन दिनों तुर्किए के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना में अपने तकनीकी कौशल में सुधार करने का अभ्यास कर रहे हैं। 2023 में अपने प्रतिस्पर्धी कैलेन्डर की शुरुआत से पहले, टोक्यो ओलिंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने कहा है कि वह हर गुजरते इवेंट और साल के साथ अपने प्रदर्शन को बेहतर करना चाहते हैं।

डायमंड लीग 5 मई को दोहा में टी-ऑफ करने के लिए तैयार है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ ट्रैक और फील्ड एथलीट अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कतर जा रहे हैं। डायमंड लीग में प्रतिस्पर्धा करने के लिए दोहा की यात्रा करने से पहले, जो 2023 का पहला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट होगा। नीरज ने बताया कि कैसे वह दोहा में सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी कर रहे हैं।

मेरी तैयारी अच्छी चल रही हैः चोपड़ा

मेरी तैयारी अच्छी चल रही है। हम हाल ही में दक्षिण अफ्रीका में थे, जहां हम ताकत और कंडीशनिंग पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे। अब हम अपने तकनीकी कौशल में सुधार करने के लिए ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना में हैं, ताकि मैं प्रतिस्पर्धा करने के लिए शीर्ष स्थिति में हूं।

एशियाई खेल एक व्यस्त प्रतिस्पर्धा

इस साल हमारे पास इस साल के अंत में अक्टूबर में एशियाई खेलों के साथ एक व्यस्त प्रतिस्पर्धी कार्यक्रम है, इसलिए मैं इस साल प्रतिस्पर्धा शुरू करने से पहले जितना हो सके तकनीकी रूप से सुधार करना चाहता हूं। कोच और फिजियो के साथ-साथ हम अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम की योजना बना रहे हैं। ठीक इसलिए ताकि मैं खुद को ठीक होने के लिए पर्याप्त समय देते हुए सुधार कर सकूं, क्योंकि मैं इस साल अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहता हूं और किसी भी तरह की चोटों से बचना चाहता हूं।

लखनऊ और चेन्नई के मैच शेड्यूल में हुआ बदलावः चार की जगह 3 मई को होगा मुकाबला, लखनऊ के इकाना में खेला जाना है मैच

मुंबई।

आईपीएल के 16वें सीजन का 46वां मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के शेड्यूल में बदलाव किया गया गया है। आईपीएल की ओर से जारी किए गए बयान में कहा है कि लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 4 मई को लखनऊ और चेन्नई के बीच खेले जाने वाला मैच 3 मई को ही खेला जाएगा। वहीं मैच के समय और स्थान में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मैच पहले की तरह ही इकाना स्टेडियम में निर्धारित समय दोपहर 3:30 बजे से ही शुरू होगा।

लखनऊ में चार मई को होंगे निकाय चुनाव

यह बदलाव लखनऊ में 4 मई को होने वाले नगर निकाय के चुनाव को देखते हुए किया गया है। सुरक्षा कारणों की वजह से आईपीएल प्रशासन ने मैच को निर्धारित दिन से एक दिन पहले कराने का फैसला किया। ताकि सुरक्षा को लेकर कोई समस्या ना हो।

लखनऊ और चेन्नई दोनों के हैं 6-6 अंक

आईपीएल के 16वें सीजन में अब तक चेन्नई और लखनऊ का प्रदर्शन शानदार रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने अब तक 5 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से 3 में जीत दर्ज की है, इसके साथ ही टीम पॉइंट्स टेबल में 6 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर काबिज हैं। वहीं दूसरी तरफ चेन्नई सुपर किंग्स की टीम ने अब तक 5 मैच में से 3 जीते हैं, सीएसके पॉइंट टेबल में 6 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

चेन्नई इस सीजन में लखनऊ को हरा चुकी है

लखनऊ सुपरजायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स इस सीजन में एक-दूसरे से एक बार भिड़ चुकी हैं। चेन्नई के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में चेन्नई ने लखनऊ को 12 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 7 विकेट के नुकसान पर 217 रन बनाए। 218 रन के टारगेट का पीछा करने आई लखनऊ ने 7 विकेट के नुकसान पर 205 रन ही बना सकी।

कोहली-गांगुली ने एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर किया अनफॉलो : बेंगलुरु और दिल्ली के बीच मैच के दौरान एक-दूसरे को किया था इग्नोर

नई दिल्ली ।

विराट कोहली और सौरव गांगुली के बीच अभी रिश्ते ठीक नहीं है। 15 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच बेंगलुरु में हुए मैच के दौरान दोनों के आपस में हाथ नहीं मिलाने का वीडियो सामने आया। अब इस बीच खबर आ रही है कि दोनों ने मैच के बाद इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। सौरव गांगुली दिल्ली कैपिटल्स के डायरेक्टर हैं, जबकि विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलते हैं।

गांगुली के इंस्टाग्राम पर 30 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वहीं वह 106 लोगों को फॉलो करते हैं। उनमें कोहली शामिल नहीं हैं। दूसरी ओर कोहली के इंस्टाग्राम पर 246 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं और वे 276 लोगों को फॉलो करते हैं, लेकिन गांगुली उनमें नहीं हैं। हालांकि दोनों क्रिकेटरों ने अभी तक आधिकारिक रूप से अनफॉलो करने के बारे में कोई बयान नहीं दिया है।

बेंगलुरु और दिल्ली मैच के दौरान गांगुली-विराट के एक-दूसरे को इग्नोर का वीडियो हुआ था वायरल

आईपीएल के 16वें सीजन में 15 अप्रैल को बेंगलुरु में हुए मैच के दौरान एक-दूसरे को इग्नोर करने का वीडियो वायरल हुआ था। दोनों ने एक-दूसरे से हाथ नहीं मिलाया। मैच खत्म होने के बाद दोनों टीम के खिलाड़ी लाइन बनाकर एक-दूसरे से हाथ मिलाने लगे। यहां दिल्ली कैपिटल्स टीम के कोच सौरव गांगुली और बेंगलुरु के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने एक-दूसरे से हाथ नहीं मिलाया। मीडिया रिपोर्ट्स में कुछ दिनों पहले दोनों के बीच अनबन की खबरें भा सामने आई थीं।

दरअसल 2021 टी-20 वर्ल्ड कप से पहले विराट कोहली ने टी-20 की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया था। वर्ल्ड कप के बाद रोहित शर्मा को पहले टी-20 और वनडे की कप्तानी सौंपी गई। वनडे की कप्तानी से हटाए जाने के बाद कोहली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि उन्हें वनडे टीम घोषित होने से कुछ घंटे पहले ही कप्तानी से हटाए जाने की जानकारी दी गई थी। वहीं उस समय बीसीसीआई अध्यक्ष रहे सौरव गांगुली ने कहा था कि उन्हें टी-20 की कप्तानी छोड़ने से रोका गया था, पर कोहली नहीं माने।

वनडे और टी-20 फॉर्मेट का अलग-अलग कप्तान नहीं बनाया जा सकता है, इसलिए चयनकर्ताओं ने कोहली को वनडे से कप्तानी से हटाने का फैसला किया। इसके बाद ये मामला काफी तूल पकड़ लिया था। आखिर में विराट ने साउथ अफ्रीका दौरे पर भारत की टेस्ट टीम की कप्तानी भी छोड़ दी। जिसके बाद से दोनों के संबंधों में कड़वाहट को लेकर बातें सामने आती रहती हैं।

बेंगलुरु और चेन्नई मैच की व्यूअरशिप 2.4 करोड़, ओवरऑल दूसरे नंबर पर

9 में भारत-न्यूजीलैंड मैच की व्यूअरशिप 2.53 करोड़ के साथ टॉप पर थी

मुंबई।

आईपीएल में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच हुए मैच डिजिटल प्लेटफॉर्म पर व्यूअरशिप के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। इस मुकाबले की लाइव स्ट्रीमिंग देखने वालों की संख्या 2.4 करोड़ तक रही। यह आईपीएल की अब तक की सबसे ज्यादा व्यूअरशिप है। वहीं, डिजिटल पर सबसे ज्यादा व्यूअरशिप 2019 वनडे वर्ल्ड कप में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए मैच के दौरान आई थी। उस मैच की व्यूअरशिप 2.53 करोड़ थी।

आईपीएल में सबसे ज्यादा लाइव स्ट्रीमिंग देखने वालों की तादाद 12 अप्रैल को हुए मुकाबले में नजर आई थी। चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के मैच का व्यूअरशिप 2.2 करोड़ था। वहीं आईपीएल में इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स का मैच आता है। इस मुकाबले की लाइव स्ट्रीमिंग भी 1.8 करोड़ था।

आखिरी ओवर में टूटा आईपीएल व्यूअरशिप का रिकॉर्ड

मैच का आखिरी ओवर काफी रोमांच से भरा था। बेंगलुरु को जीतने के लिए आखिरी ओवर में 6 गेंदों पर 19 रन की जरूरत थी। वहीं क्रीज पर सुयश प्रभुदेसाई और वनिंदु हसरंगा मौजूद थे। जबकि चेन्नई की ओर से गेंदबाजी करने का जिम्मा मथीशा पथिराना के कंधों पर था। पहली गेंद पर सुयश ने एक रन लिया। दूसरी गेंद पर हसरंगा ने 1 रन लिया। तीसरी गेंद पर सुयश ने छक्का जड़ा। चौथी गेंद पर कोई रन नहीं बना। पांचवीं गेंद पर सुयश ने दो रन लिए और आखिरी गेंद सुयश आउट हो गए। जैसे-जैसे आखिरी ओवर मैच का रोमांच बढ़ा, वैसे-वैसे ही व्यूअरशिप भी बढ़कर 2.4 करोड़ तक पहुंच गया।

टीवी पर एडवर्टाइजर्स की संख्या में भी 40 प्रतिशत की गिरावट

टीवी पर मैच देखने वालों की संख्या में ही नहीं कमी आ रही है, बल्कि टीवी पर एडवर्टाइजर्स की संख्या में भी 40 प्रतिशत की गिरावट आई है। पिछले साल टीवी पर 64 एडवटाईजर्स ने ऐड दिए थे, जबकि इस साल संख्या में कमी आई और केवल 35 एडवटाईजर्स ने ऐड दिए।

वहीं जियो सिनेमा ने 500 से ज्यादा एडवर्टाइजर्स को भी अपने साथ जोड़ा है। इनमें कैस्ट्रॉल, टीवीएस, ओरियो, अल्ट्राटेक सीमेंट जैसे पुराने ब्रांड शामिल हैं, जो धीरे-धीरे अपने विज्ञापन खर्च को टीवी से डिजिटल की ओर ले जा रहे हैं। इसके साथ-साथ ड्रीम 11, अमेजन, रैपिडो जैसे डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड भी शामिल हैं। ऐसे में जियो सिनेमा आईपीएल की टोटल ऐड सेल्स के 60प्रतिशत पर कब्जा कर सकता है।

2 अलग-अलग मीडिया नेटवर्क ब्रॉडकास्ट कर रहे आईपीएल

आईपीएल के 16वें एडिशन को दो अलग-अलग मीडिया नेटवर्क ब्रॉडकास्ट कर रहे हैं। रिलायंस के जियो सिनेमा के पास डिजिटल और स्टार स्पोर्ट्स के पास टेलीविजन के राइट हैं। डिज्नी स्टार ने भारतीय महाद्वीप के राइट्स को 23,575 करोड़ रुपए में खरीदा था। वहीं वायकॉम 18 (जियो सिनेमा) ने भारतीय महाद्वीप के डिजिटल राइट्स को 20,500 करोड़ रुपए में और चुनिंदा 98 मैचों के नॉन एक्सक्लूसिव डिजिटल राइट्स को 3,258 करोड़ रुपए में खरीद था। जियो आईपीएल के मैच फ्री में दिखा रहा है।

डिप्रेशन से डरें नहीं

जिंदगी हमें तरह-तरह के रंग दिखाती है। इसमें हमें कभी खुशियों की सौगात मिलती है, तो कभी दुख का अहसास भी होता है। कई बार हमारे जीवन का दुख काफी लंबा हो जाता है जो, डिप्रेशन यानी अवसाद का कारण बन सकता है। यह जीवन पर पडने वाला ऐसा काला साया है, जिससे जीवन के प्रति रुचि खत्म होने लगती है और दिन-प्रतिदिन के कामकाज से भी मन उचट जाता है, लेकिन अब इस मनोरोग से छुटकारा संभव है... डिप्रेशन के कई कारण हो सकते हैं। किसी व्यक्ति के निजी जीवन से जुड़ी कई बातें भी डिप्रेशन केलिए जिम्मेदार होती हैं। जैसे हमारे जीवन में आने वाले महत्वपूर्ण पड़ाव जिसमें किसी प्रियजन का बिछडऩा, नौकरी का छूट जाना, विवाह संबंधों में टूटन, शिक्षा के क्षेत्र में असफलता और इस तरह की अन्य समस्याएं अवसाद का कारण बनती हैं। इसके अलावा जीवन के प्रति नकारात्मक सोच रखने वाले लोग अवसाद या डिप्रेशन से कहीं ज्यादा ग्रस्त होते हैं। जैसे वे सोचते हैं कि मैं सफल नहीं होऊंगा, इसलिए यह कार्य नहीं कर सकता या फिर कई लोगों के मन में हमेशा कुछ न कुछ अनहोनी का डर बना रहता है जिससे उनके अवसाद में जाने का खतरा बना रहता है। कुछ समस्याएं ऐसी हैं, जिनके कारण व्यक्ति अवसाद में जा सकता है। जैसे थायराइड से संबंधित बीमारियां, विटामिन डी की कमी और पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक समस्याएं आदि। कुछ दवाओं के साइड इफेक्ट्स के कारण भी व्यक्ति डिप्रेशन की स्थिति में पहुंच सकता है।

उदासी या एकाकीपन

अगर व्यक्ति डिप्रेशन या अवसाद से ग्रस्त है, तो उसका किसी काम या विषय में मन नहीं लगता। हालांकि सामान्य उदासी अवसादग्रस्त उदासी से बिल्कुल भिन्न है। अवसादग्रस्त व्यक्ति की विभिन्न वस्तुओं या विषयों से रुचि खत्म हो जाती है, उसे खुशी या गम का अहसास नहीं होता। वह अपनी ही दुनिया में खोया रहता है।

नकारात्मक रवैया: किसी भी तरह की सकारात्मक सोच पर ये लोग ध्यान नहीं देते। ऐसे व्यक्ति पर नकारात्मक सोच हावी रहती है।

शारीरिक अस्थिरता

अगर व्यक्ति अवसादग्रस्त है, तो उसे या तो अत्यधिक नींद आती है या फिर नींद कम आती है। कई बार आधी रात को ही नींद खुल जाती है। अवसादग्रस्त व्यक्ति को भूख कम लगती है और उसका स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है। अवसाद आनुवांशिक कारणों से भी संभव है। अवसाद किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकता है। अवसाद के भी विभिन्न स्तर हैं, जो इस प्रकार हैं- मेजर, क्रॉनिक, मैनिएक और अन्य प्रकार के अवसाद।

मेजर डिप्रेशन

एक गंभीर समस्या डिप्रेशन का सबसे सामान्य रूप है- मेजर डिप्रेशन। इसके कुछ लक्षण इस प्रकार हैं...

- पीड़ित व्यक्ति अत्यधिक दुख, हताशा, ऊर्जा की कमी और चिड़चिड़ापन महसूस करता है।
- किसी काम में ध्यान न लगना। नींद और खाने की आदतों में परिवर्तन।
- शारीरिक दर्द और आत्महत्या जैसे विचारों का अहसास।

इलाज: मेजर डिप्रेशन से पीड़ित व्यक्ति कम से कम दो हफ्ते से ज्यादा समय तक अगर उपर्युक्त लक्षणों से ग्रस्त हैं, तो उसके परिजनों को मनोचिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। अच्छी बात यह है कि मेजर डिप्रेशन की चपेट में आने वाले 80 से 90 प्रतिशत व्यक्ति उचित इलाज से ठीक हो जाते हैं। इलाज के अंतर्गत दवाएं और मरीज के साथ ही उसके परिजनों की काउंसलिंग की जाती है। इसके अलावा पीड़ित व्यक्ति को कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी (मरीज के सोचने के ढंग को बदलने के लिए प्रेरित करना) भी दी जाती है।

बाइपोलर डिसऑर्डर

बाइपोलर डिसऑर्डर को मैनिएक डिप्रेशन भी कहा जाता है, जो मानसिक चंचलता और मानसिक दिक्कतों का कारण बनता है। जब व्यक्ति अवसादग्रस्त होता है, तब वह दुखी या हताश महसूस करता है और किसी भी क्रियाकलाप के प्रति दिलचस्पी खो देता है, लेकिन जब उसका मूड दूसरी दिशा में शिफ्ट होता है, तब वह ऊर्जा से भरपूर और उल्लासमय नजर आता है। मूड का इस तरह बदलना जीवन में कई बार हो सकता है। कुछ लोगों में यह बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। **इलाज:** विशेषज्ञ की सलाह पर ट्रीटमेंट लेना आवश्यक है। ज्यादातर मामलों में बाइपोलर डिसऑर्डर को दवाओं और काउंसलिंग के जरिएनियंत्रित किया जा सकता है।

अल्जाइमर से भूली बातें वापस आ सकती हैं याद

अल्जाइमर के कारण लोग बातें भूल जाते हैं। उन्हें याद दिलाना जटिल काम है। लेकिन नोबेल पुरस्कार से सम्मानित सुसुमु तोनेगावा ने अपने नए शोध के आधार पर पाया है कि दिमाग के एक खास हिस्से में नीली रोशनी डालने से याददाश्त वापस लाई जा सकती है। जापानी वैज्ञानिक सुसुमु को जेनेटिक मैकेनिज्म में उनकी खोज के लिए 1987 में मेडिसिन में नोबेल पुरस्कार मिला था। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। वे मोल्येकुलर (आणविक) जीवविज्ञानी हैं। लेकिन उन्हें इम्यूनोलॉजी (रोगक्षमता विज्ञान) में काम के लिए नोबेल पुरस्कार मिला। अब वे न्यूरोसाइंस (तंत्रिका विज्ञान) के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। सुसुमु की टीम ने अभी चूहे तक ही प्रयोग किया है और वे सफल रहे हैं। उनका कहना है कि याददाश्त के मामले में चूहे और आदमी में एक समान चीजें पाई जाती हैं इसलिए यह संभावना बनी है। अल्जाइमर के शुरुआती स्टेज में तो इसकी संभावना ज्यादा है कि याददाश्त वापस लाई जाए। इस प्रयोग के बारे में 'नेचर' जर्नल में इस टीम का लेख छपा है।

कैसे किया

इसके लिए चूहे में जेनेटिक बदलाव लाया गया ताकि उसके दिमाग में उस तरह की स्थिति लाई जा सके जो अल्जाइमर की शुरुआत में होती हैं। ऐसे कई चूहों को एक बक्से में रखा गया जिसके पेंदे में काफी कम स्तर का बिजली का करेंट दिया गया। यह उनके लिए असुविधाजनक तो था लेकिन खतरनाक नहीं था। इसका मकसद उनके पैरों को शॉक ट्रीटमेंट देना था। थोड़े दिनों बाद दिमाग की स्कैनिंग से लगा कि वे कुछ बातें भूल गए हो सकते हैं। फिर, उन चूहों के सिर के एक खास हिस्से को लेजर से नीली रोशनी डालकर उत्तेजित किया गया। इस हिस्से को 'एनग्राम सेल्स' कहते हैं। इससे उन्हें उस शॉक की याद आने लगी।

क्या संभावनाएं हैं

सामान्य चूहे पर भी इसी तरह के प्रयोग किए गए। इसका मकसद यह देखना था कि उनके दिमाग पर वही असर होता है या वे सामान्य तरीके से व्यवहार करते हैं। सामान्य तरीके का व्यवहार पाए जाने के बाद यह पाया गया कि अल्जाइमर का इस तरह इलाज किया जाना संभव है। चूंकि इसमें ऑप्टिकल (प्रकाशीय) तरीके का इस्तेमाल किया जा रहा है इसलिए इसे ऑप्टोजेनेटिक्स नाम दिया गया है। आने वाले दिनों में इस तरह के प्रयोग लोगों पर भी किए जाएंगे।

चेहरे के अनचाहे बालों से ऐसे पाएं छुटकारा

चेहरे के अनचाहे बाल खूबसूरती में दाग की तरह होते हैं, इनके कारण आपको परेशानी हो सकती है। चेहरे के इन बालों को हटाने के लिए आप कई कोशिशें करते हैं लेकिन फिर से ये बाल आपके चेहरे पर उग जाते हैं। अनचाहे बाल किसी शारीरिक कमी के कारण नहीं बल्कि हार्मोंस असंतुलन के कारण आते हैं। अगर आपके चेहरे पर भी अनचाहे बाल हैं तो इसके लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है, बल्कि कुछ आसान तरीकों को आजमाकर आप इन से आसानी से छुटकारा पा सकते हैं।

वैक्सिंग के जरिए

यह चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने का बहुत ही आसान तरीका है, इसका प्रयोग आसानी से किया जा सकता है। वैक्सिंग के द्वारा चेहरे के किसी भी हिस्से में मौजूद बालों को हटाया जा सकता है। इससे अनचाहे बाल पूरी तरह साफ हो जाते हैं और आपके चेहरे की त्वचा मुलायम हो जाती है। चेहरे के बाल हटाने के लिए कटोरी वैक्सिंग की जाती है। वैक्सिंग के बाद बाल लंबे समय तक दोबारा नहीं आते, क्योंकि यह चेहरे की त्वचा के अंदर जड़ों से बालों को निकालता है।

ब्लीचिंग के द्वारा

अगर आपके चेहरे और कनपटियों के आसपास हल्के-हल्के रोएं दिखाई देते हैं तो उन्हें छिपाने के लिए ब्लीचिंग कर सकती हैं। लेकिन ब्लीचिंग करने से पहले अपनी त्वचा के प्रकार को ध्यान में रखें, यह भी देख लीजिए कि क्या यह आपकी त्वचा को सूट भी कर रहा है या नहीं। इसके लिए तैयार की हुई ब्लीच को अपनी हथेली पर लगाकर देखिए, इसके बाद ही इसका प्रयोग करें। ब्लीचिंग करने से पहले एक बात और ध्यान रखें यह रोएं हटाने का स्थाई उपचार नहीं है बल्कि यह तरीका आपको समय-समय पर दोहराना पड़ेगा।

थ्रेडिंग और ट्वीजिंग से

चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के लिए थ्रेडिंग और ट्वीजिंग का प्रयोग कीजिए। चेहरे के अनचाहे बाल ज्यादातर अनचाहे बाल ठोड़ी, होंठों के उपर और कपोल पर ही होते हैं। थ्रेडिंग के जरिए चेहरे के अनचाहे बालों से छुटकारा मिल सकता है। ये भी यह वैक्सिंग की तरह अनचाहे बालों को बढ़ने से रोकती है। आईब्रो को सही आकार देने के लिए भी थ्रेडिंग की जाती है। इन बालों को कैंची से नहीं काटना चाहिए क्योंकि यह स्थाई उपचार नहीं हैं। ठोड़ी पर आए अनचाहे बालों को आप प्लकिंग करके भी निकाल सकते हैं, इसके लिए आइब्रो-ट्वीजर चिमटी का प्रयोग बेहतर माना जाता है।

हेयर रिमूविंग क्रीम

चेहरे के बालों को हटाने के लिए हेयर रिमूवर क्रीम का प्रयोग कीजिए। इससे अनचाहे बालों को हटाने में कोई दर्द नहीं होता और न ही ज्यादा समय लगता है। लेकिन इसका प्रयोग करने का सबसे ज्यादा नुकसान यह है कि इससे अनचाहे बाल दोबारा जल्दी उग आते हैं। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि हेयर रिमूवर क्रीम का इस्तेमाल कभी भी अपने चेहरे पर न करें।

इलेक्ट्रोलिसिस

होंठों के ऊपर आने वाले बालों के लिए प्लकिंग न करते हुए इलेक्ट्रोलिसिस का प्रयोग अच्छा माना जाता है। हालांकि इस तकनीक से आप शरीर के अन्य हिस्सों के बाल भी हटा सकते हैं। इलेक्ट्रोलिसिस के दौरान बिजली के हल्के करंट का प्रयोग किया जाता हैं। लेकिन इस तकनीक के प्रयोग के लिए आपको कुछ हफ्तों तक इसका प्रयोग करना आवश्यक है तभी आप स्थाई रूप से अनचाहे बालों से मुक्ति मिल सकती है।

लेजर तकनीक

लेजर से चेहरे के अनचाहे बालों को स्थाई रूप से हटाया जा सकता है क्योंकि लेजर से बालों को हमेशा के लिए जड़ से खत्म किया जाता है। लेजर की किरणों को बालों की जड़ पर केंद्रित किया जाता है, जिससे बाल हमेशा के लिए नष्ट हो जाते हैं। इसमें लगभग सात से 8 सिटिंग्स लगती हैं।

इसके अलावा चेहरे के बालों को हटाने के लिए आप घरेलू नुस्खों का प्रयोग कर सकते हैं। लेकिन कोई भी तरीका आजमाने से पहले अपने चेहरे की संवेदनशीलता को जरूर मापें। अगर किसी प्रकार की समस्या हो तो त्वचा रोग विशेषज्ञ से सलाह लें।

बौनेपन का इलाज संभव

बौनापन भी अब लाइलाज नहीं रहा। ग्रोथ हार्मोन इंजेक्शन लगाकर इसका ट्रीटमेंट संभव है... जब लंबाई 147 सेमी. से कम हो तो उसे बौना व्यक्ति कहा जाता है। लेकिन हर बौने व्यक्ति के शरीर के लक्षण एक-दूसरे से भिन्न होते हैं। बौने व्यक्ति के शरीर के सभी भागों की लंबाई, असंगत (डिस्प्रपोशनेट) होती है, हाथ लंबे होते हैं, पैर छोटे होते, पैर बड़े हो तो हाथ छोटे होते हैं। पेट व छाती की बनावट भिन्न होती है। इस तरह की बनावट में शरीर के अंगों में सामंजस्यता नहीं पाई जाती है। संगत (प्रपोशनेट) बौनापन में शरीर के सभी अंग सामान्य से छोटे होते हैं।

बौनेपन के प्रकार

शरीर के अंगों की लम्बाई व बनावट के आधार पर इनका वर्गीकरण निम्न वर्गों में किया गया है।

- **रोजोमेलिक:** इस तरह के बौने व्यक्तियों में बाजू और जांघ बहुत छोटे होते हैं। बाकी शरीर सामान्य होता है।
- **मिजोमेलिक:** इनमें बाजू के अग्र भाग और पैरों की लम्बाई सामान्य से बहुत कम होती है। बाकी शरीर सामान्य होता है।
- **एक्रोमेलिक:** जब पैर व हाथ दोनों ही बहुत ज्यादा छोटे होते हैं बाकि शरीर की लम्बाई सामान्य होती है।
- **माइक्रोमेलिक:** जब हाथ व पैरों की लम्बाई सामान्य से बहुत कम होती है।

कारण: शरीर से जुड़ी 300 तरह की बीमारियों में से कोई एक बौनेपन का कारण होती है लेकिन इससे ग्रसित 70 प्रतिशत व्यक्तियों में बौनेपन की वजह पीयूष ग्रंथि द्वारा स्त्रावित ग्रोथ हार्मोन का न बनना होता है। दूसरा मुख्य कारण जिसे एकोण्ड्रोप्लेजिया कहते हैं इसमें शरीर के जोड़ों में असमानता व लचीलापन होता है। यह समस्या आनुवांशिक होती है। इसमें एफजीएफआर-3 नामक जीन में बदलाव से हड्डियों की वृद्धि नहीं होने के कारण बौनापन हो जाता है।

उपचार: एक साल की उम्र तक बच्चे का उचित विकास न हो तो माता-पिता को एंडोक्रायोनोलॉजिस्ट या न्यूरोसर्जन से संपर्क करें। विशेषज्ञ बच्चे को तीन साल तक ऑब्जर्वेशन में रखने के बाद बौनेपन के बारे में निर्णय लेते हैं। 5-7 साल की उम्र में ग्रोथ हार्मोन इंजेक्शन लगाए जाते हैं। हर तीन माह में रक्त जांच करके हार्मोस वृद्धि का पता लगाया जाता है। यदि नतीजे पॉजिटिव होते हैं तो दोबारा इंजेक्शन लगाया जाता है। यह प्रक्रिया 13-15 साल की उम्र तक चलती है। रक्त में ग्रोथ हार्मोन की सामान्य मात्रा औसतन 4-17 माइक्रोमिलिलीटर होनी चाहिए। यदि इस हार्मोन की कमी होती है तो विशेषज्ञ की देखरेख में समय-समय पर ग्रोथ हार्मोन के इंजेक्शन देकर खून में इसके स्तर को सामान्य रखने का प्रयास किया जाता है।

निदान व जांच

बौनेपन की पहचान बाल्यावस्था में बच्चे के विकास की गति और लक्षणों से की जा सकती है। जब बच्चे की लम्बाई उम्र के अनुसार न होकर बहुत ही धीमी गति से हो तो यह भी बौनेपन का एक लक्षण हो सकता है। वर्तमान में विभिन्न जांचों में मुख्य रूप से खून में ग्रोथ हार्मोन के स्तर की जांच प्रारंभिक अवस्था में करने पर यह तय किया जा सकता है कि कहीं इसकी कमी के कारण बच्चा भविष्य में बौनेपन का शिकार तो नहीं हो जाएगा? यदि रक्त में इसका स्तर सामान्य पाया जाए और यदि बच्चे में वंशानुगत जांच एफजीएफआर-3 जीन में त्रुटि पाई जाए तो बाल्यावस्था में ही बौनेपन की बीमारी को पहचाना जा सकता है। बच्चे के शरीर के सभी जोड़ों के एक्स-रे व एमआरआई से प्रारम्भिक अवस्था में ही बौनेपन की पहचान की जा सकती है। यदि बच्चे की लम्बाई कम है और जांच में कोई बीमारी न मिले तो उसे बौनापन नहीं कहकर छोटे कद का व्यक्ति कहा जाता है।

दूर होगी अनिद्रा की शिकायत

एक बार अकबर ने बीरबल से पूछा कि इस दुनिया में सबसे प्यारी चीज क्या है? बीरबल ने जवाब दिया- नींद। जीने के लिए खाना जितना जरूरी है उतनी ही नींद भी। रिसर्च के अनुसार इंसान 12-15 दिन तक बिना खाये रह सकता है लेकिन बिना सोए छः दिन से ज्यादा नहीं रह सकता। तो ऐसे में नींद की जरूरत को समझा जा सकता है। शहरीकरण का सबसे ज्यादा नुकसान इंसान को अपनी नींद खोकर चुकाना पड़ा है। आज अधिक से अधिक शारीरिक और मानसिक मेहनत कर लेने के बावजूद अनिद्रा की समस्या के मामले बढ़ रहे हैं।

इनसोमनिया डिसऑर्डर: इंसान में कई तरह के स्लीपिंग डिसऑर्डर पाए जाते हैं। उनमें इनसोमनिया डिसऑर्डर सबसे ज्यादा होने वाली बीमारी है। इस बीमारी में मरीज रात को बिस्तर में लेटने के बाद भी जगे रहता है। पूरी कोशिश के बाद भी मरीज को नींद नहीं आती और वह बिस्तर पर लेटकर करवटें बदलता रहता है। विशेषज्ञों के अनुसार 18 से 40 वर्ष तक के आयु वाले हर इंसान को 6 घंटे की नींद जरूरी होती है। लेकिन आज देर रात तक जागकर काम करने को लोगों ने क्रिएटिविटी का नाम दिया है। रात तक जागकर काम करने से एक समय के बाद अनिद्रा की शिकायत होना आम समस्या बन जाती है। ऐसे में एक समय के बाद रात को नींद नहीं आती।

4-7-8 ब्रीथिंग ट्रिक: गीता पिछले कई दिनों से रातों को सो नहीं पा रही थी। उसने जब एक सप्ताह रातों को करवटें बदलकर काटे तो उसने विशेषज्ञ से परामर्श लेने के बारे में सोचा। गीता ने जब अपने फैमिली डॉक्टर से इस समस्या के बारे में बताया तो उन्होंने गीता को 4-7-8 ब्रीथिंग ट्रिक की सलाह दी। सबसे आश्चर्य की बात है की ये ट्रिक गीता के लिए फायदेमंद साबित हुई।

ये ट्रिक है क्या?: इस ट्रिक की खोज हार्वर्ड से पढ़े डॉ एंड्रयू वेल ने की, जिन्होंने मेडिटेशन, ब्रिथिंग और तनाव मुक्त करने पर स्टडी की है। यह ट्रिक करने में काफी आसान है और इसे करने में मुश्किल से एक मिनट से भी कम समय लगता है। नाक से चार सकेंड तक के लिए सांस लें, सात सकेंड तक इसे रोक कर रखें, और आठ सकेंड तक इसे छोड़ते रहें। इससे हार्टबीट स्लो होती है और ब्रेन में एक केमीकल रीलिज होता है जिससे हमें आराम मिलता है। जब हम तनाव में होते हैं तो एंडोक्राइन सिस्टम एड्रेनल ग्लैंड से एड्रेनालाइन रीलिज करता है। इससे हार्टबीट बढ़ती है और शरीर में तनाव पैदा होता है। इस ब्रीथिंग ट्रिक के जरिये जो केमीकल रीलिज होता है वो एड्रेनालाइन का काउंटरएक्ट होता है जो हार्टबीट को धीरे करता है। शुरुआत में ये ट्रिक थोड़ी अनकम्फर्टेबल लगती है। लेकिन लगातार उपयोग से आपके शरीर और दिमाग दोनों को आराम मिलता है।

इस तकनीक को आजमाने के बाद भी अगर आपकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है तो चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**